@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 354 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## अगले साल हो सकती है भारत में जनगणना

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। देश में जनगणना अब 2025 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। इस बार जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे। जिससे भविष्य में जनगणना का चक्र पूरी तरह बदल जाएगा। हालांकि, जाति जनगणना को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। जनगणना 1951 से प्रत्येक दस साल के अंतराल पर की जाती थी। लेकिन 2021 में कोरोना महामारी के कारण जनगणना टल गई थी। इसके अलावा, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है। अभी तक जनगणना की नई तारीख का आधिकारिक तौर पर एलान नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया, जनगणना और एनपीआर को अपडेट करने का काम अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है और जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे। इससे भविष्य में जनगणना का चक्र बदल जाएगा, जैसे 2025-2035 और फिर 2035 से 2045। महा पंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) और जनगणना आयुक्त के कार्यालय ने जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले 31 सवाल तैयार किए हैं। इनमें क्या परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित है और परिवार में कितने लोग रहते है जैसे सवाल शामिल हैं। विपक्षी कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद ) जैसी सियासी पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, ताकि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल संख्या का पता चल सके। एक सूत्र ने कहा कि सरकार ने अभी तक जाति जनगणना पर कोई फैसला नहीं लिया है। इसके अलावा, अभी यह भी तय नहीं है कि क्या सरकार जनगणना के आंकड़े जारी होने के बाद 2026 में होने वाले परिसीमन के काम को आगे बढ़ाएगी। दक्षिणी राज्यों के कई राजनेताओं की चिंता है कि परिसीमन से उनके राज्यों की लोकसभा में सीटें कम हो सकती हैं और उनकी राजनीतिक ताकत कम हो सकती है, क्योंकि वे जनसंख्या नियंत्रण में सफल रहे हैं। जबकि, उत्तरी राज्यों में ऐसा नहीं है। दूसरी ओर, संविधान का अनुच्छेद 82 कहता है कि जब तक 2026 के बाद पहली जनगणना के आकंड़े जारी नहीं होते, तब तक लोकसभा में राज्यों के लिए सीटों का आवंटन 1971 की जनगणना के आधार पर फिर से नहीं किया जाएगा।

# पीएम मोदी ने टाटा प्लांट का किया उद्घाटन

**सिम्मी कौर बब्बर**

वडोदरा, 28 अक्टूबर। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पेन के प्रधानमंत्री सांचेज (स्पेन के शासनाध्यक्ष) के साथ वडोदरा में ष्ट295 विमान के फाइनल असेंबली लाइन प्लांट का उद्घाटन किया। यह विमानन क्षेत्र में मेक इन इंडिया अभियान के तहत प्रमुख पहल है। पेड्रो सांचेज तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार की सुबह गुजरात के वडोदरा पहुंचे। वडोदरा में वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत करेंगे। स्पेन के प्रधानमंत्री के भारत दौरे पर विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में बधाई देते हुए लिखा कि भारत में आपका स्वागत है। विदेश मंत्रालय ने कहा, स्पेन सरकार के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज वडोदरा पहुंचे, जो 18 वर्षों में किसी स्पेनिश राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा है। भारत-स्पेन संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए यह आधिकारिक यात्रा अहम है। वडोदरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने राष्ट्रपति सांचेज का स्वागत किया। स्पेन के राष्ट्रपति सांचेज ने आज प्रधानमंत्री मोदी के साथ वडोदरा में ष्ट295 विमान के फाइनल असेंबली लाइन प्लांट का उद्घाटन किया, जो विमानन क्षेत्र में मेक इन इंडिया अभियान के तहत प्रमुख पहल है। इस प्लांट की स्थापना टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने एयरबस स्पेन के साथ मिलकर की है। स्पेन के प्रधानमंत्री के वडोदरा दौरे के लिए शहर को खूबसूरत रोशनी से सजाया गया है। यह राष्ट्रपति सांचेज़ की भारत की पहली यात्रा है, जो 18 साल बाद हो रही है। प्रधानमंत्री सांचेज मुंबई भी जाएंगे, जहां आधिकारिक कार्यक्रमों के अलावा, वे व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं, थिंक टैंक और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों से बातचीत करेंगे। वे स्पेन-इंडिया काउंसिल फाउंडेशन और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित चौथे स्पेन इंडिया फोरम को संबोधित करेंगे।



स्पेनिश प्रधानमंत्री प्रमुख फिल्म स्टूडियो का भी दौरा करेंगे, जहां वे भारतीय फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियों से बातचीत करेंगे, ताकि भारतीय और स्पेनिश मीडिया और मनोरंजन उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। पेड्रो सांचेज की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री सांचेज की यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने तथा व्यापार और निवेश, आईटी, नवाचार, बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा, फार्मा, कृषि-तकनीक और जैव प्रौद्योगिकी, संस्कृति और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करने का अवसर होगा। प्रधानमंत्री मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ के कल के दौरे से पहले वडोदरा को सजाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ मिलकर रोड शो किया। दोनों नेता थोड़ी देर में टाटा के सी295 विमान निर्माण के प्लांट का उद्घाटन करेंगे। टाटा ने स्पेन के सहयोग से इस प्लांट का निर्माण किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (ञ्जस्) परिसर में ष्ट-295 विमान निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। ष्ट-295 कार्यक्रम के तहत कुल 56 विमान बनने हैं, जिनमें से 16 स्पेन से सीधे एयरबस द्वारा डिलीवर किए जा रहे हैं और शेष 40 भारत में बनाए जाने हैं। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड इन 40 विमानों को भारत में बनाएगी। यह सुविधा भारत में सैन्य विमानों के लिए निजी क्षेत्र की पहली फाइनल असेंबली लाइन (स्न्नरु) होगी।

# शिंदे ने कोपरी-पचपाखड़ी और अजित ने बारामती से भरा नामांकन

**नरेश मल्होत्रा**

मुंबई, 28 अक्टूबर। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के साथ ही देश भर में 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और दो राज्यों की दो लोकसभा सीटों पर भी उपचुनाव को लेकर इस दिनों देश की सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। महाराष्ट्र में एक चरण तो झारखंड में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होना है। झारखंड में पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है तो वहीं झारखंड में दूसरे चरण के लिए 29 अक्तूबर तक उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। महाराष्ट्र में भी नामांकन दाखिल करने की यही तिथि है। आइये जानते हैं कि उपचुनाव और विधानसभा चुनाव को लेकर देश में क्या चल रहा है... भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, 1951 में मुसलमानों की आबादी नौ प्रतिशत थी, आज यह 24 प्रतिशत है। पूरे देश में मुसलमानों की संख्या चार प्रतिशत बढ़ी है और हमारे संथाल परगना में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, ये 11 प्रतिशत बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं और झारखंड की सरकार इसे स्वीकार कर रही है। वोट बैंक की राजनीति के कारण न तो कांग्रेस और न ही झारखंड मुक्ति मोर्चा को आदिवासियों की चिंता है। जब तक एनआरसी लागू नहीं होता या जब तक बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस नहीं भेजा जाता, भारतीय जनता पार्टी चैन से नहीं बैठेगी, यह चुनाव का मुद्दा नहीं है, यह राष्ट्रीय मुद्दा है। भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद अशोक चव्हाण के बयान पर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा, दिल्ली से कोई साजिश करने की जरूरत नहीं है। वह हताश है। उन्हें अपनी गलती का खुद अहसास हुआ है। पार्टी छोड़ने के बाद जिस तरह से उन्हें चुनाव लड़ना पड़ा, नांदेड़ का नेतृत्व ही उनके लिए काफी होगा। शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा, आदित्य ठाकरे के पास दिखाने के लिए पांच साल का इतिहास है, जो काम उन्होंने पिछले पांच वर्षों में वर्ली के लिए किए हैं।



आपको काम का क्या इतिहास दिखाना है? मिलिंद जी (मिलिंद देवड़ा), आप 2014 का लोकसभा हार गए, 2019 का लोकसभा हार गए और पुनर्वास के लिए राजनीति से पूरी तरह गायब हो गए। फिर आपने पिछले दरवाजे से राज्यसभा का रास्ता अपनाया। अब जब एकनाथ शिंदे की तथाकथित शिवसेना को कोई उम्मीदवार नहीं मिला, जिसके सिर पर हार का दोष लगाया जाए तो काफी सोच समझकर और मंथन के बाद आपको आगे लाया गया। संदीप देशपांडे को अकेले खुद को बदनाम क्यों करना चाहिए, दो एक से बेहतर हैं। अब आदित्य ठाकरे संदीप देशपांडे और मिलिंद देवड़ा दोनों को हराएंगे और फिर मंत्री बनेंगे। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी प्रमुख अजित पवार अपने आवास से बाहर निकल गए। वह आज बारामती विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उनके भतीजे युजवेंद्र पवार बारामती विधानसभा सीट से एनसीपी-एसपी के उम्मीदवार हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने कहा, 30 साल से यहां के सभी विकास कार्य दादा (अजित पवार) द्वारा किए गए हैं। लोगों ने 90 के दशक से पहले और 90 के दशक के बाद भी विकास देखा है। जाहिर सी बात है कि लोग दादा को चुनेंगे। यह एक भावनात्मक मुद्दा था कि लोकसभा में क्या हुआ और इसलिए, इससे उन्हें (विपक्ष) फायदा हुआ लेकिन यह फिर से नहीं होगा। लोग अब व्यावहारिकता पर विचार कर रहे हैं। बारामती से एनसीपी-एसपी के उम्मीदवार युजवेंद्र पवार के बारे में उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि लोकसभा में उन्हें जो सहानुभूति मिली थी, वह जारी रहेगी। लोकसभा की राजनीति अलग है और विधानसभा की राजनीति अलग है। अजित पवार ने बारामती से नामांकन दाखिल किया। उन्होंने इसके बाद पत्रकारों से कहा, हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। जब भी मेरे खिलाफ कोई उम्मीदवार उतारा जाता है तो मैं उन्हें एक मजबूत उम्मीदवार के रूप में लेता हूं और उसके अनुसार प्रचार करता हूं। इस बार भी बारामती के लोग मुझे चुनेंगे और मुझे उन पर भरोसा है। महाराष्ट्र के सीएम और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे आज महाराष्ट्र चुनाव 2024 के लिए कोपरी-पचपाखड़ी विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

## लोगों को डराकर बैंक खाते खाली कर रहे साइबर ठग

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। कभी डिजिटल अरेस्ट तो कभी निवेश और जॉब के नाम पर ठगी। आए दिन हजारों लोग जालसाजों की बातों में आकर अपनी मेहनत की कमाई गवां रहे हैं। लोगों के डराकर बैंक खाते खाली कर रहे इन साइबर ठगों से अगर आप बचना चाहते हैं और इनको मात देना चाहते हैं तो हम कुछ ऐसे तरीके आपको बताने जा रहे हैं, जो आपके बेहद काम आएंगे। देश में बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें हर तरह के साइबर धोखे से बचने के उपाय बताए गए हैं। आइए जानते हैं कि कैसे हम साइबर क्राइम का मुकाबला कर सकते हैं...। आजकल डिजिटल अरेस्ट बेहद प्रचलन में है और हजारों लोग इसके शिकार हो चुके हैं। लोगों को जालसाज फोन करके कहते हैं कि वे चोरी या मनी लॉड्रिंग मामले में फंस गए हैं। उनकी ऑनलाइन पेशी होगी। जब लोग डर जाते हैं तो उनसे रकम मांगी जाती है। साइबर सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक जब भी ऐसा कोई फोन या ईमेल आए तो ध्यान दें कि सरकारी एजेंसियां कभी भी ऐसे प्लेटफार्म का उपयोग नहीं करती हैं। सबसे पहले संबंधित एजेंसी से सीधे संपर्क करके उनकी पहचान सत्यापित करें। घबराएं नहीं, क्योंकि जालसाज लोगों के डर का ही फायदा उठाते हैं। खुद को शांत रखें और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें। दबाव में पैसे भेजने से बचें, क्योंकि कानूनी एजेंसियां तुरंत पैसे भेजने के लिए कभी भी दबाव नहीं डालती हैं। इस घोटाले में जालसाज ऐसे ईमेल और मेसेज बनाते हैं जो वैध लगते हैं। वह अक्सर बड़े ब्रांड के लोगो और ब्रांड का उपयोग करके लोगों को मेसेज करते हैं कि लॉटरी और पुरस्कार के तौर पर उन्होंने बड़ी राशि जीती है। इसके बाद पुरस्कार का दावा करने के लिए उन्हें प्रोसेसिंग शुल्क और करों का भुगतान करने के लिए कहा जाता है।

## नीतियों को बनाने में जनता की भागीदारी आवश्यक: ओम बिरला

**कौमी संवाददाता**

भुवनेश्वर, 28 अक्टूबर। भारत में कानून व्यवस्था की बेहतरी को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में कानून और सार्वजनिक नीतियों के निर्माण में जनता की अधिक भागीदारी की आवश्यकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि जब भी कोई नया कानून सार्वजनिक डोमेन में रखा जाए तो वे अपने विचार और सुझाव व्यक्त करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर अपना विचार व्यक्त करने से एक बार लागू किए गए कानून का लोगों, राज्य और पूरे देश पर लंबे समय तक प्रभाव पड़ता है। बता दें कि एक दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंचे बिरला ने रविवार को यहां रामा फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक बैठक में भी भाग लिया। जानकारी के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने




ओडिशा दौरा के दौरान यहां केआईआईटी स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी का उद्घाटन करने आएं थे। जहां उन्होंने कहा कि हालांकि कानून और नीतियों के निर्माण में जनता की भागीदारी है, लेकिन मुझे लगता है कि यह अपर्याप्त है और इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने नागरिक-केंद्रित नीतियों की वकालत की, जिसमें सभी हितधारकों को शामिल किया जाए, समान अधिकार सुनिश्चित किए जाएं और लोगों के प्रति जवाबदेह हों। स्कूल के उद्घाटन के दौरान ओम बिरला ने शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, न्यायाधीशों और छात्रों के दर्शकों को संबोधित किया। जहां उन्होंने देश के भविष्य को आकार देने में सार्वजनिक नीति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सार्वजनिक नीतियों को इस तरह से तैयार किया जाना चाहिए कि समाज के सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों का लोकतंत्र में दृढ़ विश्वास है। जिन लोगों ने लोकतंत्र पर हमला करने का प्रयास किया उन्होंने जनता का विश्वास खो दिया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आगे लोकतंत्र की कार्य प्रणाली को लेकर कहा कि लोकतंत्र हमारे कामों और कार्य प्रणाली में है और हम सभी एकजुट होकर चुनौतियों का मुकाबला करते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान हमने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई। इसके साथ ही बिरला ने कहा भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसकी विविधता इसकी ताकत है। एक अच्छी तरह से तैयार की गई सार्वजनिक नीति एक मजबूत राष्ट्र की नींव है। उन्होंने कहा कि दुनिया अब वसुधैव कुटुम्बकम या दुनिया एक परिवार है के सिद्धांत पर आधारित शांति को बढ़ावा देने वाली नीतियों के लिए भारत की ओर देख रही है।

## रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को केंद्रीय बैंकर का पुरस्कार

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका की पत्रिका ग्लोबल फाइनेंस ने शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्हें विश्व स्तर पर शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया गया है। आरबीआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट मे कहा, गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में ए प्लस का पुरस्कार दिया गया है। ग्लोबल फाइनेंस द्वारा अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक कार्यक्रम में शक्तिकांत दास को यह सम्मान दिया गया। दास को तीन केंद्रीय बैंक गवर्नरों की सूची में शीर्ष पर रखा गया है, जिन्हें ए प्लस रेटिंग दी गई है। ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए श्रेणी ए से एफ के पैमाने पर रेटिंग दी गई। यहां ए शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है जबकि एफ पूरी तरह से विफलता को दर्शाता है। शक्तिकांत दास के अलावा डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन और स्विट्ज़रलैंड के थॉमस जॉर्डन को भी केंद्रीय बैंकरों की ए प्लस श्रेणी में स्थान दिया गया है। ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 2024 के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक भी घोषित किया है। वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के इतर आयोजित कार्यक्रम में अपने 31वें वार्षिक सर्वश्रेष्ठ बैंक पुरस्कार समारोह में ग्लोबल फाइनेंस ने 2024 के लिए एसबीआई को भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंक के पुरस्कार से सम्मानित किया।

# मायावती ने उठाया पुलिस हिरासत में मौत का मामला

**सौरभ शर्मा**

लखनऊ, 28 अक्टूबर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने लखनऊ के चिनहट में हिरासत में हुई मौत के मामले पर तल्ख टिप्पणी की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यूपी में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया और अगली सुबह एक की मौत हो गई। एक पखवाड़े में यूपी पुलिस की हिरासत में यह दूसरी मौत है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उनके बेटे की हत्या कर दी। यूपी हिरासत में होने वाली मौतों के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश में भाजपा ने ऐसा जंगलराज कायम किया है जहां पुलिस क्रूरता का पर्याय बन चुकी है। उन्होंने लिखा कि- जहां कानून के रखवाले ही जान ले रहे हों, वहां जनता न्याय की उम्मीद किससे करे? बसपा सुप्रीमो मायावती ने राजधानी में पुलिस हिरासत में मोहित पांडेय की मौत की घटना की निंदा करते हुए सरकार से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। एक्स के जरिए बसपा सुप्रीमो ने कहा कि इस घटना पर परिवार व जनता में आक्रोश होना स्वाभाविक है। ऐसे में सरकार उनको न्याय दिलाने के लिए प्रभावी व त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। मायावती ने महिलाओं पर बढ़ते अपराधिक घटनाओं पर भी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं




की सुरक्षा और आत्मसम्मान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। पुलिस अभिरक्षा में व्यापारी मोहित पांडेय (32) की मौत के मामले में रविवार दोपहर परिजनों ने फिर से विभूतिखंड स्थित मंत्री आवास के पास शव रखकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित परिजन और लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पुलिस की परिजनों से तीखी नोकझोंक भी हुई। बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला से मिले आश्वासन के बाद लोग शांत हुए और चले गए। दोपहर करीब 12ः30 बजे परिजन मोहित का शव लेकर मंत्री आवास पहुंच गए और शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी, एक करोड़ मुआवजे और मोहित की पत्नी सुषमा को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग करने लगे। सूचना पर एडीसीपी पूर्वी सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया तो उनकी परिजनों से नोकझोंक हो गई।

## सोलापुर दक्षिण सीट पर उम्मीदवार उतारने पर राउत की कांग्रेस को चेतावनी

मुंबई, 28 अक्टूबर। महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में सियासी घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस और उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के बीच तनातनी चल रही है। इस बीच, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने कांग्रेस को सोलापुर दक्षिण विधानसभा सीट से उम्मीदवार खड़ा करने को लेकर चेतावनी दी। दरअसल, इस सीट से शिवसेना (यूबीटी) पहले ही अपने उम्मीदवार की घोषणा कर चुकी है। राउत ने कहा कि अगर कांग्रेस इस सीट पर ऐसा कुछ करती है तो यह उकसाने का काम होगा और महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के लिए समस्याएं पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने अपनी नई सूची में सोलापुर दक्षिण सीट से अपने उम्मीदवार (दिलीप माणे) की घोषणा की है। यह तब हुआ है जब हम पहले ही अपना उम्मीदवार (अमर पाटिल) उतार चुके हैं। मैं इसे कांग्रेस द्वारा टाइपिंग की गलती मानता हूं। ऐसी गलती हमारी तरफ से भी हो सकती है। उन्होंने आगे कहा, मैंने सुना है कि स्थानीय कांग्रेस नेता मिराज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए उत्सुक हैं, जो हमारे सीट-बंटवारे के फॉर्मूले का हिस्सा है। अगर ऐसा संक्रमण (सहयोगियों के खिलाफ उम्मीदवार उतारने का) पूरे राज्य में फैलता है, तो यह एमवीए के लिए समस्याएं पैदा करेगा। कांग्रेस, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) विपक्षी एमवीए का हिस्सा हैं, जो सत्तारूढ़ महायुति को चुनौती दे रही है। कांग्रेस के मुंबई में ज्यादा सीटों पर लड़ने के इच्छुक होने के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा, पार्टी मुंबई में एक और सीट मांग रही है। परंपरागत रूप से, शिवसेना मुंबई में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ती रही है। मुंबई में पार्टी की जरूरत है, जिस तरह से कांग्रेस की विदर्भ क्षेत्र में जरूरत है। दूसरी ओर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने बताया था कि पार्टी आलाकमान ने सोलापुर दक्षिण सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

# वायनाड उपचुनाव से पहले प्रियंका ने किया रोड-शो

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

वायनाड, 28 अक्टूबर। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने अपनी चुनावी पारी का आगाज कर दिया है। उन्होंने 23 अक्तूबर को वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। गौरतलब है कि बीते लोकसभा चुनावों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत दर्ज की थी। हालांकि उन्होंने बाद में रायबरेली की सीट अपने पास बरकरार रखी और वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया। जिसके कारण अब इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस उपचुनाव से पहले प्रियंका गांधी ने चुनावी अभियान के तहत वायनाड में रोडशो किया। रोड के दौरान प्रियंका गांधी ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, देश में बेरोजगारी अबतक के उच्चतम स्तर पर है। माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन वे उनके लिए कोई भविष्य नहीं देखते हैं। आपके यहां खेलों का केंद्र है। मुझे मालूम है कि आपलोगों को सॉकर बहुत पसंद है, लेकिन यहां सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। उनमें सुधार की जरूरत हैं। सभी युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने की जरूरत है, जो अपने राज्य, अपने देश की तरफ से खेलने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। रैली में प्रियंका गांधी ने भाजपा नीत एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए के शासन में संविधान के मूल्यों को लगातार कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने दावा



किया कि सरकार की नीतियां आम लोगों के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्रों के पक्ष में बनाई जा रही हैं। इससे पहले प्रियंका गांधी ने वायनाड के लोगों के लिए एक चिट्ठी लिखी थी, जिसमें उन्होंने वहां के लोगों को अपना मार्गदर्शक और शिक्षक बताया है। उन्होंने कहा था, वायनाड के मेरे प्यारे भाइयों, बहनों आपके जनप्रतिनिधि के तौर पर मेरी इस यात्रा में आप लोग मेरे मार्गदर्शक और शिक्षक हैं। लोकतंत्र, न्याय, संविधान में प्रतिष्ठापित मूल्यों के लिए लड़ना मेरे जीवन का लक्ष्य है। यदि आप मुझे अपना सांसद बनाना चुनते हैं तो मैं आपकी बहुत आभारी रहूंगी। प्रियंका गांधी ने 23 अक्तूबर को वायनाड सीट से नामांकन दाखिल किया था। इस दौरान उनके साथ उनकी मां सोनिया गांधी, भाई राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई अन्य नेता मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने अपने भाई राहुल गांधी के साथ एक रोड-शो भी किया था। बता दें कि यह प्रियंका गांधी का पहला चुनाव है। वायनाड उपचुनाव में प्रियंका गांधी का सामना भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास से होने वाला है। हालांकि, नव्या हरिदास ने पहले ही प्रियंका गंधी को कड़े मुकाबले की चुनौती दे चुकी हैं। वहीं वायनाड में हाल ही में हुए भूस्खलन पर कांग्रेस नेता और वायनाड लोकसभा उपचुनाव की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, जब तक उन्हें मुआवजा नहीं मिल जाता, मैं बार-बार उनकी आवाज उठाऊंगी...मेरा मानना है कि उनमें से बहुतों को उनका हक का मुआवजा नहीं मिला है। सरकार को धनराशि जारी करनी चाहिए

## ‘एक्स’ ने खामेनेई का हिब्रू अकाउंट किया ब्लॉक

एजेंसी

**तेहरान।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का हिब्रू भाषा का अकाउंट शुरू होने के एक दिन बाद सोमवार को ब्लॉक कर दिया। श्री खामेनेई ने हिब्रू भाषा में पोस्ट किया कि इजरायल ने ईरान पर हमला करके गलती की है और अपने क्षेत्र पर हमले के लिए ईरान की संभावित प्रतिक्रिया का संकेत दिया। दरअसल, शनिवार रात, इजरायल रक्षा बलों ने एक अक्टूबर को यहूदी राज्य पर हुए हमलों के जवाब में ईरान में सैन्य ठिकानों पर हमले की घोषणा की। फ़ार्स समाचार एजेंसी ने दावा किया कि इजरायल ने तेहरान के पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। वहीं, तस्नीम समाचार एजेंसी ने कहा कि ईरानी राजधानी के पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम में स्थित इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के सैन्य केंद्रों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

## तुर्की के दक्षिणी प्रांत में भूकंप के तीव्र झटके

**अंकारा।** तुर्की के दक्षिणी प्रांत अदाना में भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये हैं। तुर्की आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शाम करीब 05:07 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गय भूकम्प का केंद्र कोज़ान जिले में लगभग 20.13 किलोमीटर की गहराई में था।

## ईरान ने सुरक्षा बलों पर घातक हमले के पीछे के ‘आतंकवादियों’ को धराशायी कर दिया

**तेहरान।** ईरानी सुरक्षा बलों पर घातक हमले के पीछे की ‘आतंकवादी’ टीम को ‘नष्ट’ कर दिया गया है। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने यह जानकारी दी।, आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को हुई ‘आतंकवाद’ घटना के बाद, जिसमें 10 ईरानी कानून प्रवर्तन बलों की हत्या हुई थी। आईआरजीसी के ग्राउंड फोर्स के



कुद्स बेस की परिचालन और खुफिया इकाइयों ने प्रांतीय खुफिया के सहयोग से पुलिस बल ‘आतंकवादियों’ के ठिकाने की पहचान करने और लड़ाकू ड्रोन का उपयोग करके उन पर हमला करने में कामयाब रहे इसमें कहा गया है कि ऑपरेशन के दौरान, चार ‘आतंकवादी’ मारे गए, चार अन्य को गिरफ्तार किया गया, और कई घायल हो गए, जबकि यह पता चला कि उनमें से कई भागने में सफल रहे।रिपोर्ट के मुताबिक, बाकी ‘आतंकवादियों’ को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

## पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में अलग-अलग अभियानों में मारे गए 4 आतंकवादी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो सैन्य अभियानों में चार आतंकवादी मारे गये। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने रविवार को एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों के जवान प्रांत में दो अलग-अलग स्थानों पर आतंकवादियों से भिड़ गए। आईएसपीआर ने कहा कि पहली मुठभेड़ प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में हुई और भीषण गोलीबारी के बाद दो आतंकवादी मारे गए।एक अन्य ऑपरेशन में प्रांत के खैबर जिले में दो आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। आईएसपीआर ने कहा कि मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ क्षेत्र में निर्दोष नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

## सिडनी में दो विमानों की टक्कर, तीन लोगों की मौत

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में एक भीषण हादसा हुआ। दो विमानों की टक्कर होने से तीन लोगों की मौत हो गई। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्लू) की पुलिस ने बताया कि शनिवार को सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में दो विमानों के बीच जोरदार टक्कर हुई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद इमरजेंसी सेवाएं हरकत में आई। ऑस्ट्रेलियन मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक एनएसडब्ल्यू पुलिस ने पुष्टि की कि यह विमान हादसा शनिवार को लगभग 11:50 बजे ओकडेल के बेलिम्बला पार्क के पास हुआ। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने दुर्घटना में तीन लोगों की मौत की पुष्टि की। समाचार एजेंसी के मुताबिक, न्यू साउथ वेल्स पुलिस, फायर एंड रेस्क्यू, एनएसडब्लू एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

# ‘हम युद्ध नहीं चाहते लेकिन उचित जवाब देंगे’ - इजरायली हमलों पर ईरानी राष्ट्रपति

एजेंसी

**तेहरान ।** ईरान पर इजरायल के हमले के बाद अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि तेहरान इसका क्या जवाब देगा? इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा, हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हम अपने लोगों, राष्ट्र के अधिकारों की रक्षा करेंगे और इजरायल के हमले का उचित जवाब देंगे। ईरानी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि अगर इजरायल अपनी आक्रामकता और अपराध जारी रखता है तो तनाव बढ़ जाएगा। उन्होंने अमेरिका पर इन अपराधों को करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने भी ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के हवाले से कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह उचित समय पर इजरायल के किसी भी हमले का जवाब देगा। सीएनएन की रिपोर्ट के



अनुसार, इजरायल ने कहा कि सुबह ईरान के सैन्य ठिकानों पर किए गए हमले इस महीने की शुरूआत में यहूदी राष्ट्र पर तेहरान के अटैक का जवाब था। इजरायल के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ हर्जी हलेवी ने चेतावनी दी कि उनके देश के खिलाफ किसी भी खतरे से सैन्य तरीके से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि यहूदी राष्ट्र ने शनिवार को ईरान पर किए गए हमलों के दौरान अपनी सैन्य क्षमताओं का केवल एक हिस्सा इस्तेमाल किया था। हलेवी ने कहा, अब हम देखेंगे कि चीजें कैसे विकसित होती हैं। हम हर क्षेत्र में सभी चीजों के लिए तैयार हैं। अनुसार, ईरान पर इजरायली हमलों में एक नागरिक की मौत हो गई, जिससे हमले में मरने वालों की संख्या पांच हो गई। इससे पहले समाचार एजेंसी ने कहा था कि हमलों में चार ईरानी सैन्यकर्मी मारे गए। इस महीने की शुरुआत में तेहरान द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल हमले के जवाब में इजरायल ने शनिवार को ईरान के सैन्य ठिकानों पर सीधे हमले किए।

## ईरान पर इजरायली हमला: पीएम बेंजामिन नेतन्याहू बोले- हमने वादा किया था जवाब देंगे

एजेंसी

**येरूसलेम।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह शनिवार को ईरान पर इजरायल के हवाई हमलों के नतीजों से खुश हैं। उन्होंने कहा, ईरान में हमला सटीक और शक्तिशाली था, जिसने अपने सभी उद्देश्यों को पूरा किया। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा,हमने वादा किया था कि हम ईरानी हमले का जवाब देंगे और शनिवार को हमने हमला किया। उन्होंने यह बात पिछले साल 7 अक्टूबर को हुए हमलों की हिब्रू कैलेंडर बरसी पर एक भाषण में कही।इससे पहले ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई ने इजरायली हमले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ इजरायल के नवीनतम शरारती कृत्य को न तो बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाना चाहिए और न ही कम करके आंका जाना चाहिए। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी के मुताबिक सर्वोच्च नेता ने कहा, इजरायल ने सुबह ईरान के खिलाफ किए गए हमले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। उनका ऐसा करना गलत है, लेकिन उन्होंने जो किया उसे कम करके आंकना भी गलत है।आईडीएफ के अनुसार, सुबह इजरायली वायु सेना (आईएएफ) के सहयोग से तीन चरणों में ये हमले किए गए। यह कार्रवाई 1 अक्टूबर को तेहरान बैलिस्टिक मिसाइल अटैक का जवाब थी। आईडीएफ ने कहा कि सुबह इजरायली वायु सेना (आईएएफ) के सहयोग से तीन चरणों में ये हमले किए गए। यह कार्रवाई 1 अक्टूबर को तेहरान बैलिस्टिक मिसाइल अटैक का जवाब थी। अलजजीरा के मुताबिक ईरानी मीडिया ने शनिवार को बताया कि इजरायली हवाई हमलों में कम से कम चार सैन्यकर्मी मारे गए और रडार सिस्टम क्षतिग्रस्त हो गए।

## जापान आम चुनाव: बहुमत से पीछे रहा सत्तारूढ़ गठबंधन, पीएम शिगेरू इशिबा की बढ़ी मुश्किलें

एजेंसी

**टोक्या।** जापान के आम चुनाव में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी कोमिटो का सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाया। सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी, जापान की संवैधानिक लोकतांत्रिक पार्टी ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। 15 वर्षों में पहली बार लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगी कोमिटो ने निचले सदन में अपना बहुमत खोया है। पिछली बार उन्होंने 2009 में बहुमत खोया था। एलडीपी और कोमिटो को संसद के शक्तिशाली सदन में 465 सीटों में से कुल 215 सीटें मिलीं, जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से कम है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, एलडीपी ने अकेले 191 सीटें जीतीं। जबकि चुनाव से पहले उसके पास मौजूद 247 सीटों से बहुत कम है। इसके विपरीत, मुख्य विपक्षी संवैधानिक



डेमोक्रेटिक पार्टी 148 सीटों पर पहुंच गई जो चुनाव से पहले 98 सीटों तक सीमित थी। चुनाव नतीजे काफी हद तक मीडिया के पूर्वानुमानों के अनुरूप है। यह चुनाव स्लश फंड घोटाले के बाद पहला राष्ट्रव्यापी मतदान है, जिसने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को हिलाकर रख दिया था। इसकी वजह से जनता का पार्टी में विश्वास कम हुआ और इसी के चलते फुमियो किशिदा को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा।पब्लिक ब्रोडकास्टर एनएचके के मुताबिक, खराब प्रदर्शन के बाद, प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने अपनी सरकार को स्थिर करने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। उन्होंने अन्य दलों से सहयोग लेने की योजना की घोषणा की। देश के 50वें प्रतिनिधि सभा चुनाव में कुल 1,344 उम्मीदवार मैदान में थे, जो 2021 में पिछले ऐसे चुनाव में 1,051 से अधिक थे।

## राष्ट्रपति बाइडेन आज व्हाइट हाउस में भारतीय-अमेरिकियों के साथ मनाएंगे दीपावली

एजेंसी

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन व्हाइट हाउस में भारतीय-अमेरिकियों के साथ दीपावली का जश्न मनाएंगे। व्हाइट हाउस के अनुसार, राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी अंतिम दीपावली होगी क्योंकि वह अगले चुनाव में भाग नहीं ले रहे हैं। यह दिन भारतीय संस्कृति और विरासत का सम्मान करते हुए अमेरिका और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के बीच बढ़ते संबंधों को मजबूत करने का प्रतीक बनेगा। राष्ट्रपति पिछले वर्षों की तरह इस बार भी व्हाइट हाउस के ब्लू रूम में दीप जलाएंगे और फिर भारतीय-अमेरिकी मेहमानों के लिए एक स्वागत समारोह में भाषण देंगे इस अवसर पर राष्ट्रपति के परिचय के लिए सुनीता विलियम्स का एक वीडियो संदेश भी शामिल होगा, जो नासा की एक मशहूर अंतरिक्ष यात्री और रिटायर्ड नौसेना कैप्टन हैं। उन्होंने यह संदेश अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन



(आईएसएस) से रिकॉर्ड किया है, जहां उन्होंने हाल ही में कमांडर के रूप में पदभार संभाला है। सुनीता विलियम्स हिंदू धर्म का पालन करती हैं और पहले भी आईएसएस से दीपावली की शुभकामनाएं भेज चुकी हैं। व्हाइट हाउस के अनुसार वह अंतरिक्ष में अपने साथ समोसे, उपनिषद, और भगवद गीता जैसी भारतीय सांस्कृतिक वस्तुएं भी लेकर गई हैं। इस कार्यक्रम में वाशिंगटन दक्षिण एशिया का संगीत और नृत्य व मरीन कॉर्प्स बैंड द्वारा मेहमानों के लिए म्यूजिक की प्रस्तुति भी दी जाएगी। पिछले साल दीपावली के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह अपनी पत्नी के साथ व्हाइट हाउस में दीया जलाते दिखे थे। उन्होंने पोस्ट किया था, आज, जिल और मैंने दीपावली के दीये को जलाया, जो ज्ञान, प्रेम और एकता के प्रकाश का प्रतीक है, जो नफरत और विभाजन के अंधकार को दूर करता है। इस पर्व की भावना और हमारे देश की शक्ति का हमें हमेशा स्मरण रखना चाहिए।

## गाजा स्कूल शेल्टर पर इजरायली हवाई हमले में मारे गए 9 फिलिस्तीनी



एजेंसी

गाजा। गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती शरणार्थी शिविर में विस्थापित व्यक्तियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में तीन पत्रकारों सहित नौ फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक इजरायली विमान ने ‘अस्मा’ स्कूल पर कम से कम एक मिसाइल से हमला किया। पैरामेडिक्स ने बताया कि मेडिकल टीमों ने बच्चों सहित नौ पीड़ितों के शव बरामद किए, जबकि विभिन्न चोटों वाले 20 से अधिक अन्य लोगों को अस्पताल ले जाया गया। गाजा में नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने कहा कि उसकी टीमें, चिकित्सा कर्मियों के साथ समन्वय में, मलबे के नीचे लापता व्यक्तियों की तलाश जारी रख रही हैं।

## उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी से मरने वालों की संख्या हुई 116

एजेंसी

**मनीला ।** फिलीपींस के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद ने बताया कि पिछले सप्ताह फिलीपींस में आए उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 116 हो गई है। इसके अलावा इसमें 39 लोगों के लापता होने की खबर है।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि तूफान ट्रामी के कारण दो महीने तक भारी बारिश जारी रही, जिससे देश के 17 क्षेत्रों में 6.7 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हुए। इस साल फिलीपींस में आने वाला 11वां तूफान ट्रामी देखते ही देखते पूरे फिलीपींस में फैल गया। इससे लूज़ोन द्वीप, विशेष रूप से बिकोल और कैलाबारज़ोन क्षेत्रों और मध्य और दक्षिणी फिलीपींस के क्षेत्रों में विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के साथ विनाश का निशान बना हुआ है। बाढ़ के पानी ने राजमार्गों और पुलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। परिवहन ठप हो गया और रिहायशी



इलाकों में लोगों के घरों में कीचड़ जमा हो गया है। तूफान खत्म होने के तीन दिन बाद भी आपदा पीड़ित अभी भी भोजन और स्वच्छ पानी का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। कई क्षेत्रों में पीने योग्य पानी या बिजली की कमी है बाढ़ के दौरान अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर कुछ पीड़ित बाढ़ का प्रभाव कम होने के बाद वापस लौटने लगे है। हालांकि, एनडीआरआरएमसी ने कहा कि लगभग 1 मिलियन विस्थापित लोग अभी भी निकासी केंद्रों में हैं या रिश्तेदारों के साथ रह रहे हैं। ट्रामी के कारण बुनियादी ढांचे को 1.54 बिलियन पेसोस (लगभग 26.35 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का नुकसान हुआ है, जबकि कृषि को 2.5 बिलियन पेसोस (43 मिलियन डॉलर) का नुकसान हुआ है। फिलीपींस में एक और उष्णकटिबंधीय चक्रवात कोंग-रे के प्रभाव के कारण जोरदार बारिश की आशंका है, जो सोमवार सुबह लुजोन द्वीप से 755 किमी पूर्व में फिलीपीन सागर के ऊपर एक गंभीर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल गया। कोंग-रे इस साल फिलीपींस में आने वाला 12वां उष्णकटिबंधीय चक्रवात है कोंग-रे तूफान पश्चिम दिशा में 20 किमी प्रति घंटे की गति से बढ़ रहा है, जिसकी अधिकतम गति 95 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई है। वहीं इसके साथ ही इसमें 115 किमी प्रति घंटे तक की तीव्र हवाएं चल रही हैं। ब्यूरो ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह उष्णकटिबंधीय चक्रवात तेजी से तीव्र हो सकता है।बता दें कि फिलीपींस में हर साल औसतन 20 तूफान आते हैं।

## मध्य मेक्सिको में सड़क दुर्घटना में 24 की मौत, 5 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मैक्सिकन राज्य ज़ाकाटेकास में तड़के एक यात्री बस और ट्रैक्टर-ट्रेलर की टक्कर में चौबीस लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेशनल गार्ड के समन्वयक जुआन मैनरिकेज़ ने कहा कि दुर्घटना तब हुई जब ट्रेलर मकई परिवहन कर रहे ट्रक से अलग हो गया, जिससे बस दाहिनी ओर झुक गई। ज़ाकाटेकास सरकार के महासचिव रोड्रिगो रेयेस ने एक वीडियो बयान में कहा कि बस पश्चिमी राज्य नायरिट के टेपिक से उत्तरी राज्य चिहुआहुआ के स्यूदाद जुआरेज़ तक यात्रा कर रही थी। उन्होंने यात्रियों को उस राजमार्ग से बचने की सलाह दी जो दुर्घटना के बाद बंद है।

## ‘रिहा हो इमरान खान’ – ब्रिटिश सांसदों की मांग, सरकार को लिखा पत्र

एजेंसी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, को यूनाइटेड किंगडम के सांसदों का समर्थन मिला है। ब्रिटिश सांसदों ने खान की रिहाई के लिए यूके सरकार से पाकिस्तानी सरकार से बातचीत करने की अपील की। बता दें खान भ्रष्टाचार और देशद्रोह के कई मामलों में एक साल से अधिक समय से जेल में हैं। ब्रिटिश सांसदों ने उनकी गिरफ्तारी को सरकार के विपक्षी आंदोलनों को दबाने के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बताया है।

ब्रिटेन के 20 से अधिक सांसदों ने लिवरपूल रिवरसाइड के सांसद किम जॉनसन के पत्र के माध्यम से एक अपील पर हस्ताक्षर किए हैं पत्र में विदेश सचिव डेविड लैमी से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान की तत्काल रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार से बातचीत करने की अपील की गई। सांसद किम जॉनसन



के माध्यम से यह अपील पत्र इमरान खान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के सलाहकार जुल्फी बुखारी के अनुरोध पर लिखा गया। इस पर हाउस ऑफ कॉमन्स और ऑवर ऑफ लॉर्ड्स दोनों के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए।

ब्रिटेन के सांसदों ने पूर्व पाक पीएम की हिरासत और उनके साथ किए गए व्यवहार पर गंभीर चिंता व्यक्त की और खान की कैद को राजनीति से प्रेरित कदम बताया जिसका मकसद उन्हें सलाखों के पीछे रखना और चुनावी दौड़ में शामिल होने से अयोग्य घोषित करना है। पत्र में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि इमरान खान को कम से कम तीन मुकदमों में बचाव के उनके मूल अधिकार से वंचित किया गया। ब्रिटिश सांसदों के पत्र के मुताबिक, ÷इमरान खान के खिलाफ बढ़ते मामले अब पाकिस्तान में न्याय प्रणाली के गलत इस्तेमाल के पैटर्न के मुताबिक हैं, जिसमें राजनीतिक विपक्षी नेताओं को डराना, परेशान करना और निशाना बनाना शामिल है। पत्र में इस बात पर भी गंभीर चिंता जताई गई कि इमरान खान के मामलों का फैसला सैन्य अदालत के जरिए हो सकता है। सांसदों ने चेतावनी दी कि ऐसा कदम केवल अवैधानिक होगा। पत्र में इमरान खान की राजनीतिक पार्टी पीटीआई के सदस्यों, नेताओं और राजनीतिक हस्तियों के खिलाफ जारी दमन का भी उल्लेख किया गया, जो संबंधित सरकारी अधिकारियों से पूर्व अनुमति प्राप्त करने के बावजूद सार्वजनिक रैलियां आयोजित नहीं कर रहे हैं। पत्र में लिखा है, ÷ऐसा प्रतीत होता है कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने पीटीआई समर्थकों को हिरासत में लेने के लिए अनुचित तरीके से एक नया सार्वजनिक आदेश अधिनियम लागू किया है।

## इजरायली सैनिकों की गोली से एक फिलिस्तीनी की मौत, वाहन से टक्कर मारने का आरोप

एजेंसी

**रामल्लाह ।** इजरायल के सैनिकों ने यरूशलम के उत्तर में एक सैन्य चौकी के पास कथित तौर पर एक कार से हमला करने की कोशिश करने वाले एक फिलिस्तीनी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।फिलिस्तीनी अथॉरिटी के यरूशलम गवर्नरेट ने एक बयान में बताया कि शुफ़ात शरणार्थी शिविर में रहने वाले सामी अल-अमूदी नामक एक युवक को इजराइली सैनिकों ने गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। समाचार एजेंसी के अनुसार, इससे पहले , इजराइली पुलिस ने घोषणा की कि एक फिलिस्तीनी द्वारा चलाए जा रहे वाहन ने फिलिस्तीनी गांव हिजमा के पास सैनिकों को टक्कर मारने की कोशिश की, जिसके बाद सैनिकों ने हमलावर पर गोलियां चलाई एक बयान में, पुलिस ने कहा कि हमले में कोई घायल नहीं हुआ और आतंकवादी को तुरंत मार गिराया गया।

घटना के बाद, इलाके की सड़कें



बंद कर दी गई और बड़ी संख्या में सैनिकों और पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया। इजरायल की मैगन डेविड एडोम इमरजेंसी सेवाओं के अनुसार, इसी इजरायल के मध्य क्षेत्र में एक सैन्य बेस के पास एक ट्रक ने एक बस को टक्कर मार दी,

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## ट्रंप ने चीन पर साधा निशाना, कहा- अमेरिकी के पास दुनिया की सबसे ताकतवर सेना है

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** ‘रिपब्लिकन पार्टी’ के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने एक चुनावी रैली में कहा कि चीन के साथ टकराव की स्थिति में हम उन्हें धूल चटा देंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास दुनिया की सबसे शानदार सेना है। राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नेतृत्व में अमेरिका के प्रति सम्मान में कमी के बारे में बोलते हुए ट्रंप ने कहा, उन्होंने एक रिपोर्ट जारी की है कि अगर हम चीन के साथ युद्ध में उतरते हैं, तो हम जीत नहीं सकते। हम पर्याप्त रूप से मजबूत नहीं हैं। ट्रंप ने घोषणा की कि हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी सेना है। आपको इस तरह की रिपोर्ट नहीं देनी चाहिए



और यह सच नहीं है। हमें उनका करारा सबक सिखा देंगे। उन्होंने कहा, यहां तक कि अगर यह सच भी होता, तो भी इस तरह की रिपोर्ट जारी करना कितनी बड़ी मूर्खता है। उन्होंने यह नहीं बताया कि किस रिपोर्ट का जिक्र कर रहे थे, लेकिन संभवत वह राष्ट्रीय रक्षा रणनीति आयोग की ओरण से सीनेट सशस्त्र सेवाओं को दी गई एक रिपोर्ट थी। इसमें कहा गया, आयोग को लगता है कि अमेरिकी सेना में क्षमताओं और क्षमता दोनों की कमी है और कई मायनों में, चीन संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल रहा है और उसने पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य लाभ को काफी हद तक नकार दिया है। ट्रंप ने कहा कि अगर हम चुनाव जीतते हैं तो दुश्मन अब और नहीं हसेंगे बता दें कि ट्रंप के चुनावी रैली के 90 मिनट पहले से मैडिसन स्क्वायर गार्डन, अपनी पूरी क्षमता के करीब 19,000 लोगों से भरा हुआ था और हजारों लोग घंटों इंतजार करने के बाद बाहर फंसे रहे, उन्होंने ट्रंप के भाषण को बाहर बड़े स्क्रीन पर देखा। वहीं अंदर भीड़ ने ट्रंप के भाषण के दौरान यूएसए, यूएसए और चार और साल के नारे लगाए।

## नीलामी से पहले पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की हालत खराब

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए), देश की राष्ट्रीय ध्वजवाहक, परिचालन समस्याओं और वित्तीय संकट का सामना कर रही है। क्योंकि तकनीकी समस्याओं के कारण इसके 33 विमानों के बेड़े में से केवल आधे ही घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवाओं के लिए उपलब्ध हैं। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में केवल 16 पीआईए विमान ही उड़ान के लिए तैयार हैं, जबकि 17 विमान स्पेयर पार्ट्स की कमी, इंजन जांच और अन्य कारणों से खड़े हैं। इसमें बोइंग 777 की एक बड़ी संख्या शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, पीआईए बेड़े में 12 बोइंग 777 में से केवल पांच ही अभी परिचालन में हैं। इसके अलावा, पीआईए के 16 एयरबस ए 320 में से केवल 10 ही सेवा में हैं, साथ ही एक एटीआर भी है। राष्ट्रीय ध्वज वाहक के प्रबंधन की लापरवाही के कारण पीआईए की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। एयरलाइन के पास निष्क्रिय विमानों की मरम्मत या स्पेयर पार्ट्स खरीदने के लिए संसाधनों की कमी है, जिससे पहले से ही गंभीर स्थिति और भी गंभीर हो गई है। पीआईए को ऐसे समय में गंभीर वित्तीय और परिचालन संकट का सामना करना पड़ रहा है, जब सरकार 30 अक्टूबर को सरकारी स्वामित्व वाली पीआईए कॉरपोरेशन की अंतिम नीलामी करने वाली है। सूत्रों का कहना है कि नीलामी की तारीख नजदीक आते ही पीआईए प्रबंधन और भी लापरवाह हो गया है। पीआईए के निजीकरण का फैसला शहबाज शरीफ सरकार ने फरवरी 2024 में लिया था। यह प्रक्रिया अगले सप्ताह पूरी हो जाएगी।

# धनतेरस पर्व 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा : श्रीमहंत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष, पंच दशनाम जूना अखाड़ा के प्रवक्ता दूधेश्वरनाथ के श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा है कि इस बार धनतेरस पर्व 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। श्रीमहंत ने धनतेरस को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि धनतेरस का पर्व हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि धनतेरस इस बार 29 अक्टूबर को है। इस दिन बर्तन, आभूषण और वाहन खरीदना शुभ होता है, इसलिए धनतेरस पर लोग सोने और चांदी के आभूषण, बर्तन तथा वाहनों की खरीदारी करते हैं। धनतेरस के दिन धन की देवी माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा-अर्चना की जाती है ताकि जीवन में हमेशा सुख-समृद्धि रहे। श्रीमहंत ने कहा कि इसी दिन देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरी प्रकट हुए थे इसलिए इस दिन धन्वंतरि जयंती भी मनाई जाती है। आरोग्यता के लिए भगवान धन्वंतरि की इस दिन पूजा-अर्चना भी की जाती है।

# भाजपा ने यमुना नदी की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी पर बोला हमला



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना नदी की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी और प्रदेश सरकार पर हमला बोला है और कहा है कि छठ पूजा नजदीक है और हमारी माताएं और बहनें यमुना जी में भगवान सूर्य की आराधना करने या अर्घ्य देने आएंगी, वो यमुना जी में कैसे डुबकी लगा पाएंगी। श्री सचदेवा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स 'पर कहा , दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय जी ने मेरे स्वास्थ्य की कामना की है। मैं उनका धन्यवाद देता हूँ, लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि मेरे लिए मेरे स्वास्थ्य से ज्यादा ज़रूरी है यमुना जी की सफाई। छठ पूजा नजदीक है, और हमारी माताएँ-बहनें जो यमुना जी में भगवान सूर्य की आराधना करने या सूर्य को अर्घ्य देने जाएँगी, वे किस तरह से माँ यमुना में डुबकी लगा पाएँगी? उन्होंने कहा , मेरी एक डुबकी ने बता दिया कि आप की भ्रष्ट सरकार ने माँ यमुना का क्या हाल कर रखा है। मैं अपनी दिल्ली की माताओं-बहनों और समस्त दिल्लीवासियों से कहना चाहता हूँ कि अब समय आ गया है जब हमें इस भ्रष्ट सरकार से मुक्ति लेनी होगी। केजरीवाल द्वारा प्रायोजित इस भ्रष्टतंत्र का अंत हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# फिर बढ़ा प्रदूषण, गैस चेम्बर बनी दिल्ली की फिजा में घुला 'जहर'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली का प्रदूषण लगातार बढ़ता ही जा रहा है। दिल्ली का एक्यूआई बढ़कर 359 पहुंच गया। दिल्ली का एक्यूआई 255 पर था। केंद्रीय प्रदूषण जांच बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के 8 इलाकों का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में रहा। इसके अलावा बाकी इलाकों में बहुत खराब स्थिति बनी हुई है। आइए जानते हैं दिल्ली के किन इलाकों की हवा सबसे खराब रही। दिल्ली के 40 प्रदूषण मॉनिटरिंग केंद्रों से 36 का डाटा सामने आया है। इसमें से 8 इलाकों में प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। इसके अलावा 28 इलाकों में प्रदूषण बहुत खराब की श्रेणी में बना हुआ है। कुल मिलाकर दिल्ली में प्रदूषण का बढ़ता हुआ स्तर लोगों की सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। सीपीसीबी से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली के आनंद विहार, अलीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, वजीरपुर, विवेक विहार और सोनिया विहार में हवा सबसे खराब रही। यहां के एक्यूआई 300 के ऊपर रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली की हवा की रफ्तार शून्य किलोमीटर प्रति घंटे रही। यही वजह रही कि दिल्ली की हवा खराब होती गई। बीते दो दिनों में दिल्ली की हवा के स्तर में सुधार हुआ था।

# दिल्ली के चाणक्यपुरी में रेल कोच रेस्टोरेंट खुला

**नई दिल्ली।** अरुण फूड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के चाणक्यपुरी में रेल कोच रेस्टोरेंट खोला है। इसका उद्घाटन अरुण ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन सुरेश राणा ने किया। इस अवसर पर अरुण फूड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सचिन राणा, अरुण फूड सर्विसेज के जीएम ऑपरेशन नितिन लोचब, ऑपरेशन मैनेजर परवेश वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ' सचिन राणा ने पत्रकारों को बताया कि रेस्टोरेंट सप्ताह के सातों दिन सुबह 11 से रात 11 बजे तक खुलेगा। इसके अंदर 40 लोगों के बैठने की व्यवस्था है और बाहर करीब 15 लोग बैठ सकते हैं। नितिन लोचब ने कहा कि रेल कोच रेस्तरां की डिजाइन युवाओं और परिवारों को आकर्षित करेगी। बाहरी और आंतरिक भाग ट्रेन जैसा दिखता है। लोचब ने कहा कि कंपनी दिवाली और त्योहारी सीजन के अवसर पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट दे रही है। इस रेस्टोरेंट के परिचालन प्रबंधक प्रवेश वर्मा ने बताया कि कपासा नाम से शुरू किए गए इस रेल कोच रेस्टोरेंट में वेज एवं नॉन वेज व्यंजन के साथ रेल म्यूजिक का भी आनंद लिया जा सकेग। यहां इंडियन फूड, इटैलियन फूड, पेस्ट्रीज ऐंड आइसक्रीम की वृहद रेंज उपलब्ध है ।

# कोई न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, शब्दों में बदलाव जरूरी : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका के संदर्भ में महत्वपूर्ण टिप्पणियां की। उपराष्ट्रपति का कहना है कि न्यायपालिका हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, इसमें सबऑर्डिनेट शब्द की कोई जगह नहीं है। कोई भी न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, इसमें बदलाव होना चाहिए। उन्होंने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा, जब मजिस्ट्रेट या जिला जज फैसला लिखता है, उनके मन में एक शंका रहती है कि मेरे फैसले पर क्या टिप्पणी होगी। वह फैसला उसके भविष्य को निर्वहन करता है।

उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि कॉर्पोरेट्स को लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि उद्योगपति एवं कॉर्पोरेट समूहों को अन्य संस्थानों को प्रदान की जाने वाली सहायता की तर्ज पर न्यायपालिका के कार्यान्वयन में भी सहायता प्रदान करनी चाहिए। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए



उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट्स के पास सीएसआर फंड है और उनको लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। उपराष्ट्रपति राजस्थान के जयपुर में एआईआर पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अधिवक्ता संघ को संबोधित कर रहे थे। संसद में कानून पारित कर नागरिक संहिता में हुए परिवर्तन पर बोलते हुए उपराष्ट्रपति ने इसे औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने वाली एक महत्वपूर्ण घटना बताया। उन्होंने इसे दंड विधान से न्याय विधान की यात्रा बताते हुए कहा कि लंबे समय की मांग के बाद अंग्रेजों द्वारा बनाए गए इन कानूनों को निरस्त किया गया है, जो नए वकीलों के लिए एक वरदान है।भारतीय न्याय संहिता सहित तीन कानूनों के पारित होते समय राज्यसभा के सभापति के रूप में स्वयं की उपस्थिति के अनुभवों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक बहुत शक्तिशाली समिति ने इन कानूनों के प्रत्येक प्रावधान पर विचार किया। उन्होंने इसके साथ ही यह भी कहा कि सरकार ने इस बदलाव में गहराई से जांच की है तथा तकनीक की मदद से प्रत्येक प्रावधान की पृष्ठभूमि को बारीकी से देखा गया है। उपराष्ट्रपति ने कहा, किसी भी देश तथा किसी भी सभ्यता का आकलन उसकी न्याय व्यवस्था से होता है। उन्होंने कहा, सर्वोच्च न्यायालय से लेकर नीचे तक हमारी न्यायपालिका बुद्धिमत्ता, प्रतिबद्धता, अखंडता के साथ कार्य करती है।

# गरीबों को बेघर कर रही भाजपा: मनीष




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया गांधीनगर की झुग्गी-बस्तियों में लोगों से मिलने पहुंचे। वहां लोगों ने उन्हें बताया कि बीते 15 दिनों में सैकड़ों झुग्गियों को तोड़ने के लिए नोटिस भेजे गए हैं। इसके बाद सिसोदिया ने ऐसे परिवारों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिया कि किसी भी हालत में अरविंद केजरीवाल इन झुग्गियों को टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों को बेघर कर रही है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि ये परिवार इस जगह पर 80 साल से भी अधिक समय से रह रहे हैं। अधिकांश परिवारों की दो से तीन पीढ़ियां यहीं रही हैं। किसी महिला का पति नहीं है तो किसी के घर में शादी होने वाली है। ऐसे में इन्हें बेघर किया गया तो वह कहां जाएंगे। भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला था ताकि वो गरीबों के लिए ना लड़ पाएं, लेकिन वह जेल से बाहर आ चुके हैं और गरीबों की लड़ाई लड़ेंगे। उनके रहते एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी।

# रंजिश में नाबालिग समेत दो को मारी गोली, एक की मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने चार नाबालिग समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके ऊपर 16 साल के लड़के की हत्या और दूसरे को घायल करने का कथित आरोप है। घटना दक्षिण पश्चिम दिल्ली के किशनगढ़ इलाके की है। पुलिस ने बताया कि एक पीड़ित मरा हुआ पाया गया, उसके शरीर पर चाकू से कई बार हमला करने के निशान थे। वहीं दूसरा पीड़ित गोली लगने के कारण घायल अवस्था में पाया गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनों की हत्या करने का प्लान38 साल के संजय महलावत नामक शख्स ने बनाया था। पीड़ितों से विवाद के चलते संजय ने नाबालिग लड़कों की गैंग को दोनों को मारने के लिए भेजा था। किशनगढ़ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम करीब छह बजे उन्हें फोन आया और बताया गया कि गौशाला गांव में चाकूबाजी की घटना हुई है। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और मौके




पर पहुंचकर घटना को समझा गया।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम को कारतूस का खाली कवर मिला। घटनास्थल पर पाए गए दोनों पीड़ितों को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद दिल्ली पुलिस की क्राइम और फोरेन्सिक टीमों को बुलाया गया और मामले की छानबीन शुरू हुई। अस्पताल वालों ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस के द्वारा दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। 18 साल के सौरभ यादव नामक युवक के पीठ पर गोली लगी थी। वहीं दूसरे शख्स के शरीर पर चाकू के घाव के निशान थे, उसे मृत घोषित कर दिया गया था। पीड़ित सौरभ ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने दोस्तों के साथ गौशाला इलाके में पहुंचा तो तीन आरोपियों ने उनके ऊपर गोली चला दी। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही सौरभ जख्मी हो गया उसके दोस्त को पकड़कर बुरी तरह मारा-पीटा और उसपर चाकू से हमला किया। सौरभ ने आरोप लगाया है कि यह हमला सोची समझी साजिश के तहत किया गया है और इसे संजय महलावत ने अंजाम दिलवाया है।

# धौला कुआं में डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस में लगी आग, दो यात्री झुलसे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आजादपुर से धौलाकुआं जा रही डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस में ज्वलनशील पदार्थ से अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो यात्री झुलस गए। आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने इससे पहले कि आग बस को चपेट में लपेती, उसपर काबू पा लिया।मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने हादसे में घायल दोनों लोगों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है। उधर ज्वलनशील पदार्थ क्या था, आग कैसे लगी? ऐसे तमाम प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए पुलिस की फॉरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य एकत्रित कर रही है। मामले की छानबीन जारी है। डीटीसी की रूट संख्या 442 की बस शाम करीब 5:25 बजे रिंग रोड पर दिल्ली कैंट मेट्रो स्टेशन से थोड़ा आगे पहुंची कि अचानक बस में आग लगने से अफरातफरी मच गई। चालक ने



बस को रोड के किनारे रोका। उसमें बैठे यात्रियों को नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया।

हालांकि आग की चपेट में आकर दो यात्री झुलस गए। बस चालक और कंडक्टर ने सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतार कर बस खाली कराई और पुलिस व दमकल को मामले की सूचना दी। कीर्ति नगर दमकल केंद्र से दमकल अधिकारी सुरेंद्र की टीम को दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल आग पर काबू पाया। छानबीन में पाया गया कि बस में कंडक्टर सीट के पीछे रखे एक बैग में ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते आग लग गई। बस की सीट में आग पकड़ ली और बस में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया।

# केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत बोले- सांस्कृतिक विरासत के सम्मान के साथ विश्व कल्याण का सूत्रधार बनेगा भारत

**एजेंसी**

**देहरादून।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का नेतृत्वकर्ता बनने की ओर अग्रसर है। भारत विश्व कल्याण के साथ समृद्धि की ओर बढ़ चला है। सांस्कृतिक विरासत के सम्मान के साथ भारत विकसित राष्ट्र ही नहीं, विश्व कल्याण का सूत्रधार भी बनेगा। यह सपना देवभूमि पर साकार होता दिख रहा है।

लेखक गांव थानों में आयोजित पांच दिवसीय स्पर्श हिमालय महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हिमालय की यह पवित्र धरती भारत की चेतना, ज्ञान, अनुभूति और विज्ञान के प्रकाशित होने की धरती है। इस धरती से भारत के सौभाग्य का सूर्य एक बार फिर पूरे विश्व को प्रकाशमान करने के लिए उदित हो चुका है।




**लेखक गांव से हुई लेखन परंपरा की नए युग की शुरुआत**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वाणी, शब्द, बोध और सृजन की कल्पना ऋषियों-मुनियों ने लोक कल्याण की दृष्टि से की थी। निश्चित रूप से लेखक गांव लोक कल्याण की परंपरा को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। लेखक गांव की संकल्पना से भारतीय साहित्य का इतिहास और भविष्य दोनों पुनः समृद्धि प्राप्त की है। लेखक गांव लेखन परंपरा की नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि लेखक गांव साहित्यकारों, लेखकों व कलाकारों को नई दिशा देने का ऐतिहासिक प्रयास है। देवभूमि अनेक पौराणिक धर्म ग्रंथों की जन्मस्थली रही है। उन्होंने लेखक गांव को देश-दुनिया के लिए अनुकरणीय बताया। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लेखक गांव ऐसा स्थल बनेगा, जहां लेखकों को न केवल अपनी रचनात्मक लेखन शैली के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा बल्कि सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहरों को संरक्षित करने का भी एक मंच मिलेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने 15 से अधिक पुस्तकों का विमोचन किया। साथ ही अनेक लेखकों-साहित्यकारों को सम्मानित भी किया। समारोह में अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# भारतीय सेना के अधिकारियों के लिये आयोजित की गयी अमरन की विशेष स्क्रीनिंग



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए मेजर मुकुंद वरदराजन के जीवन पर आधारित आने वाली फिल्म अमरन की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गयी। राष्ट्र के नायकों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए, फिल्म अमरन की टीम ने राजधानी दिल्ली में भारतीय सेना के अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग की मेजबानी की। स्क्रीनिंग में फिल्म अमरन के मुख्य कलाकार शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी के साथ-साथ निर्देशक राजकुमार पेरियासामी भी मौजूद थे, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से फिल्म देखने के लिए समय निकालने के लिए सैनिकों और उनके प्रियजनों का आभार व्यक्त किया।

# अगली जनगणना में शामिल होगी सभी जातियों की गणना: जयराम रमेश

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। कांग्रेस ने सोमवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि क्या अगली जनगणना में



सभी जातियों की व्यापक गणना शामिल होगी और क्या जनगणना का उपयोग लोकसभा में प्रत्येक राज्य की शक्ति तय करने के लिए किया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि महा पंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) और जनगणना आयुक्त का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है, जिसका मतलब है कि 2021 में होने वाली जो जनगणना लंबे समय से टली हुई थी, अब जल्द ही होगी। रमेश ने कहा, लेकिन अभी भी दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर कोई स्पष्टता नहीं है। क्या इस नई जनगणना में देश की सभी जातियों की विस्तृत गणना होगी, जैसे कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गणना 1951 से हर जनगणना में की जाती है? भारत के संविधान के मुताबिक जाति जनगणना का काम केवल केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इस जनगणना का इस्तेमाल लोकसभा में प्रत्येक राज्य शक्ति तय करने के लिए होगी, जैसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82 (जो कहता है कि 2026 के बाद पहली जनगणना और इसके परिणामों का प्रकाशन किसी भी पुनर्गठन का आधार बनेगा) में कहा गया है? क्या इससे उन राज्यों को नुकसान होगा, जो परिवार नियोजन में आगे रहे हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि इन दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्पष्टता पाने के लिए एक सर्वदलीय बैठक करना सबसे उचित होगा। मृत्युंजय कुमार नारायण अभी महा पंजीयक और जनगणना आयुक्त हैं। केंद्र ने उनके कार्यकाल को अगस्त 2026 तक बढ़ा दिया है। यह फैसला उन्हें देश में जनगणना का काम करवाने के लिए आगे बढ़ने का मौका देगा। नारायण भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1995 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के अधिकारी हैं और वह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत इस महत्वपूर्ण पद पर 2020 से कार्यरत हैं। जनगना का प्रारंभिक चरण और राष्टीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को अपडेट करने का काम एक अप्रैल से 30 सितंबर 2020 तक पूरे देश में होने वाला था। लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।


**NAME CHANGE**

I, SUMAN RANI Wife of No-14437426H, Rank-HAV, Name-DINESH KUMAR residing at VILL-DAKHORA, PO-DAKHORA, DISTT-REWARI, HARYANA-123401 have changed my name from SUMAN RANI to SUMAN RANI YADAV for all future purposes vide Affidavit dated 28/10/2024 before Executive Magistrate, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, ANUSHKA YADAV Daughter of No-14437426H, Rank-HAV, Name-DINESH KUMAR residing at VILL-DAKHORA, PO-DAKHORA, DISTT-REWARI, HARYANA-123401 have changed my name from ANUSHKA YADAV to ANUSHKA for all future purposes vide Affidavit dated 28/10/2024 before Executive Magistrate, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, BABU LAL S/o MANGARU R/o S-313/R-13, EAST MEHRAM NAGAR, IGI AIRPORT, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110037, have changed my name from BABU LAL to BABU LAL PAL for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Ankit Kumar S/o Akhilesh Kumar yadav R/O D-84,Madhu vihar, west Delhi - 110059 have changed my name from Ankit Kumar to Ankit Kumar Yadav for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Anjali W/o Sanjay Khatri R/o D-2004, Gurgaon One, Alpha Corp, Sector-84, Sihi, Gurgaon, Haryana-122004, Have Changed My Name To Anjali Khatri For All Future Purpose

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as SULENDAR SONKAR S/o RAMNATH residing at Jhuggi-211, Indra Colony, Shalimar Bagh, North West Delhi -110088 have changed my name and shall hereafter be known as VIRENDAR SONKAR.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to public that my client Smt. Krishna Devi W/o Late Sh. Nageshwar R/o H. No. A-73-B, A Block, Bharat Vihar, Kakraula, Delhi-110078, has disowned her son namely Sh. Vikas Kumar S/o Late Sh. Nageshwar R/o H. No. A-73-B, A Block, Bharat Vihar, Kakraula, Delhi-110078, from all her moveable and immovable properties and my client has severed all relations with him. If in future anybody deals with him shall do at his/her own risk and my client shall not be responsible in any manner for his any kind of act, deeds and liabilities.

**KETAN KUMAR (ADVOCATE)**
Office. A-596, Gali No. 17, Mahavir Enclave, Part-2, Dabri Dwarka Road, Delhi-110059 Mob. 8384006676

**NAME CHANGE**

I, DUDIKI ANKAMA RAO Father of No-15178784A Rank-HAV(DS), Name-DUDIKI SRINIVASA RAO Presently residing at VILL-MEDIKONDUR, POST-MEDIKONDUR, TEH-MEDIKONDUR, DIST-GUNTUR, STATE-ANDRA PRADESH-522438 have changed my name from DUDIKI ANKAMA RAO to DUDIKI ANKAMMA for all future purposes vide Affidavit dated 28/10/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SANGITA Wife of No-15811668X Rank-HAV Name-KHAMKAR PANDURANG KISAN residing at VILL-GHARGAON, PO-GHARGAON, TEHSIL-SHRIGONDA, DIST-AHMADNAGAR, MAHARASHTRA-413728, have changed my name from SANGITA to SANGITA PANDURANG KHAMKAR for all future purposes vide Affidavit dated 28/10/2024 before Executive Magistrate, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती सुरिन्दर चावला धर्मपत्नि श्री एच. के. चावला और उनके बड़े बेटे श्री कपिल चावला सुपुत्र श्री एच. के. चावला दोनो निवासी मकान नो एच. –54, दूसरी मंजिल, राजौरी गार्डन, वैस्ट डिस्टिक, दिल्ली–110027 ने अपने पुत्र एवं अपने भाई श्री जतिन चावला को दोनों ने अपनी सभी चल–अचल सम्पत्तियों से वंचित कर दिया है जिसकी वजह उसके निकम्मेपन, बेरोजगारी एवं चिड़चिड़े स्वभाव के कारण उन दोनों से लगातार झगड़ा करने के कारण उससे सभी संबंध समाप्त कर लिए हैं। मेरी दोनों मुवक्किल श्री जतिन चावला के द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन देन व किसी कार्य और कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे और श्री जतिन चावला के साथ कोई भी लेन – देन एवं किसी भी प्रकार का व्यावहारिक संबंध अपने स्वयं के जोखिम पर करेगा।

**V.K.. SINGH Advocate**
DWRAKA COURT, Complex
New Delhi

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as VEENA W/o MURARI LAL residing at House No. C/7/133, Sadar Thana Road, Motia Khan, Pahar Ganj, Central Delhi, New Delhi - 110055 have changed my name and shall hereafter be known as BEENA.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, SHIVENDRA PRATAP SINGH S/O RAJENDRA BAHADUR SINGH R/O H NO-3558, 3RD FLOOR, GALI NO-4, NARNG COLONY TRI NAGAR, ONKAR NAGAR, NORTH WEST DELHI, DELHI-110035, declare that name of my minor son has been wrongly written as SHARAVAN PRATAP SINGH in my minor son SHRAVAN PRATAP SINGH aged 14 years in his school records . The actual name of mine is SHRAVAN PRATAP SINGH, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client Mr. Aagan Jain who is Purchasing the Property bearing no. A-2 with roof rights, measuring 50 Sq. yards, out of Khasra no. 18/8, situated in the revenue estate of village Kamalpur, in the abadi of Chandan Vihar, A2-Block, West Sant Nagar, Majra, Illaqa Burari, Delhi- 110084 Budh Nagar from Mrs. Saroj Rani who is the owner of the said property vide General Power of Attorney, Agreement to Sell & WILL dated 26.10.2012 and intend to get the financial assistance from SMFG India Home Finance will provide the financial assistance. If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan and Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client Mr. Reetesh Kumar who is Purchasing the Residential Plot area measuring 45 Sq.Yds , Khasra no. 237m, Village Sadarpur, Pargana & Tehsil Dadri , Distt. Gautam Budh Nagar from Mrs. Sunita Rani who is the owner of the said property vide Sale Deed dated 26.06.2009 and intend to get the financial assistance from Piramal Capital & Housing Finance Limited will provide the financial assistance. If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan and Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client Mr. Ashok Mittal who is Purchasing the Built–Up Property No. RZ- G-52, land area measuring 100 Sq. Yds., out of Khasra No. 82/21, situated in the revenue Estate of Village Palam, Delhi Estate and colony known as Mahavir Enclave, New Delhi – 110045 from Mrs. Jainamma Philip who is the owner of the said property vide Relinquishment Deed dated 14.09.2024 and intend to get the financial assistance from Aditya Birla Housing Finance Ltd .will provide the financial assistance. If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Khaitan and Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**NAME CHANGE**

I, DEEPESH YADAV Son of No-14437426H, Rank-HAV, Name-DINESH KUMAR residing at-VILL-DAKHORA, PO-DAKHORA, DISTT-REWARI, HARYANA-123401 have changed my name from DEEPESH YADAV to DEPENDER SINGH for all future purposes and in my father's service records my date of birth wrongly mentioned as 03/02/2008 instead of my correct date of birth as 03/02/2006 vide Affidavit dated 28/10/2024 before Executive Magistrate Delhil

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that Mr. Vijay Kumar who is the owner of Plot area measuring 33.25 Sq. Yds., Khasra No.507, Situated at Ashok Vatika, Village Pasonda, Loni, Ghaziabad (U.P), became owner through Sale Deed dated 21.06.2023 (Vide Doc. No.6371) executed by Mr. Subham Bhati and same to be finance & mortgage by Hinduja Housing Finance Ltd., having its Branch at Shalimar Garden, U.P. That, (1) Death Certificate of Late Mr. Rangi Lal died on 28.09.2003, (2) Death Certificate of Late Mrs. Lal Jhari Devi died on 02.08.2011 & (3) SMC of Late Mr. Rangi Lal & Late Mrs. Lal Jhari Devi reflecting legal heirs as Mr. Sunil Kumar (Son), Mr. Ashok Kumar (Son) & Mr. Jitender Kumar (Son) are not available in the records. So, to comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Advocate Abhishek Singh**
A-2/367, Nand Nagri
Near GTB Enclave,
SDM Court Nand Nagri, Delhi-110093
Mobile: 7706007066
Email: advabhisingh1993@gmail.com

## गेंहू की बिजाई के लिये जरुरी डीएपी के लिये दर दर भटक रहा है किसान : दीपेंद्र हुड्डा

एजेंसी

**रोहतक।** सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसान गेंहू की बिजाई के लिये जरुरी डीएपी खाद के लिये दर-दर भटक रहा है। किसान को मंडियों में धान का उचित मूल्य भी नहीं मिल रहा है बल्कि डीएपी खाद किसी कीमत पर भी नहीं मिल रही है। सरकार ने कहा था कि धान खरीद 3100 रुपये में होगी, लेकिन सरकार ने कभी किसानों के हित का संज्ञान नहीं लिया। किसानों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सरकार को तुरंत ध्यान देना चाहिए। पराली प्रदूषण के मुद्दे पर सरकार को किसान विरोधी बताते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि किसानों पर दो साल तक मंडियों में फसल बेचने का प्रतिबंध, एफआईआर उचित नहीं है जबकि फैक्ट्रियों से निकलने वाला प्रदूषण पराली से कहीं ज्यादा होता है तो क्या सरकार फैक्ट्रियों पर भी 2 साल तक बिक्री का प्रतिबंध लगा देगी। ये सही नहीं है, सरकार को पराली की समस्या का समाधान निकालना चाहिए। किसानों को इन्सेंटिव देकर इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## गोहाना ब्लाक समिति के चेयरमैन प्रदीप खरब व सरपंच अजीत भाजपा में शामिल

**सोनीपत।** भाजपा नेता प्रदीप सांगवान ने विधानसभा बरोदा के गांवों में धन्यवादी दौरा किया जिसमें उन्होंने कहा कि आपकी सेवा में 24 घंटे हाजिर हूं। सरकार आपकी है इसमें काम आपके होने हैं। बिना भेदभाव के हर वर्ग के काम होंगे। सांगवान गांव बिलबिलान, गुमाना, जसराना व भैंसवाल कलां में ग्रामीणों का धन्यवाद करने पहुंचे। प्रदीप सांगवान के नेतृत्व में गांव गुमाना वासी गोहाना ब्लाक समिति के चेयरमैन प्रदीप खरब व सरपंच अजीत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। गांव गुमाना में अपने संबोधन में कहा कि अपने बरोदा हलका में विकास कार्यों की कोई नहीं रहने दूंगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी व मंत्रियों से मिलकर हलके की सभी मूलभूत परियोजनाओं को लागू करवाने का मेरा पूरा प्रयास रहेगा। भाजपा का नारा है सबका साथ सबका विकास इसी नारे को फलीभूत करने का काम करूंगा। ग्रामीणों का आह्वान किया कि आप अपनी समस्याओं को मुझे बताओ, तुरंत संबंधित अधिकारियों से उनको हल करवाने का काम करूंगा। बेहिचक किसी भी समय आप मेरे से मिलो, आपकी पूरी सेवा होगी।

## झज्जर जिला में दीपावली पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**झज्जर।** त्योहारों के दौरान जिले के बाजारों में बढने् वाली भीड़ को ध्यान रखते हुए आमजन की सुरक्षा को लेकर पुलिस का पहरा और ज्यादा बढ़ गया है। बाजारों में लोगों की भीड़ भी बढ़ रही है वाहनों के चलते जाम की स्थिति भी बनने लगी है। ऐसे में जाम व अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस अलर्ट हो गई है। इसी को ध्यान रखते हुए भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे बाजारों, मॉल, होटल व मुख्य चौक चौराहों पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि दीपावली पर बाजारों में भीड़भाड़ के चलते छीना झपटी व जेब तरास गिरोह सक्रिय हो जाता है। ऐसे में बाजारों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए बाजारों में सादी वर्दी में पुलिस की तैनाती की गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। मुख्य बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है, जिनमें कुछ कर्मचारी सादा कपड़ों में ड्यूटी करते हुए असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। मनचले युवकों, चेन स्नेचर व जेब तराशने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी नजर रहेगी हैं। पैदल गश्त के अतिरिक्त राइडर व पीसीआर भी ऐसे स्थानों पर निरंतर गश्त कर रही। दुपहिया वाहनों पर चलने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस विभाग विशेष नजर रखे हुए है। साथ ही यातायात के नियमों को उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे जा रहे है। चौक चौराहे पर जहां पुलिस पी.सी.आर गश्त कर रही है, वहीं अप्रोच रास्तों पर चिता राइडर की तैनाती की गई। ताकि यातायात सुचारू रहने के साथ कोई अपराधिक घटना न हो। क्योंकि त्यौहारी सीजन में छीना झपटी की वारदातें बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा दीपावली से पहले ही इस तरह की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है।

## रोहतक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी गठित

**रोहतक।** कार्यकर्ता सहायिका यूनियन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन हुड्डा सिटी पार्क में हुआ। इसमें 16 सूत्री आंदोलन गठित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही यूनियन की सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी भी गठित की गई। कृष्णा मंढ़ाना व पुष्पा दलाल को पुन प्रदेश अध्यक्ष व महासचिव चुना गया। साथ ही तारा देवी व शीला देवी को उपाध्यक्ष, बलजीत यादव को कोषाध्यक्ष, शीला मौन को सहसचिव, कृष्णा कुमारी को लेखाकार, संतोष ढांड को संगठन सचिव, कौशल्या चहल को प्रेस सचिव चुना गया, जबकि रौशनी चौधरी, सन्तोष सरोहा, सरोज, सन्तोष ढिल्लों, बिन्दु शर्मा, कविता व सुमन को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सरकार से आंगनवाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी बनाने और तब तक 28 हजार रुपए मासिक न्यूनतम वेतन देने, सरकारी कर्मचारी को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य हितलाभ प्रदान करने, 975 के रोके गए मानदेय का अविलम्ब भुगतान करने, आंगनवाड़ी केन्द्रों का किराया और गैस सिलेंडर के पैसे हर महीने देने और बच्चों और महिला लाभार्थियों को अच्छा क्वालिटी राशन उचित मात्रा में देने की मांग की।

# हरियाणा में बनेगा हरिद्वार से भी बड़ा आचार्यकुलम - नायब सिंह सैनी

### हरियाणा में पतंजलि की भावी योजनाओं के लिए स्वामी रामदेव का आभार : नायब सिंह सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के विकास के लिए संतों से आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में संचालित आचार्यकुलम के 12वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को धनतेरस, दीपावली, अन्नकूट, भैया दूज, छठ पर्व की बधाई देते हुए कहा कि मैं हरि के प्रदेश से हरि दे द्वार आया हूं। संतों के बीच उपस्थित होना मेरा सौभाग्य है। इस कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने हरियाणा में हरिद्वार से भी बड़ा आचार्यकुलम स्थापित करने की घोषणा। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आचार्यकुलम स्थापित करने में हर संभव सहयोग देने की बात करते हुए कहा कि हरियाणा में हरिद्वार से बड़ा आचार्यकुलम स्थापित करने की पतंजलि योग संस्थान की योजना हरियाणा की दो करोड़ अस्सी लाख जनता के लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित संतों से आग्रह किया कि वे उन्हें अपना आशीर्वाद दें जिससे वे हरियाणा में विकास के नए आयाम स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि पतित पावनी मां गंगा के तट पर आकर मेरा उत्साह बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मैं यहां से नई ऊर्जा और चेतना लेकर जा रहा हूं, जिससे अपने प्रदेश का और तेज गति से विकास कर सकूंगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आयुर्वेद और योग की पुनर्स्थापना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए योग गुरु बाबा रामदेव को साधुवाद देते



हुए कहा कि हरियाणा सरकार योग और आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हरियाणा की लगभग 6500 पंचायतों में व्यायामशालाएं स्थापित करने का कार्य सरकार ने किया है। हरियाणा सरकार ने गांवों में वेलनेस सेंटर स्थापित किए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को योग की तरफ आकर्षित करने के लिए योग शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। हरियाणा में योग को पहली से दसवीं कक्षा तक अनिवार्य किया गया है। कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना हो गई है। पंचकूला में बड़ा चिकित्सा केंद्र और झज्जर जिले में एक अनुसंधान केंद्र स्थापित किया गया है। हरियाणा में योग को बढ़ावा देने के लिए योग आयोग की स्थापना की गई है। प्रदेश में 506 आयुर्वेदिक औषधालय/आयुष्मान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि आचार्यकुलम से पढ़कर निकलने वाले युवा समाज की सच्ची शक्ति साबित होंगे। उन्होंने कहा कि जिस आचार्यकुलम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से हुआ है, उसके वार्षिक उत्सव में शामिल होना मेरे लिए गर्व का विषय है। आचार्यकुलम देश के आर्थिक, वैचारिक विकास में योगदान देगा, जिससे देश विश्व गुरु बनने की दिशा में और तेजी से अग्रसर होगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का हरिद्वार पतंजलि योग संस्थान पहुंचने पर आचार्य बालकृष्ण ने हेलीपैड पर पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। पतंजलि योग संस्थान के वार्षिक कार्यक्रम में शिरकत करने से पूर्व उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित कन्या गुरुकुल, वेलनेस सेंटर और पतंजलि संस्थान के रिसर्च सेंटर का अवलोकन किया। इन सभी स्थानों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बारीकी से सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। विशेष रूप से पतंजलि आयुर्वेदिक रिसर्च सेंटर की व्यवस्थाओं के बारे में उन्होंने काफी रुचि दिखाई। इस मौके पर रिसर्च सेंटर के डॉक्टर अनुराग वार्ष्णेय ने उन्हें लेबोरेट्री की हर व्यवस्था और शोध की प्रक्रिया के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि पतंजलि शोध संस्थान जैसी संस्थाएं हरियाणा में भी स्थापित करेंगे।

## गोहाना के गांवों में जल्द शुरू होंगे साढ़े 16 करोड़ रुपए के विकास कार्यः अरविंद शर्मा

एजेंसी

**सोनीपत।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रदेश की युवा शक्ति को बेहतर दिशा देने के लिए सहकारिता विभाग युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रणनीति बना रहा है। बिना पर्ची-बिना खर्ची के लगभग 25 हजार नौकरी देकर हजारों परिवारों को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दीवाली का तोहफा देने का काम किया है। डॉ अरविंद शर्मा ने गोहाना के सिंचाई विश्राम गृह में कार्यकर्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं को 2 लाख सरकारी नौकरी देने के वादे पर सरकार काम कर रही है। युवा शक्ति का बेहतर इस्तेमाल करने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने के लिए सहकारिता विभाग द्वारा सोसायटी बनाकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इस दिशा में काम करने के निर्देश दे दिए गए हैं। हम हर युवा पर ध्यान देंगे और उसे मेहनत करने के लिए



प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि गोहाना विधानसभा में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहेगी। हर गांव, हर वार्ड में विकास कार्यों को करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। हलके के गांवों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए साढ़े 16 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की जा चुकी है और इन विकास कार्यों को जल्द शुरू करवाया जाएगा। सहकारिता मंत्री ने कहा आमजन द्वारा उनके सामने रखी जाने वाली समस्याओं के समाधान के लिए वह काम करेंगे। अरविंद शर्मा ने स्पष्ट किया कि वो हर वर्ग, हर समुदाय को साथ लेकर चलेंगे, ताकि समान भावना के साथ विकास कार्यों को रफ्तार दी जा सके।

## हरियाणा प्रदेश को तीव्र गति से विकास की नई गति देने का होगा प्रयासः कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

एजेंसी

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 17 प्रतिशत तक के नमी वाले धान के एक-एक दाने की खरीद होनी चाहिए और इस संबंध में यदि किसी की शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। हरियाणा राज्य की मंडियों में एमएसपी पर सरकारी खरीद जारी है व खरीद का पैसा सीधे किसानों के बैंक खाते में जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार किसान भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, किसानों के हित में हरियाणा सरकार की एक और नेक पहल के अंतर्गत रबी फसल 2024-25 हेतु गेहूं के प्रमाणित बीजों पर 1,000 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।श्याम सिंह राणा ने केन्द्र सरकार की प्रशंसा करते हुए बताया कि महिलाओं की स्थिति को



सुधारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत हरियाणा से की थी, पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के सम्मान में केंद्र व हरियाणा सरकार ने बड़ा कार्य किया है। महिलाओं को सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन बिल पास हुआ, सुकन्या समृद्धि योजना, निःशुल्क उज्जवला गैस, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुद्रा योजना, जन धन आदि बहुत सी योजनाओं से महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है, सेल्फ हेल्प ग्रुप और ड्रोन दीदी के जरिए महिला सशक्तिकरण का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार नॉन स्टॉप हरियाणा और बढ़ता हुआ हरियाणा को लेकर काम करेगी।

## ऑपरेशन आक्रमण चलाकर पुलिस ने अपराधियों पर की कड़ी चोट



एजेंसी

**सोनीपत।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर और पुलिस आयुक्त सोनीपत सतेन्द्र गुप्ता के आदेशानुसार, सोनीपत जिला पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण स्थापित करना है।पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त सतेन्द्र गुप्ता ने अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए 98 पुलिस टीमों में 441 जवानों को तैनात किया। विशेष ऑपरेशन के तहत, दो नए मामले दर्ज किए गए और 27 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 116 ग्राम गांजा जब्त हुआ और आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब की 288 बोतलें भी पकड़ी गईं। अपराधियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामले दर्ज कर कार्रवाई की गई।

इसके अलावा, अभियान के दौरान 154 वाहनों का चालान किया गया और आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस आयुक्त ने अपराधियों को स्पष्ट संदेश दिया कि सोनीपत में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। अपराध पर नकेल कसने के साथ साथ सोनीपत में कानून व्यवस्था के प्रति जनता का भरोसा भी बढ़ाया है।

## संस्कारों में दिव्यता लाना ही दिवाली का मूल उद्देश्यः बीके बृजमोहन

एजेंसी

**गुरुग्राम।** ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में दीपों का पावन पर्व दीपावली बड़े हर्षोल्लास से मनाया। दादी प्रकाशमणी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सेंकड़ों सदस्यों ने दीप जलाकर सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कलाकारों ने गीत एवं नृत्य के माध्यम से भी दीपोत्सव की शुभकामनाएं व्यक्त की। सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक पण्डित बृजेश मिश्रा एवं बीके रीना ने ईश्वरीय स्मृति के गीतों से मनोरंजन किया।

संस्था के महासचिव राजयोगी बीके बृजमोहन ने कहा कि दीवाली पर सभी लोग नई वस्तुएं खरीदते हैं। एक-दूसरे के लिए मंगल कामनाएं करते हैं। लेकिन असली मंगल तो जीवन में तभी आता है, जब हम अपने संस्कारों में नवीनता अर्थात दिव्यता एवं श्रेष्ठता लाते हैं। ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि दीवाली का दिन ब्रह्माकुमारीज संस्थान के लिए बहुत खास है। क्योंकि दीपावली के दिन ही सन् 1937 को ब्रह्माकुमारीज संस्था के ट्रस्ट की



स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि दीवाली को हम संस्था के स्थापना दिवस के रूप में भी मनाते हैं। संस्था के दिल्ली हरीनगर से सम्बन्धित सेवाकेंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी बीके शुक्ला दीदी ने कहा कि दीवाली वास्तव में अज्ञानता के अंधकार को समाप्त कर ज्ञानदीप जगाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दीपराज परमात्मा शिव कलयुग के अंत में आकर आत्माओं का ज्ञानदीप जगाकर उन्हें अज्ञान अंधकार से मुक्त करते हैं। इस अवसर पर जिला पार्षद अंजू शर्मा भी उपस्थित थी। कार्यक्रम में शक्ति नगर सेवाकेंद्र निदेशिका राजयोगिनी चक्रधारी दीदी, दिल्ली, करोल बाग की निदेशिका राजयोगिनी पुष्पा दीदी, संस्था के जापान स्थित सेवाकेंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी रजनी दीदी एवं ओआरसी की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी विजय दीदी ने भी दिवाली की शुभकामनाएं व्यक्त की।

## परेशन आक्रमण में पकड़े गए लूट की वारदात के दो आरोपी

**गुरुग्राम।** अपराधों व अपराधियों पर नकेल कसने के साथ कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण में लूट की वारदात के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। जानकारी के अनुसार रविवार को पुलिस थाना शहर सोहना में एक व्यक्ति ने एक लिखित शिकायत देकर कहा कि शनिवार की शाम को नंगली मोड़ सोहना से मोटरसाईकिल पर सवार होकर आए कुछ युवकों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। उसका मोबाईल भी छीन लिया। इस शिकायत पर पुलिस थाना शहर सोहना में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। पुलिस की ओर से ऑपरेशन आक्रमण चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े। पूछताछ में पता चला कि उन्होंने ही नंगली मोड़ पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट व लूट की घटना को अंजाम दिया था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## वायु प्रदूषण के खिलाफ सोनीपत का संघर्षः नगर निगम की अनूठी पहल

एजेंसी

**सोनीपत।** वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सोनीपत नगर निगम ने शहर में स्मॉग गन और अन्य साधनों से पानी का छिड़काव कर प्रदूषण को कम करने की कोशिश की है। नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रदूषण नियंत्रण के इस अभियान में सक्रिय रूप से योगदान दें और ऐसे कोई कार्य न करें जिससे धूल और धुआं वातावरण में फैले।

आयुक्त मीणा ने कहा कि सभी के लिए शुद्ध हवा मेंसांस लेना मौलिक आवश्यकता है, इसे बनाए रखने के लिए नागरिकों को एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) की गाइडलाइन का पालन करना आवश्यक है। नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें, खुले में कूड़ा न जलाएं, और निर्माण सामग्री को ढककर रखें ताकि वातावरण में धूल न फैले। शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) बढ़ने से रोकने के




लिए, नगर निगम द्वारा निर्माण स्थलों पर पानी का छिड़काव करने और ट्रैफिक जाम को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने और निर्माण कार्यों में एनजीटी की गाइडलाइन का पालन करवाने के सख्त निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाएं और नगर निगम के प्रयासों में सहयोग करें ताकि भविष्य में सोनीपत को एक स्वच्छ और स्वस्थ शहर के रूप में स्थापित किया जा सके।

## शिक्षा व संस्कार के मिलन से ही होगा समाज और राष्ट्र का विकासः रणबीर सिंह गंगवा



एजेंसी

**हिसार।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि गुरुकुल में पढ़ाई के साथ ऐसे संस्कार दिए जाते हैं जो किसी राष्ट्र और समाज के निर्माण में अहम योगदान देते हैं। रणबीर सिंह गंगवा हिसार के गुरुकुल आर्यनगर के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरुकुल में पढ़ाई के साथ-साथ जीवन जीने से संबंधित संस्कार भी दिए जाते हैं। महिलाओं के साथ बढ़ते हुए अपराध तथा इसमें युवा वर्ग के संलिप्त होने में सबसे बड़ा कारण संस्कारों की कमी है। गुरुकुल से निकले विद्यार्थी आज बड़े-बड़े पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। गुरुकुल के शुद्ध वातावरण में मानसिक शांति का अनुभव होता है।जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने गुरुकुल में शेड निर्माण के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ-साथ गुरुकुल में जलघर से पानी की सप्लाई और मुख्य रोड से गुरुकुल तक के रोड के निर्माण कार्य की मांग को भी स्वीकार करते हुए कहा कि जल्द ही इस रोड का एस्टीमेट बनाकर रोड का निर्माण कार्य किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य करवाने की रहेगी। उन्होंने बताया कि आर्य नगर और कैमरी गांव को महाग्राम योजना में शामिल किया जाएगा, जिससे गांव में शहरों की तर्ज पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, गंगवा गांव को महाग्राम में शामिल कर 78 करोड़ की योजनाओं का कार्य जारी है।

## सकारात्मक ऊर्जा का महान मंच होते यूथ फेस्टिवल : डा. वंदना बिश्नोई

एजेंसी

**हिसार।** गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के 12 वें इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन का शुभारंभ विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई ने किया। उनके साथ उनके पुत्र इंजीनियर प्रद्यूमन बिश्नोई भी थे।डा. वंदना बिश्नोई ने कहा कि यूथ फेस्टिवल का यह मंच सकारात्मक ऊर्जा का एक महान मंच है। यह केवल प्रतिभागियों की प्रतिभा का ही मंच नहीं है, बल्कि भारत के युवाओं प्रतिभा की पहचान का मंच भी है। उन्होंने कहा कि यूथ फेस्टिवल युवाओं को उनकी ताकत, भावनाओं और छिपी प्रतिभा को उजागर करता है। आंतरिक गुणों में वृद्धि कर एक नई ताकत प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में 20 वर्षों से भी अधिक के अनुभव से उन्हें पता चलता है कि गांव से आने वाले विद्यार्थी, विशेषकर लड़कियां आज भी बहुत शर्मिली हैं। अपनी बात और भावों को आत्मविश्वास से कहने में झिझक करती हैं। यह मंच युवाओं के आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। खुशी की बात है कि यूथ फेस्टिवल के मंच पर प्रस्तुति देने वालों में




लड़कियों की संख्या अधिक है। यह भारत की महिला बढ़ती भागीदारी का प्रत्यक्ष प्रमाण है।डा. वंदना बिश्नोई ने कहा कि इस मंच से प्रतिभागियों को इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं के लिए खुद को तैयार करने का अवसर भी मिलता है।

प्रतिभागियों को उनकी प्रतिभाएं यह बताती हैं कि वे किसी प्रकार दूसरों से अलग हैं। प्रतिभागी इस उत्सव के वास्तविक नायक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे जीवन में मिलने वाले मौकों का फायदा उठाएं।साथ ही उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजन टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आयोजन टीम के अथक प्रयासों के चलते ही यह आयोजन इतना शानदार और सफल हो रहा है। इस अवसर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. योगश छाबा, डीवाईडब्ल्यू प्रो. हिमानी शर्मा भी उपस्थित रहे। मंच संचालन डात्र गीतू धवन तथा डा. पल्लवी ने किया।

## शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मिला राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ, अपनी मांगें रखीं

एजेंसी

**हिसार।**चंडीगढ़। आल हरियाणा राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाकात कर उन्हें बतौर शिक्षा मंत्री कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दीढ्ढ इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगें रखते हुए शिक्षा मंत्री से इनके शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई। संघ प्रवक्ता डॉ. रवि शंकर ने बताया कि संघ अध्यक्ष डॉ. अमित चौधरी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार, महासचिव डॉ. प्रतिभा चौहान, संगठन सचिव डॉ. सुनील कुमार एवं वित्त सचिव डॉ. प्रियंका सहित प्रदेशभर से आए महाविद्यालय शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा से मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन कियाढ्ढ इस विषय में संघ अध्यक्ष डॉ. अमित चौधरी ने कहा कि नवनियुक्त शिक्षामंत्री के कुशल नेतृत्व में राज्य में उच्चतर शिक्षा का उत्तरोतर विकास होगा ऐसी समस्त शिक्षक वर्ग की अपेक्षा हैढ्ढ उन्होंने विश्वास दिलाया कि शिक्षा एवं शिक्षक हित में उठाए गए प्रत्येक कदम में संघ बढ़ चढ़कर उनका एवं हरियाणा सरकार का साथ देगा।

संघ की महासचिव डॉ. प्रतिभा चौहान ने कहा कि हरियाणा उच्चत्तर शिक्षा के क्षेत्र में देश के अनेक राज्यों से आगे है ढ्ढ यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जिसमें नई शिक्षा नीति 2020 को वर्ष 2025 तक लागू करने का निर्णय लिया है, जबकि भारत सरकार ने राज्यों को इसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक दिया है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि प्रदेश के शिक्षकों एवं शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने हेतु सरकार सकारात्मक कदम उठाएढ्ढ महिपाल ढांडा जी के नेतृत्व में प्रदेश कि उच्चत्तर शिक्षा नए आयाम स्थापित करे ऐसी हम सब की आशा है।इसी के साथ संघ ने उच्चत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा के प्रधान सचिव डॉ. डी सुरेश से मिलकर उन्हें धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कियाढ्ढ ज्ञातव्य है कि अभी हाल ही में विभाग द्वारा 246 महाविद्यालय शिक्षकों को पदोन्नत कर प्रोफेसर बनाया गया तथा इससे पहले 264 शिक्षकों को सिलेक्शन ग्रेड भी प्रदान किया गया। अध्यक्ष डॉ. अमित चौधरी ने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे ग्रामीण सेवा की बाध्यता के कारण शिक्षकों के सीनियर स्केल, सेलेक्शन ग्रेड एवं पे-बैंड ढ्ढ जो विभाग द्वारा रोके गए हैं, विभिन्न विभागों से उच्चत्तर शिक्षा विभाग में नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों के कई वर्षों से वेतन नियतन के लंबित मामले, महिला शिक्षकों की सी.सी.एल. आदि विभिन्न मामलों के समाधान के विषय में संघ निरंतर प्रयासरत है।

# रिलायंस, एनटीपीसी समेत कई कंपनियों से मिलेगा दिवाली गिफ्ट, इसी सप्ताह एक्स ट्रेड होंगे 31 शेयर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार में लिस्टेड 31 कंपनियां पर निवेशकों की नजर टिकी रहने वाली है। इसी सप्ताह रिलायंस, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एनटीपीसी, मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स जैसी 31 कंपनियों के शेयर एक्स डिविडेंड और एक्स डेट होने वाले हैं। इन कंपनियों ने अपने शेयर होल्डर्स के लिए पहले ही डिविडेंड का या शेयर स्प्लिट का ऐलान कर दिया है। आपको बता दें कि एक्स डिविडेंड होने के बाद अगर कंपनी के शेयरों की खरीदारी की जाती है, तो वैसे स्थिति में निवेशकों को डिविडेंड का फायदा नहीं मिलता है। इसलिए डिविडेंड का फायदा लेने के लिए कंपनी के शेयरों को एक्स डिविडेंड होने के पहले खरीदना जरूरी होता है अगले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज भी अपने बोनस शेयर को लेकर फोकस में बनी रहने वाली है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने शेयर होल्डर्स के लिए एक के अनुपात में एक (1ः1) बोनस शेयर जारी करने का ऐलान किया है। इसके लिए रिलायंस के शेयर कल 28 अक्टूबर को एक्स डेट पर ट्रेड करेंगे, यानी कल तक जिन निवेशकों के डी-मैट अकाउंट में रिलायंस के शेयर आ जाएंगे या पहले से रहेंगे, उन्हें बोनस शेयर का फायदा मिलेगा। इस सप्ताह जो कंपनियां एक्स डिविडेंड होने वाली हैं, उनमें आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी, इंफोसिस, क्रिसिल, सुप्रीम इंडस्टरीज, गैब्रियल इंडिया, मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स, एनटीपीसी, जूलियन एग्रो इंफ्राटेक, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, डोडिया डेरी, एलीकॉन इंजीनियरिंग कंपनी, टेक महिंद्रा, ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन ऑफ इंडिया, सुप्रीम पेट्रोकेम, रामकृष्णा फोर्जिंग्स, भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स, बालकृष्ण इंडस्ट्रीज समेत कुल 31 कंपनियां शामिल हैं।

# सीतारमण ने की गीता गोपीनाथ से भेंट

**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ से मुलाकात की जहां सुश्री गोपीनाथ ने आईएफएम में कोटा की 16वीं सामान्य समीक्षा के लिए भारत के समर्थन का अनुरोध किया। श्रीमती सीतारमण ने विश्व बैंक और आईएमएफ क वार्षिक



बैठक 2024 के सफल आयोजन पर सुश्री गोपीनाथ को बधाई दी और निरंतर सहयोग के प्रति अपनी आशा व्यक्त की। उन्होंने नौकरियों और कौशल पर केंद्रित हाल की केंद्रीय बजट घोषणाओं पर भी प्रकाश डाला। सुश्री गोपीनाथ ने कोटा की 16वीं सामान्य समीक्षा के लिए भारत के समर्थन का अनुरोध किया। भेंट के बाद सुश्री गोपीनाथ ने एक्स पर कहा भारत की आर्थिक संभावनाओं और वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से फिर से जुड़ना शानदार रहा। वित्त वर्ष 24 -25 में 7 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि के साथ, भारत दुनिया की सबसे बड़ी बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

# पेट्रोल और डीजल कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.14 प्रतिशत उबलकर 71.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.20 प्रतिशत उतरकर 75.90 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# धनतेरस के पहले सर्राफा बाजार में तेजी, सोना एक बार फिर 80 हजार के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी मामूली तेजी का रुख बना हुआ है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज एक बार फिर 80 हजार का स्तर पार करके 80,440 रुपये से लेकर 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,750 से लेकर 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इस चमकीली धातु की कीमत आज 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# इस वर्ष दिवाली के त्योहारों पर 4.25 लाख करोड़ रुपये के व्यापार की उम्मीद : कैट

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कनफ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि इस वर्ष दीपावली के त्योहारों पर 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। श्री खंडेलवाल ने आज यहां बताया कि दिल्ली और देश भर के बाजारों में दिवाली और अन्य त्योहारों की श्रृंखला को देखते हुए बड़े ज़ोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया, ÷दिल्ली सहित देश के सभी महानगरों, टियर-2 तथा टियर- 3 शहरों सहित क़स्बों तथा गाँवों के बाज़ारों में दुकानों को दिवाली की थीम के अनुसार सजाया जाएगा। रंग-बिरंगी लाइट्स, रंगोली,और अन्य सजावट का खास ख्याल रखा जा रहा है, ताकि ग्राहकों को त्योहार का माहौल मिले और अधिक से अधिक लोग बाज़ारों की तरफ़ आकर्षित हो सकें। इस वर्ष रक्षा बंधन, नवरात्र और करवा चौथ पर बाज़ारों में बढ़ती भीड़ और हुए व्यापार को देखते हुए दिवाली के



त्योहारों पर व्यापारियों ने 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान लगाया है। सिर्फ दिल्ली में यह व्यापार लगभग 75 हज़ार करोड़ रुपये के होने की उम्मीद है। श्री खंडेलवाल ने बताया कि त्योहार के दौरान मांग में भारी वृद्धि को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने पहले से ही विभिन्न वस्तुओं के अपने स्टॉक को बढ़ाना शुरू कर दिया है जिसमें खासकर गिफ्ट आइटम्स,,कपड़े,ज्वेलरी,इलेक्ट्रॉनिक्स,मोबाइल, फ़र्निशिंग, सजावट सामग्री,पूजा सामग्री, रंगोली,देवी देवताओं की फ़ोटो एवं मूर्तियाँ, रेडीमेड गारमेंट्स, खिलौने, खाद्य वस्तुएँ, कॉन्फ़ेक्शनरी, बिजली का सामान, कंज्यूमर डयूरेबल्स, आदि मुख्य हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने बताया कि ग्राहक को आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार की छूट और प्रमोशनल ऑफ़र देने पर भी विचार किया जा रहा है।दुकानदार कस्टमर को लुभाने के लिए 'बाय वन-गेट वन' या दिवाली डिस्काउंट्स जैसी योजनाएं चला सकते हैं उन्होंने कहा कि चूंकि दिवाली के समय बाजारों में भारी भीड़ होती है, इसलिए पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम करने का आग्रह किया जा रहा हैं। ट्रेड एसोसिएशन भी अपने स्तर पर अतिरिक्त प्राइवेट सुरक्षा गार्ड रखने की योजना बना रही हैं।

# सोनीपत में एक लाख 64 हजार 329 टन धान की खरीद



**एजेंसी**

**सोनीपत।** हरियाणा में सोनीपत की मंडियों में तक एक लाख 64 हजार 329 टन धान की खरीद की जा चुकी है जिसमें कॉमन धान 3224 टन, ग्रेड-ए 1193 टन, बासमती 7601टन तथा 1509 किस्म एक लाख 52 हजार 311टन शामिल है। यह जानकारी उपायुक्त मनोज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि जिला में अब तक किसान 1235.2 टन बाजरा लेकर पहुंचे है। जिसकी खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि धान व बाजरा की खरीद के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की गई है। किसान के धान व बाजरे के एक-एक दाने को खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों व खरीद केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

# सरसों और मूंगफली तेल में उबाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों की तेजी के प्रभाव और स्थानीय स्तर पर त्योहारी मांग बरकरार रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और मूंगफली तेल 807 रुपये प्रति क्विंटल तक उबल गए।

तेल-तिलहनः वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 313 रिंगिट उबलकर 4630 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.4 सेंट की तेजी के साथ 43.93 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान सरसों तेल 807 रुपये और मूंगफली तेल 733 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16923 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 14358 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15018 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 12454 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहनः बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 7550-7650, दाल चना 8550-8650, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10700-10800, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाजः अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-



2800 रुपये और चावल 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में कोई दलाव नहीं हुआ। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4250-4350, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4800-4900 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# पंजाब में धान की निर्बाध खरीद सुनिश्चित कर रहा है केंद्र : प्रह्लाद जोशी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि पंजाब में खरीफ विपणन सीजन (केएमएस) 2024-25 के लिए निर्धारित 185 एलएमटी का लक्ष्य पूरी तरह से खरीदा जाएगा और धान का एक भी दाना बिना तैयार नहीं छोड़ा जाएगा।

मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज यहां पंजाब राज्य में धान और कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) की निर्बाध खरीद सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए उपायों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पंजाब में धान की खरीद आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर को शुरू हुई थी, जिसमें सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी यार्ड सहित 2700 नामित मंडियां थीं। सितंबर में भारी बारिश और धान में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण कटाई और खरीद में थोड़ी देरी हुई। हालांकि, देरी से शुरू होने के बावजूद, राज्य अब नवंबर 2024



तक 185 एलएमटी धान की खरीद के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 26 अक्टूबर तक मंडियों में 54.5 लाख मीट्रिक टन आवक में से 50 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। जोशी ने कहा कि सीएमआर के लिए पर्याप्त भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पंजाब सरकार के साथ कई उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित की गई हैं और प्राथमिकता के आधार पर अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही हैं।मंत्री ने यह भी घोषणा की कि चावल मिल मालिकों की शिकायत निवारण के लिए शीघ्र ही एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाएगा ताकि हितधारकों के सामने आने वाली किसी भी कठिनाई का तुरंत समाधान किया जा सके।

# शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल शीर्ष केंद्रीय बैंकर का मिला अवार्ड

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल दुनिया के शीर्ष सेंट्रल बैंकर का दर्जा मिला है। अमेरिका की पत्रिका 'ग्लोबल फाइनेंस' ने शक्तिकांत दास को शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है। आरबीआई गवर्नर को लगातार दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में 'ए प्लस' का पुरस्कार दिया गया है। रिजर्व बैंक ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में 'ए प्लस' का पुरस्कार दिया गया है। आरबीआई के मुताबिक 'ग्लोबल फाइनेंस' द्वारा अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान दिया गया। दास को तीन केंद्रीय बैंक गवर्नरों की सूची में शीर्ष पर रखा गया है, जिन्हें 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है। 'ग्लोबल फाइनेंस' पत्रिका ने जारी एक बयान में कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और




ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए श्रेणी 'ए' से 'एफ' के पैमाने पर रेटिंग दी गई है। यहां 'ए' उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है, जबकि 'एफ' पूरी तरह से विफलता को दर्शाता है। शक्तिकांत दास के अलावा डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन और स्विट्जरलैंड के थॉमस जॉर्डन को भी केंद्रीय बैंकरों की 'ए प्लस' श्रेणी में स्थान दिया गया है।

# भारत अफ्रीका का समर्थन जारी रखेगा : सीतारमण

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी7 और जी20 से अफ्रीका के लिए समर्थन बढ़ाने का आग्रह करते हुये कहा है कि बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अफ्रीका को तकनीकी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश करते हुए भारत अफ्रीका को हर तरह से समर्थन करना जारी रखेगा।

श्रीमती सीतारमण ने आज यहां विश्व बैंक और अतंरराष्ट्रीय मुद्रा कोर्ष (आईएमएफ) के अवसर पर अफ्रीका में विकास के लिए जी7 पहलों और विकास वित्त चुनौतियों के लिए देश-विशिष्ट समाधानों पर चर्चा करने के लिए जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। भारत और अफ्रीका के बीच गहरी साझेदारी को देखते हुए वित्त मंत्री



ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ इस साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है, जिसका उद्देश्य क्षमता निर्माण, बेहतर सार्वजनिक सेवाओं और जलवायु परिवर्तन से निपटने के माध्यम से अफ्रीका के विकास का समर्थन करना है।

उन्होंने विकास के लिए दीर्घकालिक और किफायती वित्तपोषण तक पहुंच बढ़ाने का आग्रह किया, जिसमें संरचनात्मक सुधारों और नीतिगत उपायों द्वारा घरेलू संसाधन जुटाने को बढ़ावा दिया जाना चाहिए और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक वित्तीय लचीलापन बनाने के लिए विदेशी निवेश को आकर्षित करना चाहिए।

वित्त मंत्री ने विशेष रूप से बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमबीडी) की बढ़ी हुई ऋण देने की क्षमता के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से समर्थन बढ़ाने पर जोर दिया, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# टॉप 10 में शामिल 9 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.10 लाख करोड़ की गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई जोरदार गिरावट के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 9 कपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। वहीं दूसरी ओर सिर्फ 1 के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान 9 कंपनियों के मार्केट कैप 2.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। इन कंपनियों में से हिन्दुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। पिछले सप्ताह के दौरान हिन्दुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 44,195.81 करोड़ रुपये कम होकर 5,93,870.94 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज मार्केट कैप में गिरावट के मामले में दूसरे स्थान पर रही।

# स्टार्टअप्स के वैश्विक सशक्तीकरण का मंच बनेगा वर्ल्ड हिन्दू इकॉनॉमिक फोरम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हिंदू उद्यमियों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आठवां वर्ल्ड हिन्दू इकॉनॉमिक फोरम (डब्ल्यूएचईएफ) 13 से 15 दिसम्बर के बीच मुंबई में आयोजित किया जाएगा जिसमें करीब 45 देशों के 1200 प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुंबई के जिओ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में स्टार्ट अप्स के लिए डब्ल्यूएचईएफ लॉन्चपैड के शुभारंभ किया जाएगा जो हिंदू समुदाय के भीतर अभिनव स्टार्टअप और उद्यमियों का सहयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषण के अवसरों को बढ़ावा देना और नवउद्यमों को आवश्यक परामर्श प्रदान करना है। मुंबई में डब्ल्यूएचईएफ लॉन्चपैड की शुरुआत नये आइडिया पर स्टार्टअप्स को प्रतिष्ठित वैश्विक निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों के एक पैनल के सामने अपने व्यावसायिक विचारों को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।इस




परिवर्तनकारी कार्यक्रम का हिस्सा बनने वाले स्टार्टअप्स के प्रतिष्ठित वैश्विक निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों के पैनल के समक्ष अपने व्यापारिक विचारों को प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। स्टार्टअप्स को दुनिया भर के निवेशकों, सलाहकारों और उद्योग विशेषज्ञों के विविध समूह से जुड़ने और वैश्विक नेटवर्क तैयार करने, व्यक्तिगत और संस्थागत सहायता एवं परामर्श प्राप्त करने, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में प्रमुख स्तंभों तक पहुंच बनाने का अवसर मिलेगा। इस वर्ष डब्ल्यूएचईएफ की थीम भगवद् गीता के सार तत्व पर आधारित है - भविष्य के बारे में सोचो, भविष्य के लिए सोचो।÷ इसमें पहली बार एक ही जगह पर सम्मेलन के साथ- साथ बिजनेस एक्सपो का भी आयोजन किया जाएगा। इस एक्सपो में कई राज्य सरकारें और प्रमुख व्यावसायिक घराने भाग लेंगे।सम्मेलन में करीब 45 देशों के रक्षा और एयरोस्पेस, फार्मास्युटिकल, निर्माण, स्वास्थ्य, इस्पात उद्योग, चिकित्सा उपकरण प्रौद्योगिकी, सीमेंट उद्योग, रसायन और उर्वरक, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक, कृषि, वाहन एवं परिवहन, बैंकिंग और वित्त, बीमा, कोयला, खनिज एवं खनन, स्टार्ट अप इकोसिस्टम, पारंपरिक ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, एफएमसीजी, फिल्म एवं टेलीविजन, तेल और गैस तथा आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्रों के बड़े उद्योग एवं और कारोबार जगत के दिग्गज, पेशेवर, नीति निर्माता, उद्यमी मिलेंगे और आपसी विकास एवं समृद्धि के लिए चर्चा करेंगे।

# फर्जी दस्तावेजों से आठ हजार करोड़ की जीएसटी चोरी करने वाला गिरफ्तार, सात फरार

**एजेंसी**

**मुंबई।** वस्तु एवं सेवा कर विभाग(जीएसटी) की टीम ने फर्जी दस्तावेजों से आठ हजार करोड़ की जीएसटी चोरी करने के मामले में आरोपित अशरफ भाई इस्माईल कलावाडिया को मीरा रोड के एक लॉज से गिरफ्तार किया है। जीएसटी टीम ने कलावाडिया के पास से 21 मोबाइल, दो लैपटॉप, 11 सिम कार्ड, डेबिट कार्ड, चेक बुक, अलग-अलग कंपनियों के नाम की रबर स्टांप जब्त किया है। कलावाडिया को गिरफ्तार कर पुणे की शिवाजीनगर कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक कस्टडी में भेज दिया है। कोरेगांव पार्क पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रूनल मुल्ला के अनुसार जीएसटी पुणे डिवीजन के अधिकारी ऋषि प्रकाश (39) ने कोरेगांव पार्क पुलिस स्टेशन में फर्जी कंपनी के नाम पर दस्तावेज जमा कर 5 हजार से आठ हजार करोड़ रुपये की जीएसटी की चोरी का एक मामला




दर्ज करवाया था। इस मामले की छानबीन के बाद पुलिस ने अशरफ इब्राहिम कलवाडिया, नितिन भागोजी बर्गे, फैसल अब्दुल गफ़र मेवावाला, निज़ामुद्दीन मोहम्मद सईद खान, अमित तेजबहादुर सिंह, राहुल बटुकभैया बरैया, कौशिक मकवाना, जीतेंद्र गोहेल और उनके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें से मुख्य आरोपित अशरफ इब्राहिम को जीएसटी टीम ने शनिवार को गिरफ्तार किया था और उन्हें पुणे में कोर्ट में पेश किया गया था। जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

# केंद्रीय मंत्री नायडू ने विशाखापट्टनम व विजयवाड़ा के बीच शुरू कीं दो नई विमान सेवा

**एजेंसी**

**विशाखापट्टनम।** विशाखापट्टनम और विजयवाड़ा के बीच दो नई उड़ान सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने विशाखापट्टनम हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान का उद्घाटन किया। मंत्री ने विशाखा और गोवा के बीच उड़ान सेवा शुरू करने का भी भरोसा दिया है। उन्होंने राज्य में ड्रोन सिटी और विशाखापट्टनम में स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए भी कार्य हो रहा है। जानकारी के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस सेवा सुबह 9:35 बजे विशाखापट्टनम से उड़ान भरेगी और 10:35 बजे विजयवाड़ा (गन्नावरम हवाई अड्डा) पहुंचेगी है। यह शाम 7:55 बजे विजयवाड़ा से रवाना होगी और रात 9:00 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। इसी क्रम में इंडिगो सेवा विजयवाड़ा से शाम 7:15 बजे उड़ान भरेगी है और रात 8:20 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। यही सेवा विशाखापट्टनम से रात 8:45 बजे रवाना होगी और रात 9:50 बजे विजयवाड़ा पहुंचेगी। इन नई उड़ानों के साथ, विशाखा और विजयवाड़ा के बीच सेवाओं की संख्या बढ़कर तीन हो जाएगी।

इस नई सेवा के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि स्थानीय जनता और क्षेत्र के संसद और विधायक से विशाखा और विजयवाड़ा के बीच उड़ान कनेक्टिविटी बढ़ाने का अनुरोध किया है। यह संभवतः पहली बार है जब दोनों शहरों के बीच एक ही




समय में दो उड़ानें शुरू हुई हैं। लोगों की मांग के अनुरूप हमने इस रूट पर दो सेवाएं शुरू की हैं। जैसे-जैसे दोनों शहरों के बीच याता यात बढ़ेगी और अधिक सीटें उपलब्ध होंगी तब हवाई टिकटों की कीमतें कम हो जाएंगी। वर्तमान में विशाखापट्टनम से विजयवाड़ा के बीच तीन हजार रुपये में टिकट मिलना संभव हो पाएगा। मंत्री ने कहा कि विशाखापत्तनम एक बढ़ता हुआ शहर है। केंद्र एवं राज्य सरकार इसे और अधिक विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है। किसी क्षेत्र के विकास के लिए कनेक्टिविटी आवश्यक है। मंत्री ने ऐलान किया कि हम विशाखा और गोवा के बीच उड़ान सेवा शुरू करने का प्रयास करेंगे। मैं विशाखापट्टनम से अधिकतम कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं। विशाखापट्टनम के निकट भोगापुरम में अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला हवाई अड्डा बना रहे हैं। साथ ही वहां एयर सर्विस यूनिवर्सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया है। मंत्री ने कहा कि राज्य के नये क्षेत्रों में हवाई अड्डे स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने राज्य में विमानन क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। हमने विजयवाड़ा में एक ड्रोन शो का आयोजन किया। इस ड्रोन शो ने पांच रिकॉर्ड बनाए. हमने ड्रोन सिटी के लिए ओरवाकल्लू क्षेत्र में तीन सौ एकड़ जमीन आवंटित की है। विशाखापत्तनम में आगे विकास के अवसर हैं। राममोहन नायडू ने खुलासा किया कि विशाखापट्टनम को स्पोर्ट्स हब बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## दिल दिमाग के लिए चमत्कारी है इस फल का जूस, रेगुलर पीने से हार्ट अटैक आने का जोखिम हो कम, कब्ज करे जड़ से दूर



**सेब खाना जितना हेल्दी है, उतना ही घर में बना सेब का जूस पीना भी फायदेमंद है. छिलका सहित आप घर में फ्रेश सेब का जूस बनाकर पिएंगे तो हार्ट, ब्रेन सभी स्वस्थ और निरोगी बने रहेंगे. इसके साथ भी सेब का जूस पीने के कई फायदें हैं, जानिए उन बेनिफिट्स के बारे में यहां.**

सेब एक बेहद ही फायदेमंद फल है. आयरन, फॉस्फोरस, फाइबर, पॉलीफेनॉल्स, एंटीऑक्सीडेंट, पोटैशियम और कई अन्य पोषक तत्वों से भरपूर सेब को काटकर खाने के साथ ही आप इसका जूस भी बनाकर पी सकते हैं. छिलका सहित आप घर पर सेब का जूस निकालकर इसका सेवन करेंगे तो शरीर हाइड्रेटेड रहेगा. सेब का जूस स्वाद में अच्छा होने के साथ ही लगभग 88 प्रतिशत पानी से भरपूर होता है. जिन लोगों को डिहाइड्रेशन का रिस्क रहता है, वे इस जूस का सेवन कर सकते हैं. जानिए सेब का जूस पीने के अन्य फायदों के बारे में यहां.

सेब का जूस पीने के फायदे (Health benefits of apple juice)

1. हेल्थलाइन में छपी एक खबर के अनुसार, सेब में पॉलीफेनॉल्स नामक एक कम्पाउंड होता है. छिलके में ये कम्पाउंड सबसे ज्यादा पाया जाता है. प्लांट कम्पाउंड आपके शरीर की कोशिकाओं को इंफ्लेमेशन और ऑक्सिडेटिव डैमेज से बचाता है. ये दोनों ही फैक्टर्स क्रोनिक कंडीशन, कैंसर, हार्ट डिजीज आदि के लिए जिम्मेदार होते हैं. ऐसे में जब भी आप सेब का जूस बनाएं, तो छिलके का भी इस्तेमाल करें.

2. सेब के जूस (Apple Juice) में पाए जाने वाले प्लांट कम्पाउंड्स खासकर पॉलीफेनॉल्स हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद हो सकता है. पॉलीफेनॉल्स बैड कोलेस्ट्रॉल को आर्टरीज में नहीं बनने देता है. अधिक एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल होने के कारण हार्ट डिजीज, हार्ट अटैक और स्ट्रोक होने का जोखिम बढ़ जाता है.

3. अध्ययनों से पता चलता है कि सेब का रस आपकी उम्र बढ़ने के साथ मस्तिष्क की कार्यप्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य के बढ़ावा देने में मदद कर सकता है. पॉलीफेनॉल्स कम्पाउंड आपके मस्तिष्क को मुक्त कणों या फ्री रैडिकल्स नामक अस्थिर अणुओं से होने वाली क्षति से बचा सकते हैं. ऐसे में बढ़ती उम्र में होने वाली मस्तिष्क संबंधित समस्याओं से बचे रहना चाहते हैं तो आप सेब का जूस (Seb ke juice) पीना शुरू कर सकते हैं.

4. जिन लोगों को कब्ज की समस्या रहती है, उन्हें सेब का जूस पीना चाहिए. फाइबर होने के कारण पाचन सही तरीके से काम करता है. बाउल मूवमेंट सही बना रहता है. इससे पाचन शक्ति भी मजबूत होती है. इसमें मौजूद कुछ कम्पाउंड से डाइजेस्टिव हेल्थ सही बना रहता है.

5. वजन कम करने की जो लोग कोशिश कर रहे हैं वो भी सेब का जूस पी सकते हैं. इसके सेवन से डाइजेशन बूस्ट होता है. मेटाबॉलिज्म तेज होता है. साथ ही फाइबर होने के कारण भी जब आप इसका रेगुलर सेवन करते हैं तो काफी हद तक वजन को घटाया जा सकता है. सेब में डाइजेस्टिव फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखते हैं. इससे फूड क्रेविंग से बचाव होता है. भूख जल्दी नहीं लगती है.

6. सेब का जूस पीने से आंखों की सेहत भी अच्छी रहती है. इसमें विटामिन ए काफी प्रचुर मात्रा में होता है. यह आंखों की दृष्टि को बढ़ाता है. सेब का जूस प्रतिदिन पीने से आंखों के रोगों से बचाव हो सकता है.

# उच्च मुद्रास्फीति के बीच मंदी का साया

अगस्त में वस्तुओं का निर्यात घटकर 34 अरब 70 करोड़ डॉलर रह गया जिसके कारण व्यापार घाटा बढ़ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया भी 84 से नीचे आ गया है जिससे घाटे और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता पैदा हो गई है। सितंबर में परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स आठ महीने के निचले स्तर 56.5 पर था जबकि यह अगस्त में 57.5 था। भविष्य के नजरिये से यह कारखाने प्रबंधकों की तेजी का एक संकेतक है।

सरकार और अन्य स्रोतों से हाल ही में कई डेटा पॉइंट सामने आए हैं जो अर्थव्यवस्था के धीमे होने यानी मंदी की ओर इशारा कर रहे हैं। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि यह चक्रीय (साइक्लिकल) मंदी है या नहीं। क्या यह एक पैटर्न है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी के साथ जुड़ा है, तो हमें इसे जांचना होगा ÷ और अगर यह चक्रीय यानी अस्थायी है तो छह महीने बाद अर्थव्यवस्था में उठाव होना चाहिए। फिर भी त्योहारी सीजन के दौरान अर्थव्यवस्था का धीमा पड़ना, भले ही चक्रीय रूप से हो, चिंता की बात है। कैलेंडर वर्ष की अंतिम तिमाही में त्योहारी उत्साह और उपभोक्ता खर्च के कारण आमतौर पर उपभोक्ता उत्साह और आशावाद से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है लेकिन ऐसा लगता है कि इस समय यह गायब है।



सबसे पहले डेटा बिंदु पर विचार करें! ये औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, कर संग्रह विशेष रूप से माल और सेवा कर (जीएसटी) से होते हैं। ये सभी आंकड़े सरकार के हैं। फिर भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े और आकलन हैं। रिजर्व बैंक ने हाल ही में अपनी मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों में कटौती न करने का फैसला किया। आरबीआई आर्थिक मत जानने के लिए सर्वेक्षण आयोजित करता है और हर तिमाही इसकी रिपोर्ट देता है। यह सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था के भविष्य के प्रक्षेपवक्र का संकेत देता है। अंत में निजी स्रोतों से डेटा है, जैसे कि खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) या कंपनियों के तिमाही परिणाम जो उनकी आय, लाभ और विकास की रिपोर्ट देते हैं।अगस्त में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) नीचे चला गया। विकास दर लगातार तीन महीने से नीचे जा रही थी। अगस्त की संख्या (नकारात्मक 0.1) लगभग दो वर्षों में सबसे कम है। यद्यपि आईआईपी को अस्थिर माना जाता है और यह कार्योत्तर परिवर्तनों और समायोजनों के अधीन है लेकिन इसकी प्रवृत्ति विशेष रूप से औद्योगिक उत्पादन में स्पष्ट रूप से मंदी दिखा रही है। बेमौसम बारिश से खनन गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है लेकिन औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में मंदी पर ध्यान दिया जाना चाहिए। त्योहारी मौसम में औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने वाले प्रमुख उद्योगों में से एक वाहन की बिक्री में सितंबर में 19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी से संबंधित मामला सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के तमिलनाडु कारखाने में दो महीने की हड़ताल है। यह कारखाना भारत में सैमसंग के बिक्री राजस्व का लगभग 20,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है और भारत में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।सितंबर में ही भारत में स्वीडिश वोल्वो ग्रुप के प्रबंध निदेशक ने भी आगाह किया था कि देश के औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में टिकाऊ तथा उच्च जीडीपी विकास को चलाने के लिए पर्याप्त रूप से सुधार करना होगा। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र का हिस्सा सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 16 प्रश पर अटका हुआ है एवं %मेक इन इंडिया' जैसी मजबूत पहल के बावजूद बहुत अधिक नहीं बढ़ा है।विदेशी कंपनियों को चीन से दूर स्थानांतरित करने या कम से कम कई पश्चिमी कंपनियों के लिए चीन से दूर विविधीकरण करने के लिए भारत उन्हें आकर्षित करने वाला था लेकिन यह अभी तक बड़े पैमाने पर नहीं हुआ है। सेमीकंडक्टर कॉम्प्लेक्स स्थापित करने की बड़ी योजनाएं, साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पहल के मामले में भारत की महत्वाकांक्षा बहुत बड़ी है लेकिन जमीनी स्तर पर वास्तविक प्रगति से बहुत कम हैं। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र के विकास के लिए जो एक अन्य पहलू महत्वपूर्ण है, वह है कौशल की कमी।इस साल के आरंभ में ताइवान के विदेश मंत्री ने चेतावनी दी थी कि अगर भारत चिप बनाने और सेमीकंडक्टर निर्माण में निवेश आकर्षित करना चाहता है तो वह कुशल इंजीनियरों की कमी को दूर करे। ताइवान इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भारत की मदद करने का इच्छुक है लेकिन वह चाहता है कि भारत बुनियादी ढांचे और उच्च आयात शुल्क जैसी अन्य बाधाओं को दूर करे। विडंबना यह है कि भारत में विनिर्माण के लिए आवश्यक कौशल की कमी है। 25 से 30 आयु वर्ग के लगभग 30 प्रतिशत कॉलेज स्नातक बेरोजगार हैं। इसका मतलब यह है कि महाविद्यालयीन शिक्षा उन्हें उद्योग के लिए तैयार या रोजगार योग्य नहीं बना रही है। यह शिक्षा पाठ्यक्रम की स्थिति और युवाओं को काम के लिए तैयार करने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर एक गंभीर टिप्पणी है। आवश्यक कौशल की इस कमी को ऑटो, ऑटो एंसिलरी, कपड़ा और खनन सहित विभिन्न क्षेत्रों में महसूस किया जाता है।

अगस्त में वस्तुओं का निर्यात घटकर 34 अरब 70 करोड़ डॉलर रह गया जिसके कारण व्यापार घाटा बढ़ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया भी 84 से नीचे आ गया है जिससे घाटे और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता पैदा हो गई है। सितंबर में परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स आठ महीने के निचले स्तर 56.5 पर था जबकि यह अगस्त में 57.5 था। भविष्य के नजरिये से यह कारखाने प्रबंधकों की तेजी का एक संकेतक है।जीएसटी में संग्रह की प्रवृत्ति भी धीमी अर्थव्यवस्था की ओर इशारा करती है। सितंबर में जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रहा जो अगस्त के 1.75 लाख करोड़ की तुलना में कम है। सितंबर का कलेक्शन पिछले साल की तुलना में मुश्किल से 6.5 फीसदी ज्यादा रहा। शुद्ध रिफंड संग्रह सितंबर में 1.53 लाख करोड़ रहा जो एक साल पहले की तुलना में सिर्फ 3.9 प्रति सैकड़ा ज्यादा है। चूंकि जीएसटी एक लेन-देन कर है इसलिए यह नाममात्र जीडीपी की वृद्धि के साथ तालमेल रखता है जो मुद्रास्फीति और मात्रा वृद्धि के कारण लगभग 10 फीसदी या उससे अधिक बढ़ रहा है। अगर जीएसटी नॉमिनल जीडीपी की तुलना में धीमी गति से बढ़ रहा है तो निश्चित रूप से यह चिंता का संकेत है। इस चिंता को बढ़ाने वाली खबर यह है कि जीएसटी परिषद जीएसटी दरों में बढ़ोतरी पर विचार कर सकती है ताकि यदि मुआवजा उपकर (कंपन्शेसन सेस) को हटा दिया जाए तो उससे उत्पन्न होने वाली कमी को पूरा किया जा सके। इन सभी वर्षों में यह उपकर राज्य सरकारों को भुगतान करने के लिए लगाया गया है ताकि राज्यों को बिक्री कर लगाने के अधिकार के आत्मसमर्पण के कारण उनके अनुमानित नुकसान की भरपाई की जा सके।

इस प्रकार विभिन्न तिमाहियों से प्राप्त संकेतक अर्थव्यवस्था के धीमे होने के हैं। यहां तक कि औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार भी कार्यबल के 12 से 11 फीसदी तक नीचे चला गया जबकि कृषि क्षेत्र में रोजगार 2018-19 में 43 प्रश से बढ़कर अब 46 फीसदी हो गया है यानी 6.8 करोड़ श्रमिकों की वृद्धि हुई है। लेकिन कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में वापस जाने वाले श्रमिकों का मतलब है कि वे औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र तथा सेवाओं की तुलना में कम मजदूरी एवं कम उत्पादकता वाली नौकरियों में जा रहे हैं। इसका अर्थ कम क्रय शक्ति और इसलिए कम उपभोक्ता खर्च हो सकता है। हमें उपभोक्ता खर्च के साथ-साथ घरेलू आय में वृद्धि के लिए औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में रोजगार में तेजी से वृद्धि करने की आवश्यकता है।

यह अभी भी सच है कि चीन सहित अधिकांश अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। लेकिन ध्यान रखने वाली बात यह है कि संयुक्त राज्य अमेरिका 3 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है जो भारत के 30 प्रतिशत की दर से बढ़ने के समान है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका भारत से दस गुना बड़ा है और संयुक्त राज्य अमेरिका अभी तक मंदी का सामना नहीं कर रहा है। इसलिए, भारत की मंदी के लिए वैश्विक घटना के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। इसके अलावा हमें यूक्रेन एवं मध्य पूर्व में युद्धों के प्रभाव तथा तेल की बढ़ती कीमतों व मुद्रास्फीति के बारे में भी चिंता करने की आवश्यकता है। यहां तक कि आरबीआई ने जिसे आर्थिक विकास को गति देने के लिए ब्याज दरों में कमी करनी चाहिए थी, उसने भी मुद्रास्फीति की चिंता के कारण ब्याज दरें नहीं घटाई। अगले छह महीने अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण दिखते हैं क्योंकि ये धीमी अर्थव्यवस्था और अभी भी उच्च मुद्रास्फीति की दोहरी चुनौतियों के बीच मार्ग दर्शन करने वाले हैं।

संपादकीय

## समरसता की सोच

देश की सर्वोच्च अदालत ने अपने दो अहम फैसलों में स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। साथ ही यह भी कि भारतीय संदर्भ में यह सोच सदा से रची-बसी रही है। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है। दरअसल, शीर्ष अदालत ने अपने दो हालिया फैसलों के संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या की है। पहले बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया। वहीं अदालत ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता को लेकर अपनी सुविधा अनुसार व्याख्या नहीं की जा सकती। कोर्ट का निष्कर्ष यह भी था कि संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता शब्द जोड़े जाने से पहले भी यह भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण सोच रही है। अदालत का कहना था कि समानता व बंधुत्व शब्द इसकी मूल भावना को ही अभिव्यक्त करते हैं। वैसे भारतीय समाज ने इस शब्द के मूल भाव का सहजता से अंगीकार किया भी है। यही वजह है कि कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान का मूल स्वर बताते हुए इसकी संकुचित व्याख्या करने से बचने के लिये कहा। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दर्शाता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। निस्संदेह, यह वक्त की जरूरत भी है।

वहीं दूसरी ओर बीते मंगलवार को शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द करने के फैसले को भी अनुचित ठहराया। इसके बजाय कोर्ट ने ऐसे कदम उठाने की जरूरत बतायी जो मदरसों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ सकें। कोर्ट को मानना था कि ऐसे मामलों की की गई संकुचित व्याख्या से उत्पन्न होने वाली विसंगतियों को दूर किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इससे पहले संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से तल्ख सवाल भी किए थे। कोर्ट न जानना चाहा कि क्यों उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप से परहेज है। इस बाबत याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप से परेशानी नहीं है। उन्हें राजनीतिक दलों द्वारा राजनीतिक लक्ष्यों के लिये कालांतर संविधान संशोधन के जरिये इस शब्द को शामिल करने पर आपत्ति है। दरअसल, अदालत का कहना था कि भारतीय जीवन दर्शन में इस सोच का गहरे तक अंगीकार किया गया है। साथ ही कोर्ट ने मदरसा एजुकेशन एक्ट को रद्द करने को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत बताया। यह भी कि इस शब्द की संकुचित व्याख्या के चलते ही उत्तर प्रदेश के हजारों मदरसों के लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया था। अदालत का मानना था कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढालना जाना चाहिये।

जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। अदालत ने दो टूक कहा भी कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा। यह भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण की भी अपरिहार्य शर्त है। साथ ही एक वाइब्रेंट लोकतांत्रिक समाज की आवश्यकता भी है। निश्चित तौर पर शीर्ष अदालत की ये टिप्पणियां जहां राजनीतिक दलों को आईना दिखाती हैं, वहीं आम लोगों को उदारवादी दृष्टिकोण के साथ सह-अस्तित्व की सोच का पोषण करने की जरूरत भी बताती हैं। जो वक्त के हिसाब से तार्किक भी है।

# धर्मनिरपेक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के निहितार्थ

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो हालिया फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे और मजबूती दी है। असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर संविधान-निर्माताओं का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। सर्वोच्च अदालत ने बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है।

ध्यातव्य है कि 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया, लेकिन 'पन्थनिरपेक्ष' शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निर्माताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दर्शाता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन् ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक हार्द को स्पष्ट करते हुए कहा था- 'धर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मों के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगा।' भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मों को समान नजर से देखा जाता है।



आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी है कि क्या मदरसे मुख्यधारा में आने को तैयार है? क्या मदरसे एक धर्म-विशेष से जुड़ा मामला नहीं है? अदालत का यह मानना कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढाला जाना चाहिये, उचित एवं संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। लेकिन क्या ऐसा संभव है? क्या मदरसे अपने पाठ्यक्रम को संकीर्ण दायरों से बाहर निकाल कर व्यापक परिवेश में नया रूप दे पायेंगे? ऐसा होता है तो अदालत की सोच से भारत की एकता एवं अखण्डता को नयी ऊर्जा मिलेगी। फिर तो अदालत का दो टूक कहना कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा, सही है। भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण देने के लिये सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों को समानता से, बंधुत्व भावना से एवं उदारता से ही देखा जाना चाहिए।

आज धर्म-निरपेक्षता शब्द को लेकर राजनेता एवं राजनीति दो भागों में बंटी हुई है। समाज भी दो भागों मे बंटा है। आजादी के समय एवं संविधान को निर्मित करते हुए अंग्रेजी के सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्म करना भ्रामक हो गया। तब के इसी धर्म-निरपेक्ष शब्द के कारण आज विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाती, जिसका परिणाम यही है कि आज विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण नहीं हो रहा है। मैंने अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्य तुलसी के साथ विभिन्न राजनेताओं, धर्मगुरुओं, साहित्यकारों, पत्रकारों की इस शब्द को लेकर चर्चाओं में सहभागिता की। व्यापक सोच वाले आचार्य तुलसी का विश्वास रहा कि हिन्दुस्तान सम्प्रदाय निरपेक्ष होकर अपनी एकता को बनाए रख सकता है किन्तु धर्महीन होकर एकता को सुरक्षित नहीं रख सकता। लोकतंत्रीय राष्ट्र पर किसी सम्प्रदाय अथवा पंथ का आधिपत्य हो तो वह अपने लोकतंत्रीय स्वरूप को सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए लोकतंत्रीय राष्ट्र का सम्प्रदाय अथवा पंथ-निरपेक्ष होना अनिवार्य है। साम्प्रदायिक कट्टरता में सहिष्णुता नहीं होती है अतः राजनीति किसी सम्प्रदाय विशेष की अवधारणा से संचालित नहीं होनी चाहिए। इसलिये संविधान में धर्मनिरपेक्ष के स्थान पर सम्प्रदाय-निरपेक्ष, मजहब-निरपेक्ष अथवा पंथ-निरपेक्ष शब्द का प्रयोग होना चाहिए। सम्प्रदाय निरपेक्ष होने का तात्पर्य धर्मनिरपेक्ष, धर्महीन या धर्मविरोधी होना नहीं हैं।'

इसी कारण धर्मनिरपेक्ष शब्द के कारण राजनैतिक दलों के अलग-अलग खेमे बन गए। इससे धर्म विशेष को लेकर पार्टी के द्वारा वोटों की राजनीति चलने लगी। इसीलिये आचार्य श्री तुलसी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पी. वी. नरसिम्हाराव से इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा- ''जब तक सेक्युलर शब्द का सही अर्थ नहीं होगा, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की समस्या नहीं सुलझ सकती।'' राजीव गांधी ने इस संदर्भ में नोट्स मांगे। उन्हें विस्तार से सारी बातें उपलब्ध कराई गईं। कुछ समय बाद संविधान में सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्मनिरपेक्ष बदलकर संप्रदायनिरपेक्ष कर दिया गया।' लेकिन संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गयी। इसीलिये संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आए बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिए गए अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है। अदालत ने यह भी कहा कि चाहे धर्मनिरपेक्षता हो या समाजवाद, इन्हें पश्चिम के संदर्भ में देखने की जरूरत नहीं। भारतीय परिवेश ने इन शब्दों, मूल्यों, संकल्पनाओं, अवधारणाओं को काफी हद तक अपने अनुरूप ढाल लिया है। वैसे भारतीय समाज ने इस शब्द के मूल भाव का सहजता से अंगीकार किया भी है। यही वजह है कि कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान का मूल स्वर बताते हुए इसकी संकुचित व्याख्या करने से बचने के लिये हिदायत दी है।

# सैफ के बेटे इब्राहिम ने श्वेता तिवारी की बेटी पलक को लगाया गले, दिवाली पार्टी का वीडियो वायरल





सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान और श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी के लिंकअप की अफवाहें अक्सर उड़ती रहती हैं. अब एक बार फिर दोनों साथ दिखे हैं तो उनकी वीडियो वायरल हो रही है. हाल ही में इब्राहिम अली खान अबू जानी संदीप खोसला की पार्टी में पहुंचे थे. वहां पर पलक तिवारी भी नज़र आई. सामने आए वीडियो में इब्राहिम, पलक को गले लगाते दिख रहे हैं.पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान का ये वीडियो जैसे ही सामने आया, एक बार फिर दोनों को लेकर डेटिंग की बातें होने लगी. सोशल मीडिया में लोग इनकी रिलेशनशिप पर चर्चा कर रहे हैं. हालांकि यहां बताना ज़रूरी है कि इन दिनों ने कभी भी एक दूसरे को डेट करने की बात कंफर्म नहीं की है.

**गले लगाकर किया वेलकम**

इब्राहिम और पलक ने भले ही अपना रिश्ता कभी कंफर्म नहीं किया, लेकिन अक्सर ही दोनों साथ में पार्टियों में और इवेंट्स में दिखाई देते रहते हैं. अब दिवाली पार्टी में दोनों साथ नज़र आए हैं. पैपराजी विरल भयानी ने वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. वीडियो में दिख रहा है कि इब्राहिम पार्टी वेन्यू पर पलक का इंतज़ार कर रहे हैं. पलक गाड़ी से उतरती हैं और फिर इब्राहिम के पास जाती हैं. वहां इब्राहिम गले लगाकर उनका वेलकम करते हैं.

**विजय-तमन्ना से मिलवाया**

जिस वक्त पलक वहां पहुंचती हैं, इब्राहिम वहां पर विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया के साथ बातें कर रहे होते हैं. इसके बाद वो तमन्ना और विजय को पलक से मिलवाते दिख रहे हैं. वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, ये कपल मेड पर इच अदर है. एक ने लिखा, ये दोनों साथ में क्यूट लगते हैं और इनके चेहरे भी एक दूसरे से मिलते हैं.

**कब शुरू हुई डेटिंग की अफवाह ?**

पलक और इब्राहिम की डेटिंग की खबरें तब शुरू हुई थीं जब साल 2022 में दोनों एक फिल्म प्रीमियर पर साथ दिखे थे. वो इब्राहिम की कार में थीं और पैपराजी से अपना चेहरा छिपा रही थीं. उसके बाद से दोनों कई मौकों पर साथ दिख चुके हैं. पलक सलमान खान के साथ किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में कदम रख चुकी हैं. वहीं इब्राहिम करण जौहर की अगली फिल्म से डेब्यू करने वाले हैं.

# 'पापा आपकी याद आ रही' सनी देओल ने पिता Dharmendra के लिए क्यों कहा ऐसा? शॉक्ड हुए फैंस



बॉलीवुड इंडस्ट्री में देओल परिवार को सबसे डीसेंट फैमिली में से एक माना जाता है. पब्लिक प्लेस पर भी देखा गया है कि कैसे सनी देओल और बॉबी देओल अपने पिता धर्मेंद्र का अच्छी तरह से ख्याल रखते हैं और उनकी कंपनी एंजॉय करना पसंद करते हैं. सनी देओल सोशल मीडिया पर पिता संग अपनी क्यूट बॉन्डिंग की झल्कियां शेयर भी करते रहते हैं. हाल ही में एक्टर ने एक पोस्ट शेयर की है. इस पोस्ट में उन्होंने पिता धर्मेंद्र के नाम एक नोट लिखा है. इस पोस्ट के शेयर करने के बाद से ही फैंस इसके बारे में रिएक्ट करते नजर आ रहे हैं.

**बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की पोस्ट**

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने धर्मेंद्र की दो तस्वीरें शेयर की हैं. इन तस्वीरों में धर्मेंद्र हैट लगाए नजर आ रहे हैं और हैंडसम लग रहे हैं. एक्टर की उम्र 88 साल की हो गई है और वे अब लाइमलाइट से दूर भी रहते हैं. धर्मेंद्र की फोटो शेयर करने के साथ सनी देओल ने लिखा- 'पापा, आपकी याद आ रही है.' सनी देओल की इस पोस्ट पर सभी का ध्यान दिया और लोग इसपर कमेंट करते भी नजर आ रहे हैं.

**लोगों ने किया पोस्ट पर रिएक्ट**

सनी देओल द्वारा इंस्टाग्राम पर ये फोटोज शेयर करने के बाद से ही इसपर लोगों की प्रतिक्रियाएं आनी भी शुरू हो गई हैं. एक शख्स ने रिएक्ट करते हुए लिखा- ही मैन ऑफ बॉलीवुड. एक दूसरे शख्स ने लिखा- धर्म अंकल, आप हमेशा ऐसे ही खुश रहिए. एक दूसरे शख्स ने लिखा- बॉलीवुड का सबसे सज्जन परिवार है देओल परिवार. भगवान ऐसी संतान सभी को दे. एक अन्य शख्स ने लिखा- पापा-मम्मी के बिना दुनिया अधूरी है. एक शख्स ने धर्मेंद्र की सेहत की फिक्र करते हुए भगवान से दुआ मांगी और कहा- धरम पाजी की सेहत हमेशा अच्छी रहे. धर्मेंद्र की बात करें तो रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ समय से वे विदेश में हैं. इस बारे में तो जानकारी सामने नहीं आई है कि वे क्यों विदेश गए हैं लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो हेल्थ इश्यूज इसकी वजह हो सकती है.

# अब बॉक्स ऑफिस की नई क्वीन हैं Tripti Dimri? बॉलीवुड एक्ट्रेस Alia Bhatt को इतने मार्जिन से पिछाड़ा



त्योहार का समय आ गया है और भारत में त्योहार के समय सिनेमाघर खिल उठते हैं. बॉक्स ऑफिस पर हलचल मच जाती है. ऐसा ही इस बार भी देखने को मिल रहा है. जहां एक तरफ अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन रिलीज के लिए तैयार है वहीं दूसरी तरफ कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 भी दिवाली 2024 के मौके पर रिलीज की जाएगी. वहीं मौजूदा समय में तो 2 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर पहले से लगी हुई हैं. तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव की फिल्म विकी और विद्या का वो वाला वीडियो सिनेमाघरों में कमाई कर रही है. उन्हीं के साथ आलिया भट्ट की जिगरा फिल्म भी लगी हुई है. इन दोनों फिल्मों के पास अभी भी कमाई करने के लिए 3-4 दिन का वक्त शेष है. ऐसे में आइये जानते हैं कि बॉलीवुड की इन दोनों एक्ट्रेस में से कौन किसपर भारी पड़ता नजर आ रहा है.

**तृप्ति डिमरी की विकी विद्या का वो वाला वीडियो ने कितना कमाया ?**


तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव की फिल्म विकी विद्या का वो वाला वीडियो फिल्म की बात करें तो इस कॉमेडी फिल्म ने फैंस का खूब मनोरंजन किया. इस फिल्म ने हफ्तेभर में ही अपना बजट भी निकाल दिया और अब ये फिल्म लगातार मुनाफा कमा रही है. फिल्म को बहुत पसंद भी किया जा रहा है. फिल्म की कमाई के 16 दिनों के आंकड़े आ गए हैं. इन आंकड़ों की मानें तो इस फिल्म ने अपने बजट से करीब दोगुना कमा लिया है. फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये का था और फिल्म 16 दिनों में 39 करोड़ कमा चुकी है. अभी भी ये फिल्म प्रति दिन 1 करोड़ से ज्यादा कमा रही है. अब देखने वाली बात होगी कि ये फिल्म 50 करोड़ का कलेक्शन कर पाती है कि नहीं.

**आलिया भट्ट की जिगरा का कितना रहा कलेक्शन ?**

जिगरा फिल्म की बात करें तो आलिया भट्ट की फिल्म का बजट 80 करोड़ रुपये के करीब था. इस हिसाब से ये फिल्म 100 करोड़ से ज्यादा कमानी चाहिए थी. लेकिन फिल्म के साथ ऐसा देखने को नहीं मिला. इस फिल्म का कलेक्शन 16 दिनों में सिर्फ 30.79 करोड़ ही हो सका है. फिल्म अब एक दिन में 1 करोड़ का कलेक्शन भी नहीं कर पा रही है. अब देखने वाली बात होगी कि फिल्म बचे हुए दिनों में कितना कलेक्शन कर पाती है.

**आलिया और तृप्ति डिमरी में कौन निकला आगे ?**

आलिया भट्ट फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा चेहरा हैं और उन्हें सफलता की गारंटी माना जाता है. एक्ट्रेस की फिल्में काफी अच्छा कलेक्शन करती हैं. लेकिन उनकी हालिया रिलीज फिल्म जिगरा के साथ ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है. इस फिल्म का कलेक्शन जितना हुआ है उससे तीन गुना ज्यादा तो इसका बजट है. वहीं बॉक्स ऑफिस की रेस में तृप्ति डिमरी बहुत आगे निकलती हुई नजर आ रही हैं. उनकी फिल्में अच्छा कलेक्शन कर रही हैं. फिलहाल आलिया की तुलना में वे बॉक्स ऑफिस की ये जंग जीत रही हैं. उनकी फिल्म 9 करोड़ रुपये के अंतर से आगे चल रही है. तो फिलहाल तो तृप्ति ही बॉक्स ऑफिस की नई क्वीन बनती नजर आ रही हैं.



# कार्तिक आर्यन को नहीं पसंद हॉरर-कॉमडी, बताया कैसी फिल्में देखते हैं

कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है. कार्तिक का कहना है कि इस बार उनकी फिल्म में कॉमेडी के साथ-साथ भरपूर हॉरर भी शामिल किया गया है. जब टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की खास बातचीत में हमने कार्तिक आर्यन से पूछा कि हॉरर फिल्में और हॉरर कॉमेडी फिल्में इन दोनों में से उन्हें किस तरह की फिल्में देखना पसंद है? तब उम्मीद थी कि कार्तिक आर्यन 'भूल भुलैया' की वजह से हॉरर कॉमेडी फिल्म को ही चुनेंगे, लेकिन कार्तिक ने उनसे पूछे गए सवाल का बड़ी ही ईमानदारी से जवाब दिया.कार्तिक ने कहा कि बतौर दर्शक मुझे हॉरर फिल्में देखना पसंद है, ये फिल्में देखने में डरावनी होती हैं और इन फिल्मों में कॉमेडी बिल्कुल भी नहीं होती. लेकिन बतौर एक्टर मैं हॉरर कॉमेडी फिल्मों में काम करना पसंद करता हूं. दोनों का अपना एक अलग एक्सपीरियंस होता है. हालांकि हॉरर फिल्में देखना पसंद करने वाले कार्तिक को असल जिंदगी में डार्कनेस और अंधेरी जगह पर रहना पसंद नहीं. जब शूटिंग के दौरान बड़े से पुराने होटल के कमरे में कार्तिक के रहने का इंतजाम किया जाता है और जिस होटल में वो ठहरे हैं वो शहर उनके लिए अनजान होता है तब उन्हें थोड़ा डर लगता है.



**कार्तिक आर्यन को इन चीजों से लगता है डर**

इस डर के पीछे की वजह बताते हुए कार्तिक ने बताया, जो हेरिटेज होटल होते हैं, उनके कमरे बहुत बड़े होते हैं, दीवारों में कई कई तरह की तस्वीरें लगाई हुई रहती हैं. तब ऐसे कमरे में अकेले रहने में बहुत अजीब लगता है.भूल भुलैया फ्रैंचाइजी की बात करें तो 18 साल पहले अक्षय कुमार के साथ इस सीरीज की पहली फिल्म रिलीज हुई थी. अक्षय की भूल भुलैया में विद्या बालन ने 'मंजुलिका' का किरदार निभाया था. इस फिल्म की रिलीज के 15 साल बाद टी-सीरीज ने कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के साथ 'भूल भुलैया 2' बनाने का फैसला लिया. इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई. लेकिन लोगों ने 'भूल भुलैया 2' में मंजुलिका को बहुत मिस किया.

## शरद पवार की राकांपा ने 9 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की

**एजेंसी**

**मुंबई।** राकांपा एसपी के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 9 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है। शरद पवार की राकांपा इससे पहले दो सूची में 67 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है और अब तीसरी सूची की घोषणा की गई है। इससे अब तक शरद पवार की राकांपा कुल 76 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।राकांपा प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि बहुत जल्द चौथी सूची जारी की जाएगी और कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार बनाया जाएगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख मंगलवार 29 अक्टूबर है, 20 नवंबर को मतदान है और 23 नवंबर को मतगणना होगी।

## ट्रेन की लेटलतीफी की वजह से बांद्रा स्टेशन पर हुई भगदड़ : जीआरपी

**एजेंसी**

**मुंबई।** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की टीम ने कहा कि बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफार्म के एक नंबर प्लेटफार्म पर सुबह अचानक यात्रियों की भगदड़ ट्रेन की लेटलतीफी के कारण हुई है। आज सुबह हुए इस हादसे के बाद मंडल रेल प्रबंधक नीरज वर्मा और उनकी टीम ने घटना स्थल का दौरा किया। इस हादसे में दस घायलों का इलाज बांद्रा भाभा अस्पताल में चल रहा है। इनमें से दो की हालत चिंताजनक है, इसलिए दोनों को केईएम अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। फिलहाल बांद्रा टर्मिनस पर प्लेटफार्म टिकट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की टीम ने कहा कि बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर दीपावली और छठ पूजा की वजह से अपने गांव जाने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ जमा था, लेकिन जब यात्रियों को पता चला कि गोरखपुर जाने वाली दिवाली स्पेशल ट्रेन 05051 16 घंटे की देरी से चल रही है, तो वे ट्रेन 22921 गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए दौड़ पड़े, जो उसी गंतव्य तक जा रही थी, जिससे बांद्रा में भगदड़ मच गई। अंत्योदय एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से दो घंटे पहले लगभग 2.55 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंची और सभी यात्री इसमें सीट सुरक्षित करने की कोशिश कर रहे थे। ट्रेन में 18 डिब्बे हैं, जिनमें 16 सामान्य डिब्बे और दो आरक्षण वाले यात्रियों के लिए हैं। आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) और जीआरपी की टीमें स्टेशन पर मौजूद थीं और यात्रियों को कतार में लगवा रही थीं। हालांकि, जब ट्रेन पहुंची, तो सभी यात्रियों ने कतार तोड़ दी और लोग ट्रेन पर बैठने को लेकर प्लेटफार्म दौड़ने लगे, जिससे यह हादसा घटित हो गया ।

## सीता सोरेन का अपमान झामुमो सरकार की महिला विरोधी मानसिकता का परिचायक : शिवराज

**एजेंसी**

**रांची।** कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी के सीता सोरेन पर विवादित बयान को लेकर भाजपा आक्रामक है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में बहन सीता सोरेन का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन भाजपा की सम्मानित नेता हैं और उनका अपमान झामुमो सरकार की महिला-विरोधी रवैये को उजागर करता है।गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सीता सोरेन स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी, शिबू सोरेन की बहू और हेमंत सोरेन की भाभी हैं लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन हैं, उसी सरकार का एक मंत्री उनकी भाभी का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भाभी को मां का दर्जा दिया गया है। रामायण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब सीता का अपमान हुआ था तब लंका जली थी और रावण का अंत हुआ था लेकिन झारखंड में हर दिन सीता का अपमान हो रहा है। चौहान ने कहा कि यदि हेमंत सोरेन में जरा भी शर्म है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए लेकिन हेमंत सोरेन चुप बैठे हैं।

## भारत की प्रगति में महाराष्ट्र की बड़ी हिस्सेदारी : विदेश मंत्री

**एजेंसी**


**मुंबई।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत की प्रगति में महाराष्ट्र की बड़ी हिस्सेदारी है। वैश्विक उद्योग जगत के साथ-साथ विश्व के नेताओं का भारत पर विश्वास बढ़ने से अपने यहां विदेशी निवेश बढ़ रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर मुंबई में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में विकसित महाराष्ट्र के संकल्प को पूरा करने के लिए समर्पित और तेजी से काम चल रहा है। महाराष्ट्र का विकास तेजी से होना ही चाहिए। आजादी के बाद उद्योग, तकनीक, हवाई अड्डे, रेलवे परिवहन, खुफिया जानकारी, भौगोलिक सुविधाओं में महाराष्ट्र हमेशा अग्रणी रहा है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में किए गए कार्यों को महाराष्ट्र की डबल इंजन सरकार आम लोगों तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में सरकार ने विदेशी निवेश, उत्पादन, निर्यात वृद्धि को लेकर बड़े फैसले लिए हैं और इससे देश में निवेश, बुनियादी ढांचे के विकास, बंदरगाहों के विकास और रेलवे तथा सड़क परिवहन सुविधाओं को मजबूती मिली है। राज्यों को निवेश आकर्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, यह राष्ट्रीय हित में है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र सबसे अधिक औद्योगिकीकृत राज्य है और उद्योग महाराष्ट्र को पसंद करते हैं।

# घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में आएगी शांति : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**एजेंसी**

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में शांति तभी बहाल होगी, जब राज्य में घुसपैठ रुकेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल में लैंड पोर्ट पर नए यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार के उद्घाटन के अवसर पर कहा, 2026 में पश्चिम बंगाल में बदलाव लाएं और भाजपा राज्य में अवैध घुसपैठ को पूरी तरह से रोक देगी। गृह मंत्री शाह ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए क्या किया है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान, पश्चिम बंगाल को



केंद्र से 7.74 लाख करोड़ रुपये का फंड मिला है, जो पिछली यूपीए सरकार के दौरान राज्य को मिले धन से कहीं अधिक है। लेकिन दुर्भाग्य से, पश्चिम बंगाल में केंद्रीय फंड के उपयोग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा और पीएमएवाई जैसी विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत प्रदान की जाने वाली धनराशि वास्तविक लाभार्थियों तक नहीं पहुंचती है। उन्होंने कहा, केवल तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों को ही इन निधियों का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि सीमा पार तस्करी को रोकने में भूमि बंदरगाहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंत्री ने कहा, भूमि बंदरगाह देश में चिकित्सा और शैक्षिक पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पहल भारत को विकास और प्रगति के पथ पर ले जाएगी। बता दें कि गृह मंत्री शाह कोलकाता के साल्ट लेक स्थित एक सभागार में संगठनात्मक बैठक में भाग लेने वाले हैं। उस संगठनात्मक बैठक में, आगामी उपचुनावों के लिए पार्टी की रणनीति की रूपरेखा तैयार कर सकते हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा चल रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अगस्त में बलात्कार और हत्या की शिकार हुई आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता से मिल सकते हैं।

## भाजपा ने केदारनाथ उपचुनाव के लिए आशा नौटियाल को बनाया उम्मीदवार

**एजेंसी**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। केदारनाथ सीट से आशा नौटियाल को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी पत्र में केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए आशा नौटियाल की नाम की घोषणा की गई है। इसी के साथ भाजपा-कांग्रेस दोनों राष्ट्रीय दलों की ओर से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी गई है। कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक मनोज रावत को उम्मीदवार बनाया गया है।

भाजपा उम्मीदवार आशा नौटियाल सोमवार को नामांकन करेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित पार्टी के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। आशा नौटियाल वर्तमान में भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष और बूथ सशक्तिकरण अभियान की प्रदेश सह संयोजक है। इससे पहले 2002 और 2007 में केदारनाथ विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुई थी। साल 2012



में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। आशा नौटियाल 1990 में भाजपा की प्राथमिक सदस्य बनी। इसके बाद 1996 में जिला पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुई। 1997 में महिला मोर्चा रुद्रप्रयाग की जिलाध्यक्ष और 2000 में भाजपा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी को निभाया। साल 2012 में विधानसभा चुनाव मैदान में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## असम में जितने भी घुसपैठिये पकड़े गए, उसमें कोई भी हिंदू नहीं : सीएम हिमंत बिस्वा शर्मा

**एजेंसी**

**दिसपुर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा घुसपैठियों की बढ़ती आमद पर सख्त दिखे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब तक जितने भी घुसपैठिये चिन्हित किए गए हैं, उसमें कोई भी हिंदू नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने अन्य राज्यों की सरकारों से भी घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, पिछले दो महीने से हम लोग राज्य में कई घुसपैठियों को पकड़ रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल द्वारा किए जा रहे तमाम प्रयासों के बावजूद कुछ लोग हमारे देश की सीमा में दाखिल हो रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस स्थिति में राज्य सरकार की भूमिका अहम हो जाती है। यही नहीं, असम के अलावा त्रिपुरा में भी घुसपैठियों को चिन्हित किया जा चुका है। हालांकि, इस पर रोक लगाने की दिशा में पूरी कोशिश जारी है। उन्होंने कहा, हम लोग सीमा



सुरक्षा बल के साथ समन्वय स्थापित कर रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया को हम लोग सीमा सुरक्षा बल की मदद से अंजाम दे रहे हैं। हमारी यही कोशिश है कि कोई घुसपैठियां हमारे राज्य में दाखिल ना हो। पिछले दो महीनों में हम लोगों ने 138 घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें वापस भेजा है, क्योंकि राज्य में बढ़ते घुसपैठियों के आमद से हमारे संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है। लेकिन, मैं एक बात यहां पर कहना चाहूंगा कि कुछ लोग यह दावा कर रहे थे कि बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए महज हिंदुओं की ही आमद हमारे राज्य में बढ़ेगी, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। अब तक जितने भी घुसपैठिये राज्य में चिन्हित किए गए हैं, वो सभी रोहिंग्या मुस्लिम ही हैं, बंगाली हिंदुओं को लेकर बनी धारणा पूरी तरह से गलत है। उन्होंने आगे कहा, मौजूदा आंकड़े यह साफ जाहिर कर रहे हैं कि रोहिंग्या मुस्लिम न महज असम, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी घुसपैठ करने की तैयारी में जुट चुके हैं। ऐसी स्थिति में सभी राज्य सरकार को सीमा सुरक्षा बल के साथ पूरी सजगता और सतर्कता के साथ काम करने की आवश्यकता है। असम और त्रिपुरा सरकार पूरे तालमेल के साथ मिलकर काम कर रही है।

## मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में 25 से ज्यादा बड़े रेल हादसे हुए : संजय राउत

**एजेंसी**

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के राज्यसभा सांसद एवं पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर हुए हादसे पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

संजय राउत ने हादसे को लेकर कहा कि जब से प्रधानमंत्री मोदी की सरकार सत्ता में आई है और अश्विनी वैष्णव को एक बार फिर रेलवे का जिम्मा सौंपा गया है, तब से पूरे देश में 25 से अधिक बड़े रेल एक्सीडेंट हुए हैं, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

उन्होंने आगे कहा कि मुंबई जैसे शहर में सबसे ज्यादा यात्री प्रवास करते हैं। लेकिन यहां की हालत पर सवाल हैं। वो लोग बुलेट ट्रेन, मेट्रो और हाईस्पीड ट्रेन की बात करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। उन्होंने कहा कि बांद्रा हादसे में जो यात्री घायल हुए हैं, इसका जिम्मेदार आखिर कौन है? चाहे रेलवे की बात करें या बीएमसी की, सबसे ज्यादा रेवेन्यू मुंबई से मिलता है। लेकिन मुंबई को ही लूटने का काम चल रहा यहां पर साप्ताहिक चलने वाली बांद्रा गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन को भी फिर से शेड्यूल कराना पड़ा। इस ट्रेन को सुबह 5~10 पर निकलना था।



है। बता दें कि मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर रविवार तड़के करीब तीन बजे बड़ा हादसा हुआ था। दरअसल, मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों की ज्यादा भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। जिसमें कई यात्री घायल हो गए। लेकिन री शेड्यूल होने के बाद सुबह गाड़ी प्लेटफार्म पर देरी से पहुंची। हादसे को लेकर बताया गया कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर भीड़ बहुत ज्यादा थी जिसे वहां मौजूद पुलिसकर्मी काबू नहीं कर पाए और हादसा हो गया।

## मैराथन का उद्देश्य सबको फिटनेस के प्रति जागरूक करना और साथ ही नागरिकों में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना: मुख्यमंत्री सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के युवाओं ने देश-विदेश में अपनी प्रतिभा एवं कौशल की धाक जमाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी युवा शक्ति की अक्सर सराहना करते हैं। स्वस्थ शरीर मनुष्य जीवन की उत्तम कुंजी है। कहा भी गया है कि पहला सुख निरोगी काया। स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं और स्वस्थ समाज देश-प्रदेश के विकास व उत्थान की पहली सीढ़ी है। हम चाहते हैं कि जनसाधारण में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आए, जीवनशैली व्यवस्थित हो, समाज का ताना-बाना मजबूत हो और भाईचारे की कड़ियां सुदृढ़ हों। ये उदगार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऐतिहासिक नगरी पानीपत के सैक्टर 13-17 के ग्राउंड में आयोजित की गई मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले अपने संबोधन में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य सबको फिटनेस के प्रति जागरूक करना और साथ ही नागरिकों में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री



ने विजेताओं को सम्मानित किया और उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 21 कि.मी., 10 कि.मी. और 5 कि.मी. की मैराथन के सभी विजेताओं के साथ ही इनमें भाग लेने वाले हर नागरिक को बधाई देता हूं। ऐसे आयोजनों में भाग लेना पूरे समाज को एक शुभ संदेश देता है और इससे सब नागरिकों, विशेषकर बच्चों व युवाओं को प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हमने हरियाणा में मैराथन, खेल, योग और राहगिरी को निरंतर बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन और सभी संस्थाओं का इस सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री मैराथन के धावकों के साथ खुली गाड़ी में दूर तक गये व संस्थाओं द्वारा लगाये गये व विभिन्न स्टालों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि यह कार्यक्रम अपने उद्देश्य में निश्चित रूप से सफल रहेगा। मैराथन में पहुंचे युवाओं ने खूब धूम मचाई व अपने उत्साह व जोश का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैराथन में स्कूल-कालेजो के बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा खिलाड़ियों के अलावा पुलिस के जवानों ने भी भाग लिया। मैराथन में भाग लेने वाले बुजुर्गों में भी जोश देखने को मिला। 60 साल की आयु पार कर चुके वरिष्ठ नागरिकों ने भी खूब दौड़ लगाई। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति नागरिकों की जागरूकता की भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है आज पूरे पानीपत ने दौड़ लगाई है। ऐसी दौड़ जिसमें उत्साह, उमंग, खुशी और मिलकर चलने की प्रेरणा साफ नजर आई। उन्होंने इस मैराथन में नॉन स्टॉप हरियाणा-नॉन स्टॉप जुनून के साथ दौडने वाले युवाओं के उत्साह को सलाम किया।

## एनसीपी ने जारी की तीसरी सूची, नवाब मलिक का नाम गायब

**एजेंसी**

**मुंबई।** अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। इस लिस्ट से पूर्व मंत्री नवाब मलिक का नाम गायब है। एनसीपी ने निफाड़ निर्वाचन क्षेत्र से दिलीप बनकर को फिर से उम्मीदवार बनाया है, जबकि गेवराई से विजयसिंह पंडित, फलटण से सचिन पाटिल और पारनेर से काशीनाथ दाते को मैदान में उतारा है। अब तक एनसीपी ने 49 उम्मीदवारों की घोषणा की है।तीसरी सूची की घोषणा करते हुए राज्य इकाई प्रमुख सुनील तटकरे ने कहा, नवाब मलिक पार्टी के वरिष्ठ नेता और हमारे सहयोगी हैं। हम उनसे मिलेंगे और चर्चा करेंगे। अभी तीन दिन और हैं। 29 अक्टूबर नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है। पार्टी जल्द ही शिवाजी नगर-मानखुर्द निर्वाचन क्षेत्र के लिए उम्मीदवार की घोषणा करेगी। एनसीपी ने नवाब मलिक की बेटी सना मलिक को अणुशक्ति नगर से उम्मीदवार बनाया है, जहां से वर्तमान में नवाब मलिक ही प्रतिनिधित्व करते हैं। इसी बीच मुंबई भाजपा इकाई के आशीष शेलार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पार्टी नवाब मलिक का समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि, हम नवाब मलिक के खिलाफ हैं। उनकी उम्मीदवारी की घोषणा करना या न करना उनके पार्टी नेताओं को तय करना है। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता नवाब मलिक के लिए काम नहीं करेंगे, जिन पर दाऊद से संबंध रखने का आरोप है। हम अपने फैसले पर अडिग हैं। फलटण विधानसभा सीट पर एनसीपी और बीजेपी के बीच कड़ी बातचीत चल रही थी, क्योंकि दोनों ने ही सीट पर अपना दावा ठोका था। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हस्तक्षेप के बाद एनसीपी को फलटण सीट मिल गई और सचिन पाटिल को मैदान में उतार दिया।

## शिंदे समूह की शिवसेना ने 20 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समूह की शिवसेना की ओर से 20 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की गई है। शिवसेना ने 45 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की थी। इस तरह आज दूसरी सूची में 20 उम्मीदवारों को लेकर शिंदे समूह अब तक कुल 65 उम्मीदवारों को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उतार चुका है। शिंदे समूह की दूसरी सूची में वरली विधानसभा क्षेत्र से राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवरा, दिंडोसी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद संजय निरुपम और कुडाल विधानसभा क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नीलेश राणे को मैदान में उतारा गया है। नीलेश राणे हालही में भाजपा से शिंदे समूह में शामिल हुए हैं। मिलिंद देवड़ा कांग्रेस से शिंदे समूह में शामिल हुए थे और राज्यसभा सदस्य बने थे। इसी तरह शिंदे समूह की शिवसेना ने अंधेरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता मुरजी पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है।

## प्रधानमंत्रीजी के मन की बात ने करोड़ों भारतीयों को प्रेरित किया है: कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

**एजेंसी**

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने वॉर्ड नं. 64, झोटवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात (115 वां संस्करण) रेडियो कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को झोटवाड़ा की जनता और कार्यकर्ताओं के साथ सुना और प्रधानमंत्री का विभिन्न विषयों पर बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया।कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि मन की बात रेडियो कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, निष्ठवान कार्यकर्ताओं और स्नेहिल जनता के साथ देखना, सदैव नई प्रेरणा देता है। मन की बात कार्यक्रम जन-जन को एक सूत्र में पिरोकर राष्ट्र के उत्कर्ष की दिशा में उन्मुख करने का सशक्त माध्यम बना है। प्रधानमंत्री जी ने आज देश की उपलब्धियों, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक विषयों से भी अवगत करवाया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दीप पर्व पर वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाएं, रामराज्य के सपने को साकार करें और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें। मन की बात



प्रधानमंत्री जी के आम लोगों के साथ गहरे जुड़ाव का केंद्र है, जो उन्हें एक ऐसे संवेदनशील, दयालु और निर्णायक नेता के रूप में देखते हैं जो देश में बदलाव लाकर उनके जीवन को बेहतर बना रहे हैं।राठौड़ ने कहा कि मन की बात ने करोड़ों भारतीयों को आकर्षित और प्रेरित किया है। प्रत्येक एपिसोड के साथ श्रोताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समुदायों से शुरू करके सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्रीय विकास के लिए काम करने के लिए साथी भारतीयों को शिक्षित, मार्गदर्शन, सलाह और प्रेरित करने का प्रयास किया है।

# परिवहन विभाग के बेड़े में बीएस-6 मॉडल की 130 नई बसें शामिल की गई

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड परिवहन विभाग को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ी सौगात दी है। यहां पर बीएस-6 मॉडल की कुल 130 नई बसों को हरी झंडी दिखाई गई।

आईएसबीटी में बीएस-6 मॉडल की 130 बसों हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर यहां से बसों को रवाना किया। प्रदेश को नई बसों की सौगात मिलने पर परिवहन विभाग ने मुख्यमंत्री का आभार जताया और इसको दीपावली से पहले एक बड़ा तोहफा बताया। बता दें कि 2003 में उत्तराखंड के परिवहन निगम का गठन हुआ था, वर्तमान में विभाग में कुल 1,316 बसें संचालित हैं। इसमें 479 बसें अनुबंधित सेवा के तहत संचालित की जा रही हैं। नए मॉडल की 130 बस राज्य के विकास में एक



महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेगी और नई तकनीक वाली बसों की सुविधाएं भी बेहतर होंगी।जल्द ही परिवहन विभाग में इलेक्ट्रिक बसों का भी समावेश किया जाएगा। दीपावली पर चालकों और परिचालकों को प्रोत्साहन राशि देने का भी निर्णय लिया गया है। इस मौके पर सीएम धामी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमारा संकल्प है और इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुविधाएं मिलें। प्रदेश के सभी लोगों तक विकास पहुंचे और इसी कड़ी में 130 बसों को हरी झंडी दिखाई गई है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के जनमानस और यहां आने वाले बाहर के सभी लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हों और आवागमन के लिए अच्छा साधन मिले, इस दिशा में ये बसें आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होंगी। इससे अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन और लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। सीएम ने दावा किया कि अभी 130 बसें परिवहन विभाग के बेड़े में शामिल हुई हैं, आने वाले निकट भविष्य में इसमें इलेक्ट्रिक बसों को भी शामिल किया जाएगा। आगे भी अच्छी सुविधाओं को देने का लगातार प्रयास करेंगे।

## हम जनता से वोट मांगते हैं, जबकि भाजपा अधिकारियों से : शिवपाल यादव

**एजेंसी**

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल यादव ने कहा है कि उपचुनाव में उनकी पार्टी की रिकॉर्ड तोड़ जीत और भाजपा की हार होगी। तंज कसा कि अधिकारियों के सहारे पार्टी वोट हासिल करती है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव ने प्रदेश की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कहा कि ये चुनाव पूरा रिकॉर्ड तोड़ देगा। उपचुनाव के मद्देनजर प्रशासन द्वारा बीएसएफ के 13 बटालियन को बुलाए जाने पर उन्होंने कहा कि जनता के सामने सब फेल होंगे। आयोग के निर्देश का पालन करना



चाहिए। अधिकारी लोग संविधान की कसम खाते हैं, अधिकारियों को उसका पालन करना चाहिए। निष्पक्ष चुनाव लड़ा जाना चाहिए।उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हम लोग जनता से वोट मांगने का काम करते हैं, जबकि भाजपा के लोग जनता से नहीं बल्कि अधिकारियों से वोट मांगते हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के एक बयान पर विवाद हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री दीपावली पर दीपोत्सव का जो कार्यक्रम करेंगे। सीएम ऐसा तभी करें, जब वो पहले राम मंदिर का निर्माण कर चुके हों। इस पर शिवपाल यादव ने कहा कि यह हमारा बहुत पुराना त्यौहार है। इसको लेकर सभी लोग अपने घरों में दीपक जलाते हैं। सपा नेता ने भाजपा पर ड्रामा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनको फिजूलखर्ची न करके विकास का काम करना चाहिए। लोगों को 24 घंटे बिजली देनी चाहिए। बता दें कि करहल विधानसभा सीट पर उपचुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस सीट से अनुजेश यादव को प्रत्याशी बनाया है, जो सपा सांसद धर्मेंद्र यादव की बहन संध्या यादव के पति हैं। वहीं सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद तेजप्रताप उनके भतीजे हैं। ऐसे में यहां पर पारिवारिक मुकाबला हो गया है। तेज प्रताप यादव के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे शिवपाल यादव ने कहा कि इस बार जसवंत नगर से भी बड़ी जीत दर्ज होगी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अनुजेश यादव को भगोड़ा करार दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को मप्र के तीन नए चिकित्सा महाविद्यालयों का करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

**एजेंसी**

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार, 29 अक्टूबर को तीन नए चिकित्सा महाविद्यालयों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। ये चिकित्सा महाविद्यालय नीमच, मंदसौर और सिवनी में शुरू हो रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री 81 लाख किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये की सहायता राशि का अंतरण और 512 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति-पत्र का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार देर शाम यह जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मध्य प्रदेश सहित नीमच, मंदसौर और सिवनी जिले को दीपावली पर यह बड़ी सौगात देंगे। मुख्य कार्यक्रम मंदसौर में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश के 81 लाख से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 1624 करोड़ की सहायता राशि उनके खातों में अंतरित करेंगे। प्रदेश के अन्न दाताओं को दीपावली के पहले यह राशि मिल जाने से उनके त्यौहार की खुशियां दोगुनी हो जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य स्तरीय नवम् आयुर्वेद दिवस पर 512 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति-पत्र का वितरण भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ मध्य प्रदेश भी चहुँमुखी विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। कभी बीमारू राज्य कहलाने वाला मध्य प्रदेश आज विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो चुका है। आज मध्य प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास की गति तीव्र हो गई है।

# डैंड्रफ से हैं परेशान तो अपनाएं ये असरदार नुस्खें!







कुछ लोगों को डैंडर्फ की समस्या बहुत ज्यादा होती हैं। इससे शर्मिंगी तो महसूस होती ही हैं, साथ ही बालों को भी काफी नुकसान पहुंचता है। अगर यह एक बार आ जाए, तो इससे पीछा छुड़ाना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप कई एंटी डैंडर्फ हेयर प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती होंगी, लेकिन उनमें से कई इतने असरदार नहीं होते हैं या रुसी निकालते तो हैं लेकिन बालों को नुकसान भी पहुंचाते हैं। अगर आप नेचुरल तरीके से रूसी से निजात चाहती हैं, तो ये घरेलू नुस्खे जरूर आजमाएं।

### 1. नींबू का रस

नीम्बू को सरसों के तेल में मिलाकर अपने बालो की जड़ों पर लगाएं, फिर अपने बाले की अच्छे से 15 मिनट तक मालिश करें। अपने बालों को अच्छे से धोकर कंडीशनर कर लें।

### 2.टी-ट्री ऑइल

टी-ट्री ऑयल में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल के गुण मौजूद होते हैं जो रूसी को खत्म करने के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इस ऑयल की कुछ बूंदों को अपने शैम्पू मे मिक्स कर लें और फिर अपने बालें के धो लें।

3. एस्पिरिन वैसे तो एस्पिरिन का इस्तेमाल बीमारी में किया जाता है लेकिन इसका ड्रेंफ को मिटाने के लिए भी प्रयोर किया जाता हैं।अपने शैम्पू की बोटल में एस्पिरिन की तीन गोलियां मिलाकर इसको अच्छे से मिक्स कर लें और रोजाना इसका इस्तेमाल करने से आपकी रुसी झट से गायब हो जाएंगी।

### 4.जादुई पानी

रुसी को मिटाने के लिए पानी में कुछ नीम और तुलसी की पत्तियों को उबाल लें फिर पाती को छान कर ठंडा कर लें। इस पानी से अपनो बालो को धोएं।

5 .

### रूसी रोधक मास्क

नीबू की तरह दही भी बालो के लिए फायदेमंद होता हैं। इसका मास्क बनाने के लिए एक कटोरी में दही और 2 टीस्पून बरेकिंग सोडा पाउडर डालें फिर बालों की जड़ो पर अच्छे से लगाएं।

### 6. मुल्तानी मिट्टी

मुल्तानी मिट्टी में 3 चम्मच सेब का सिरका मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें फिर अपने बालें को धोने के बाद 10 मिनट तक बालों पर लगाकर रखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें।इससे रुसी जड़ों से निकल जाएंगी।कुदरती तौर पर बालों को काला करने के लिए देसी घी से सिर की मालिश करें। इसे त्वचा को पोषण मिलता है और बालों के सफेद होने की समस्या भी दुर हो जाती हैं।





# जायफल स्क्रब से करें ब्लैकहेड्स दूर !

हर लड़की सुंदर दिखना चाहती हैं। उनकी सुंदरता में ब?लैकहेड्स जैसी समस्याएं बाधा डालती हैं। ब?लैकहेड्स की समस्यां अक्सर आयली स्किन पर ज्यादा देखने को मिलती हैं।ब?लैकहेड्स त्वचा पर धूल-मिट्टी, स्ट्रेस और नींद पूरी न होने के कारण होती हैं। ब?लैकहेड्स निकालने के लिए बाजार में कई तरह के ब?यूटी प्रोडक?ट्स मिलते हैं लेकिन इन प्रोडक?ट्स में केमिकल होने से इसका त्वचा पर बुरा प्रभाव पड़ता हैं।इसलिए आप कुछ घरेलू तरीके अपना कर ब?लैकहेड्स की समस्यां से छुटकारा पा सकते हैं।

आप जायफल स्क्रब के इस्तेमाल से ब?लैकहेड्स निकाल सकते हैं। अक्सर हर किचन में जायफल का इस्तेमाल खाने का स्वाद बढाने के लिए किया जाता हैं। जायफल एंटीबैक्टीरियल होने के कारण त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। यह फेस से गंदगी और मुहासों को हटाने के लिए कारगर साबित होता हैं। हम आपको जायफल से ब?लैकहेड्स को हटाने के उपाय बता रहें हैं।



-2 चम्मच जायफल पाउडर और दूध को बराबर मात्रा में मिलाकर अच्छे से पेस्ट तैयार कर लें।

- फिर इसके बाद चेहरे को पानी से धोकर इस पेस्ट को लगा लें।


- ब्लैकहेड्स वाली जगह पर जायफल पेस्ट को अच्छे से लगाएं ताकि इसमे मौजूद एंटीबैक्टीरिया आपकी त्वचा के अंदर जाकर ब्लैकहेड्स को निकाल दें।

- फेस पैक को 15 मिनट लगाकर रखने के बाद अपने चेहरे पर 5 मिनट के लिए जायफल का स्क्रब करें।

- फिर अपनी त्वचा को धोकर उंगलियों के साथ हल्के हाथो से थपथपाएं। इससे आपके चेहरे से गंदगी निकल जाती हैं।

- ऑयली स्किन वाले को शहद का और ड्राई स्किन पर फुल फैट मिल्क का इस्तेमाल इस पेस्ट मे करना चाहिए।

# घरेलू उपायों से पाएं डार्क सर्कल से छुटकारा



आंखों के नीचे काले घेरे पड़ना, आम सी बात हो गई है लेकिन कहीं न कहीं, यह आपकी खूबसूरती पर बुरा इफैक्ट डालते हैं। आंखों के काले घेरों के आगे आपका फेयर कंप्लैक्शन भी फीका पड़ जाता है। इन्हें छिपाने के लिए आप मेकअप का सहारा ले सकते हैं लेकिन मेकअप इन्हें कुछ ही समय के लिए छिपा सकता है। इन्हें पूरी तरह से हटाने के लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने होंगे। स्वस्थ व पौष्टिक भोजन, व्यायाम तथा अच्छी नींद इसके लिए सबसे अच्छा तरीका हैं। -टमाटर, नींबू और बेसन टमाटर और नींबू के रस में चुटकीभर बेसन और हल्दी डालकर पेस्ट बनाएं और 20 मिनट काले घेरों पर लगाकर पानी से धो लें। हफ्ते में ऐसा 3 बार करें। - गुलाब जल

गुलाब जल को रूई में भिगोकर आंखों पर 10 मिनट लगाए रखें। इससे आंखें तरो-ताजी और डार्क सर्कल कम होंगे। ऐसा दिन में एक बार रोज करें। -आलू

आलू की पतली स्लाइस काटकर उन्हें आंखों पर 20 से 25 मिनट रखें। इसके बाद चेहरा को अच्छे से साफ कर लें। डार्क सर्कल हटाने का यह सबसे बेस्ट तरीका है।

-बादाम का तेल

बादाम के तेल को आंखों के आस-पास लगाकर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। फिर उंगलियों से 10 मिनट तक हल्की मालिश करें। बादाम में आप शहद भी मिक्स कर सकते हैं।

-चाय का पानी

चायपत्ती को पानी के साथ उबाल लें और फिर ठंडा होने के लिए रख दें। रुई में भिगोकर चाय पानी आंखों के नीचे और आस-पास लगाएं। नियमित रूप से ऐसा करने से चेहरे के काले घेरे तेजी से कम हो जाएंगे।

-टी बैग

डार्क सर्कल्स को दूर करने के लिए टी-बैग्स का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। टी-बैग्स में मौजूद तत्व टैनिन आंखों के आस-पास की सूजन और काली त्वचा खत्म कर देता है। ग्रीन टी बैग आंखों पर रखने से भी डार्क सर्कल की प्रॉब्लम दूर होती है।

-संतरे का रस और ग्लिसरीन



संतरे के रस में ग्लिसरीन की कुछ बूंदें मिलाएं और इस पेस्ट को हर रोज आंखों और आस पास के एरिया पर लगाएं। यह काले घेरे मिटाने का असरदार तरीका है।

-जैतून तेल

जैतून का तेल से आंखों के आस-पास हल्के हाथों से मसाज करें, इससे रक्त संचार ठीक रहता है। और आंखों की थकान कम होती है, जिससे डार्क सर्कल की समस्या दुर होती है।

-अनानास और हल्दी

अनानास के जूस में हल्दी मिलाकर आंखों के नीचे लगाएं इससे भी डार्क सर्कल कम होंगे। *याद रखें ये बातें - खीरे और आलू के टुकड़ों को आंखों पर रखें। इससे आंखों को ठंडक और ताजगी मिलेगी। - धूप में सनग्लासेज का इस्तेमाल भी डार्क सर्कल से बचाता है। - विटामिन-के और ई से भरपूर सब्जियां और फल खाएं और फ्रैश जूस पीएं।

- कम से कम 8 घंटें की नींद लें।
- रात को सोते समय धूम्रपान या हार्ड ड्रिंक्स से परहेज करें।
- आई मेकअप प्रोडक्ट्स अच्छी कंपनी का खरीदें।
- आंखों पर कोई भी क्रीम ज्यादा देर तक न लगाई रखें।

-कम से कम 8-10 गिलास पानी पीएं।

# मेकअप की ये 7 चीजें बिलकुल न करें फैंड्स से शेयर



अक्सर लोग खाने से लेकर ब्यूटी प्रॉडक्ट्स तक का सामान एक दूसरे से शेयर करते हैं। खाना शेयर करना अच्छी बात है लेकिन हर चीज शेयर करना नहीं। ब्यूटी प्रॉडक्ट्स शेयर करने से आपकी त्वचा पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है। आज हम आपको बताते हैं कि मेकअप प्रॉडक्ट्स शेयर करने के क्या नुकसान हैं।

### 1.लोशन के जार

अपने लोशन के जार को हाथ लगाने से या फिर किसी और व्यक्ति के हाथ लगने से लोशन जार मे बैक्टीरिया पहुंच जाते है,जिससे आपको त्वचा संबंधी कई समस्याएं हो सकती है।

### 2.लिप ग्लॉस

जरूरत पड़ने पर आप अपनी सहेली की लिप ग्लॉस इस्तेमाल कर लेती है, जिसका असर आपके होंठो पर पड़ता है। इससे होठो पर इंफैक्शन होने का डर बना रहता है।

### 3.मस्कारा

किसी से मस्कारा शेयर करने को न दें क्योंकि आखों कि पलकों पर बैक्टीरिया होने से वह मस्कारे के ब्रश मे चल जाते हैजो किसी ओर के इस्तेमाल करने आखों में इंफैक्शन,दर्द और सूजन जैसी परेशानी दे सकते हैं।

### 4.मेकअप स्पंज

मेकअप स्पंज से त्वचा पर फंगल इंफैक्शन, मुंहासे और त्वचा संबंधी अन्य समस्याएं हो जाती है।

### 5.ट्वीजर

किसी का ट्वीजर शेयर नहीं करना चाहिए।जब आप अपनी आइब्रो के कुछ बाल निकालते है तो उस से खून भी बालों के साथ निकलता है। फिर किसी के इस्तेमाल सें बैक्टीरिया उनकी आईब्रो मे प्रवेश कर जाते है, जिससे इंफैक्शन का खतरा बन जाता हैं।

### 6.हेयर ब्रश

अक्सर आपकी मम्मी आपको शुरू से ही किसी का हेयर ब्रश इस्तेमाल करने से रोकती है। हेयर ब्रश शेयर करने से डेंड्रफ हो जाती है। इसी के साथ इंफैक्शन और जूएं होने का डर बना रहता है।

### 7.सॉप बार

अगर कोई सक्रमित व्यक्ति तो उसके सोप इस्तेमाल से संक्रमन आपके शरीर मे प्रवेश कर जाते हैं, जिसका आपकी त्वचा पर सीधा असर पड़ता हैं। इसी प्रकार वॉशक्लोथ या लोफा के शेयर से भी त्वचा संबंधी समस्याएं हो जाती हैं।

## यूएसए क्रिकेट ने स्टुअर्ट लॉ को मुख्य कोच के पद से हटाया

**एजेंसी**

**वाशिंगटन डीसी।** यूएसए क्रिकेट ने स्टुअर्ट लॉ को राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद से हटा दिया है। यह निर्णय यूएसए के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 अभियान से एक दिन पहले आया। लॉ का कार्यकाल अप्रैल में शुरू हुआ और सात महीने से कुछ अधिक समय तक चला, उनके कार्यकाल में टीम टी20 विश्व कप सुपर-आठ चरण में अपने इतिहास में पहली बार आगे बढ़ी। वेस्टइंडीज के साथ संयुक्त रूप से आयोजित टूर्नामेंट में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने समूह में कनाडा और पाकिस्तान को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। टीम ने बांग्लादेश को टी20आई श्रृंखला में भी हराया। एक प्रेस विज्ञप्ति में यूएसए क्रिकेट के अध्यक्ष वेणु पिसिके ने कहा, हम स्टुअर्ट को उनके कार्यकाल के दौरान यूएसए क्रिकेट में उनके योगदान के लिए धन्यवाद देते हैं। हम उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना करते हैं। नौ मैचों में छह जीत के साथ, यूएसए वर्तमान में क्रिकेट विश्व कप लीग 2 अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और 2027 के वनडे विश्व कप में जगह बनाने का लक्ष्य बना रहा है।

## सोफिया सिविंग, अरमान भाटिया ने जीता प्रथम इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल चैम्पियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली।** तीसरी वरीयता प्राप्त सोफिया सिविंग ने यहां डीएलटीए स्टेडियम में पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की काओ पेई चुआन को 11-3, 11-2 से हराकर पहला प्रो पिकलबॉल खिताब जीत लिया है। शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के अनिश्चित और जोखिम लेने के लिए तैयार न होने के कारण अमेरिकी खिलाड़ी को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन काओ की गलतियों ने सिविंग को पहला अंक दिलाया। धीरे-धीरे लय में आकर सिविंग ने 2-0 से पिछड़ने के बाद स्कोर बराबर किया और फिर 3-2 की बढ़त ले ली, छोर बदलने से स्पष्ट रूप से थके हुए चुआन के संघर्ष को कम करने में कोई मदद नहीं मिली, सिविंग ने 5-0 की बढ़त हासिल कर ली और फिर सेट 11-3 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में सिविंग को कोई दिक्कत नहीं हुई और उन्होंने आसानी से दूसरा सेट 11-2 से जीतकर खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में भारत के अरमान भाटिया ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यूएसए के डस्टिन बोयर को 8-11, 11-9, 11-8 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अच्छी शुरुआत करते हुए भाटिया ने 3-0 की बढ़त बनाई, लेकिन बोयर ने गेम में बढ़त बनाते हुए 6-3 की बढ़त बनाई और फिर सेट 11-8 से अपने नाम कर लिया।

## नेपाल ने भारत को सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 से किया बाहर

**नई दिल्ली।** भारत दशरथ स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में नेपाल से 2-4 से हारकर सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 से बाहर हो गया। नेपाल फाइनल में बांग्लादेश से खेलेगा, जिसने पहले दिन दूसरे सेमीफाइनल में भूटान को 7-1 से हराया था। खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए इस मैच में, नियमित समय समाप्त होने के बाद शूट-आउट का सहारा लिया गया, जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच में मैदान के अंदर से ज्यादा बाहर का ड्रामा देखने को मिला। 62वें मिनट में संगीता बासफोर के शानदार शॉट की बदौलत भारत ने बढ़त हासिल कर ली और इसके बाद नेपाल ने बराबरी का गोल दागा, जिसे रेफरी ने नकार दिया। इसके बाद मैच 70 मिनट से अधिक समय तक रुका रहा, क्योंकि मेजबान टीम ने रेफरी के फैसले का विरोध करना शुरु कर दिया। भूटान के रेफरी ओम चोकी ने एक घंटे से अधिक समय तक धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा की और पर्यवेक्षण अधिकारियों तथा नेपाल टीम के बीच चर्चा के बाद मैच पुनः शुरू हुआ। मैच पुनः शुरू होने के कुछ सेकंड बाद, नेपाल ने अपने देश की रिकॉर्ड गोल स्कोरर सबित्रा भंडारी के माध्यम से बराबरी कर ली, जो अंततः खेल को 90 मिनट से आगे ले जाने में महत्वपूर्ण साबित हुई।

## अफगानिस्तान ए ने श्रीलंका ए को हराकर जीता इमर्जिंग एशिया कप का खिताब

**अल अमीरात।** सेदिकुल्लाह अटल (नाबाद 55) रनों की शानदार पारी के दम पर अफगानिस्तान ए ने फाइनल मुकाबले में श्रीलंका ए को सात विकेट से हराकर इमर्जिंग एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। श्रीलंका ए के 133 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जुबैद अकबरी (शून्य) का विकेट गवां दिया। सेदिकुल्लाह अटल ने कप्तान डरविश रसूली के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़े। दुशान हेमंता ने रसूली (24) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद करीम जनत और सेदिकुल्लाह के बीच तीसरे विकेट के लिये 47 रनों की साझेदारी हुई। दोनों बल्लेबाज टीम को जीत के करीब ले गये। 15वें ओवर में एहसान मलिंगा ने करीम जनत (33) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। सेदिकुल्लाह अटल (नाबाद 55) और मोहम्मद इशाक़ ने छह गेंदों में (नाबाद 16) रनों की पारी खेली। अफगानिस्तान ए ने 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 134 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। श्रीलंका की ओर से सहान अराछिगे, दुशान हेमंता और एहसान मलिंगा ने एक-एक विकेट लिया।

# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम की घोषित

**एजेंसी**

**लाहौर।।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए एकदिवसीय और टी -20 सीरीज के टीम की घोषणा कर दी है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए पाकिस्तान की टीम से बाहर किये गये बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी की ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी टीम की घोषणा कर दी है। साथ ही पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट के लिए केंद्रीय अनुबंध की नई सूची भी जारी की है। मोहम्मद रिजवान के अलावा बाबर ने ए श्रेणी में बरकरार रखा गया है लेकिन अफरीदी को ए के बजाय बी श्रेणी में शान मसूद को भी बी श्रेणी में बरकरार रखा गया है। फखर जमां और इमाम उल हक़ को भी केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है और उन्हें किसी भी दल में जगह नहीं दी गई है।

पाकिस्तान का ऑस्ट्रेलिया दौरा चार से 18 नवंबर तक होगा। जबकि जिम्बाब्वे दौरा 24 नवंबर से पांच




दिसंबर तक चलेगा।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान एकदिवसीय टीमः- आमिर जमाल, अब्दुल्लाह शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रउफ, हासीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा और शाहीन शाह अफरीदी।

टी-20 टीमः- अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रउफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमेर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम और उस्मान खान।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान की एकदिवसीय टीमः- आमिर जमाल, अब्दुल्लाह शफीक, अबरार अहमद, फैसल अकरम, हारिस रउफ, हसीबुल्लह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, शाहनवाज दहानी और तैयब ताहिर।

टी-20 टीमः- अहमद दनियाल, अराफात मिन्हास, हारिस रउफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमेर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफियान मोकिम, तैयब ताहिर और उस्मान खान।

# दक्षिण कोरिया ने अंडर-17 एशियाई कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**एजेंसी**

**डालियान।** दक्षिण कोरिया ने चीन के साथ 2-2 से ड्रा खेलकर अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर अंडर-17 एशियाई कप फाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। ग्रुप सी के अंतिम गेम में स्थानापन्न ली जी-हो ने 87वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर दक्षिण कोरिया को बराबरी दिलाई। दक्षिण कोरिया और चीन दोनों ने अपने क्वालीफाइंग अभियान को तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ समाप्त किया, जिसमें दक्षिण कोरिया अपने बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर रहा। अन्य समूहों के खेल समाप्त होने के बाद ही चीन को पता चलेगा कि वे पाँच सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान वाली टीमों में से एक के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं या नहीं।

दक्षिण कोरिया ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और नौवें मिनट में ही स्ट्राइकर जून मिन-सुंग ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। चीन के मिडफील्डर याओ जुन्यू ने 45वें मिनट में कोरियाई रक्षा पंक्ति को तोड़कर स्कोर बराबर कर दिया।

66वें मिनट में, चीन को पेनल्टी दी गई, और फॉरवर्ड वेई जियांगक्सिन ने आगे बढ़कर मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया। लेकिन अंत से तीन मिनट पहले, चीन के लियू जियाले ने क्षेत्र में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी को नीचे गिरा दिया, जिससे पेनल्टी ली को मिल गई, जिसे ली ने गोल में बदल दिया और कोरिया को 2-2 से बराबरी दिला दी।कुल 43 टीमों को अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर खेलने के लिए दस समूहों में विभाजित किया गया था, और समूह विजेता और सर्वश्रेष्ठ पांच दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें मेजबान सऊदी अरब के साथ फाइनल में शामिल होंगी, जो 3 से 20 अप्रैल, 2025 तक निर्धारित है।

# बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पुनर्गठित 18 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट 11 से 20 नवंबर तक बिहार के नव-विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पिछले साल रांची में हुए संस्करण में खिताब जीतने के बाद, गत चैंपियन के रूप में भारत उच्च उम्मीदों के साथ प्रतियोगिता में प्रवेश कर रहा है। महाद्वीपीय वर्चस्व की लड़ाई में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे होंगी, जबकि नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी। उनके नेतृत्व में, भारत का लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना है। टीम



के चयन और टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की तैयारी पर मिडफील्डर और कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, एक और प्रमुख टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक अविश्वसनीय एहसास है, खासकर गत विजेता के रूप में। हमने कठोर प्रशिक्षण लिया है और हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं दोनों के साथ एक मजबूत इकाई है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था। इस बीच, उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हमें अपनी तैयारी और टीम के भीतर बनी केमिस्ट्री पर भरोसा है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना एक बहुत बड़ा बढ़ावा है, और हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हैं। सलीमा के साथ काम करना शानदार रहा है, और हम इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए दृढ़ हैं। भारत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 अभियान की शुरुआत करेगा।

# गुजरात पर मिली जीत से टीम का आत्मविश्वास मजबूत हुआ : उपेंद्र मलिक

**एजेंसी**

हैदराबाद। हैदराबाद के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में पीकेएल सीजन 11 के रोमांचक मुकाबले में शाम यूपी योद्धा ने गुजरात जायंट्स पर 35-29 से जीत हासिल की, जिसमें भरत (13 अंक) और भवानी राजपूत (9 अंक) ने योद्धाओं के लिए बढ़त बनाई, जबकि राकेश ने जायंट्स के लिए 8 अंक हासिल किए। गुमान सिंह और सोमबीर के माध्यम से जायंट्स की मजबूत शुरुआत के बावजूद, योद्धाओं ने वापसी की और भवानी राजपूत की शुरुआती रेड के बाद गति प्राप्त की। खेल का टर्निंग पॉइंट हाफटाइम से ठीक पहले आया जब राकेश पर महेंद्र सिंह के सफल टैकल के परिणामस्वरूप ऑल आउट हो गया, जिससे ब्रेक तक योद्धाओं को 19-17 की बढ़त मिल गई, जिसे उन्होंने अंत तक बनाए रखा। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा, यह निस्संदेह हमारे द्वारा अब तक खेले गए चार मैचों में सबसे कठिन मैच था। हमारे खिलाड़ियों ने शुरू से लेकर आखिर तक दबाव की स्थितियों को जिस तरह से संभाला, वह उल्लेखनीय था। पहले ऑल-आउट के बाद भी, हमने तीन से चार अंकों की बढ़त बनाए रखी, जिसमें महत्वपूर्ण सुपर टैकल भी शामिल थे।

मैच में जोरदार बैक-एंड-फॉरवर्ड एक्शन देखने को मिला, जिसमें गुजरात जायंट्स ने पहले हाफ में जितेंदर यादव के माध्यम से सुपर टैकल को अंजाम दिया। हालांकि, यूपी योद्धा ने तुरंत दो अंकों की बढ़त के साथ जवाब दिया। जायंट्स ने कुछ समय के लिए घाटे को मिटाने में कामयाबी हासिल की, लेकिन महेंद्र सिंह के निर्णायक टैकल ने योद्धा के पक्ष में मैच मोड़ दिया। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने अंतिम क्षणों में अपनी बढ़त को बनाए रखने की टीम की क्षमता की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए कहा, अंतिम मिनटों में बढ़त हासिल करना उतना ही चुनौतीपूर्ण हो सकता है जितना कि किसी का पीछा करना। टीम ने अपनी बढ़त को बनाए रखने में शानदार संयम दिखाया और साथ ही ज़रूरत पड़ने पर आक्रामक भी रही। कप्तान सुरेंदर गिल ने अपनी रेडिंग यूनिट में अनुकूलनशीलता के महत्व पर जोर दिया, उन्होंने कहा, जबकि अंतिम क्षण महत्वपूर्ण थे, यह ध्यान देने योग्य है कि हमारे सभी रेडर्स ने अपनी भूमिका निभाई। कुछ मैचों में गुमान ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि अन्य में हिमांशु ने बेहतर प्रदर्शन किया। भवानी और भरत दोनों ने महत्वपूर्ण क्षणों में अच्छा प्रदर्शन किया। कोच मलिक के अनुसार, इस जीत ने टीम के आत्मविश्वास को बढ़ाया है। उन्होंने कहा, ऐसी कठिन परिस्थितियों में जीतना टीम के आत्मविश्वास को मजबूत करता है।

# मेरे परिवार ने मेरे लिए बहुत कुछ किया, चाहता हूं कि वे एक अच्छी जिंदगी जिएं : पटना पाइरेट्स रेडर देवांक

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 में कुछ बहुत ही प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिले हैं जो थीम पर फिट बैठते हैं। सीजन के शुरुआती हिस्से में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक पटना पाइरेट्स के युवा रेडर देवांक दलाल रहे हैं, जिन्होंने सभी को अपनी प्रतिभा पर ध्यान देने के लिए मजबूर कर दिया। हरियाणा के रोहतक से आने वाले युवा देवांक ने हैदराबाद की भीड़ को अपना नाम जपने पर मजबूर कर दिया, जब उन्होंने अकेले ही पटना पाइरेट्स को तमिल थलाइवाज के खिलाफ एक असंभव जीत दिलाई। यह पटना पाइरेट्स की सीजन की पहली जीत थी, और देवांक ने 25 अंक बनाए क्योंकि वे पीछे से आए और जीत हासिल की, जो वास्तव में हार के मुंह से निकली थी।देवांक ने कहा, यह



सब टीम के बारे में था और मैं सोच रहा था कि पटना पाइरेट्स के लिए मैट पर किसी न किसी को आगे आना चाहिए। उस दिन, तमिल थलाइवाज के खिलाफ, यह मेरा दिन था और दूसरे दिन, कोई और खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेगा। लेकिन, हमारे लिए एक साथ खेलना महत्वपूर्ण है और इसी तरह हम खेल जीत सकते हैं। देवांक के लिए, एकमात्र ध्यान यह सुनिश्चित करना है कि पटना पाइरेट्स पीकेएल सीजन 11 में अच्छा प्रदर्शन करे। उन्होंने कहा, मेरे साथी, कप्तान शुभम शिंदे, मुझे आगे बढ़ने और अंक हासिल करने का आत्मविश्वास देते रहे। मुझे पटना पाइरेट्स में टीम प्रबंधन से बहुत समर्थन मिला है और मैं हर अवसर का लाभ उठाना चाहता हूं। हालांकि, जब उनके व्यक्तिगत लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं का विषय सामने आया, तो दृढ़ निश्चयी देवांक ने बताया, जब मैं नौवें सीजन में जयपुर पिंक पैंथर्स में था, तो मेरी शर्ट पर एक स्टार था, और फिर हमने उस साल खिताब जीता। अगले साल (सीजन 10) हमने शर्ट पर दो सितारों के साथ खेला, और अब पटना पाइरेट्स में, इस साल मेरी शर्ट पर तीन सितारे हैं। लेकिन जब हम सीजन 12 खेलेंगे, तो मैं अपनी किट पर चार सितारे रखना चाहता हूँ।

# डब्ल्यूटीए ग्वांग्झू ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं सिनियाकोवा



**एजेंसी**


**गुआंगझोउ।** चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त कैटरीना सिनियाकोवा ने यहां डब्ल्यूटीए गुआंगझोउ ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सिनियाकोवा ने संयुक्त राज्य अमेरिका की पेरा बर्नार्डा को सीधे सेटों में हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। पहले सेट के तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बावजूद, सिनियाकोवा ने एक घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में बर्नार्डा को 6-4, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अन्य तीन एकल क्वार्टर फाइनल में इटली की लूसिया ब्रोंजेटी ने चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त वांग शियायू को 6-4, 6-1 से हराया, सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच ने थाईलैंड की मनंचया सावांगकाव को 6-4, 6-4 से हराया और संयुक्त राज्य अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड ने स्पेन की बुजास मानेरो को 6-4, 4-6, 6-0 से हराया।

# कर्स्टन का इस्तीफा, पीसीबी ने गिलेस्पी को बनाया कोच

**एजेंसी**

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एकदिवसीय और टी-20 कोच गैरी कर्स्टन के इस्तीफा देने के बाद जेसन गिलेस्पी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम का कोच नियुक्त किया है। पाकिस्तान के नवनियुक्त कोच कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी और पीसीबी के बीच उस समय दरार पैदा हो गई थी, जब से बोर्ड ने उनसे चयन की शक्तियां छीनने का फ़ैसला किया था। कर्स्टन ने सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन यह माना जा रहा है कि वह सुधारों से निराश थे। वर्तमान चयन समिति के प्रभाव में वृद्धि से कोच स्वयं को दरकिनार किया गया महसूस कर रहे है। कर्स्टन का कार्यकाल छह महीने का रहा। इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट मैच हारने के बाद तीन महीने में तीसरे नए चयन पैनल की घोषणा की गई। इसमें आकिब, अलीम दार,






अजहर अली, असद शफीक और हसन चीमा थे, जबकि कोच और कप्तान को हटा दिया गया था। दार को मुल्तान में दूसरे टेस्ट के लिए दोबारा पिच तैयार करने के विचार का मूल वास्तुकार माना जाता था, जबकि आकिब सार्वजनिक चेहरा बन गए। यहां तक कि नए सफेद गेंद के कप्तान रिजवान ने भी टेस्ट के दौरान एक समय यह टिप्पणी की थी कि पाकिस्तान अब 'आकिब-गेंद' खेल रहा है। कर्स्टन का जाना और जिस तेजी से सामने आ रही हैं, वह पाकिस्तान क्रिकेट के लिए भी आश्चर्यजनक नहीं है। इसका मतलब यह है कि कर्स्टन एक भी एकदिवसीय में पाकिस्तान को कोचिंग दिए बिना ही अपनी भूमिका से हट गए, जिस प्रारूप में उन्होंने कोचिंग में अपनी सबसे बड़ी सफलता हासिल की थी। पाकिस्तान ने तीन महीने का सबसे अच्छा हिस्सा उस कोच की तलाश में बिताया, जिसे नकवी ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ कोच कहा था। पाकिस्तान का ऑस्ट्रेलिया दौरा छह दिन में शुरू हो रहा है, जहां उनको चार नवंबर को मेलबर्न में पहला एकदिवसीय मैच खेलना है। इसके बाद पाकिस्तान को जिम्बावे का भी दौरा करना है।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 टीम की घोषणा की

**एजेंसी**

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने पाकिस्तान के साथ घरेलू मैदान पर होने वाली तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा की है तेज गेंदबाज तिगड़ी जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस और स्पेंसर जॉनसन की चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी हुई है। साथ ही सफेद के नियमित खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा और जोश इंगलिस को भी 14 नवंबर को ब्रिस्बेन में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए चुना गया है। 22 नवंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली महत्वपूर्ण पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी के मद्देनजर ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट सितारों को पाकिस्तान के साथ होने वाली टी-20 श्रृंखला में जगह नहीं दी गई है। इसलिये ऑस्ट्रेलियाई

टीम को पाकिस्तान सीरीज के लिए एक नया कप्तान खोजने की जरूरत होगी। नियमित सफेद कप्तान मिच मार्श और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से पहले पर्थ में होंगे, जिससे चयनकर्ताओं को पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार टीम की अगुआई करने के लिए एक नए खिलाड़ी को नियुक्त करने का मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के चयन अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, खिलाड़ियों के इस समूह ने टी20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि वे इस श्रृंखला के दौरान अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव को और बेहतर बनाएंगे। हम अपने अंतरराष्ट्रीय सफर की शुरुआत के करीब पहुंचने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके अनुभव के मिश्रण से उत्साहित हैं। बेली ने कहा, ÷जेवियर, स्पेंसर और नाथन का राष्ट्रीय सेटअप में वापस आना विशेष रूप से उत्साहजनक है। यह उनके लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमता दिखाने का एक और अवसर है, जैसा कि उन्होंने अतीत में किया है।

ऑस्ट्रेलिया टी-20 टीम इस प्रकार हैः- सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा। श्रृंखला कार्यक्रमः पहला टी-20 मैच ब्रिस्बेन में 14 नवंबर, दूसरा टी-20 मैच सिडनी में 16 नवंबर और तीसरा टी-20 मैच 18 नवंबर को होबार्ट में खेला जायेगा।ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 टीम की घोषणा की।

# पीकेएल को दिया गया वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्स लीग का पुरस्कार

नई दिल्ली। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) को सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स 2024 में प्रतिष्ठित 'बेस्ट स्पोर्ट्स लीग ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार समारोह शुक्रवार, 18 अक्टूबर को नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) स्कोर कार्ड 2024 कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था, जिस दिन पीकेएल के 11वें संस्करण की शुरुआत भी हुई थी। सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स, एक अभूतपूर्व पहल है, जो खेल व्यवसाय क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को मान्यता देता है। इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी श्रेणी में प्रो कबड्डी लीग की जीत भारतीय खेल परिदृश्य पर इसके प्रभाव और एक खेल के रूप में कबड्डी के विकास में इसके योगदान को रेखांकित करती है।

प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम




गोस्वामी ने पुरस्कार मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हम सीआईआई से यह मान्यता प्राप्त करके रोमांचित हैं। यह पुरस्कार 2014 में अपनी शुरुआत से ही प्रो कबड्डी लीग को एक शानदार सफलता बनाने में शामिल सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, हम पीकेएल को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने, कबड्डी को और अधिक लोकप्रिय बनाने और भारत के वैश्विक खेल महाशक्ति बनने के सपने में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।प्रो कबड्डी लीग की निदेशक चारू शर्मा ने कहा, भारत का अनूठा विरासत वाला खेल - जो कई दशक पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया था - 10 साल पहले पीकेएल की बदौलत एक बेहद लोकप्रिय, प्रतिष्ठित, पेशेवर लीग बन गया है। कबड्डी की कहानी वाकई दिलचस्प है। मुझे खुशी है कि भारत की प्रमुख कॉर्पोरेट एजेंसी, सीआईआई ने मशाल स्पोर्ट्स द्वारा सुशासन पर दिए गए अत्यधिक ध्यान की सराहना की है, जिससे पीकेएल को सम्मान और स्थिरता मिली है। स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स में बेस्ट स्पोर्ट्स लीग ऑफ द ईयर के लिए सीआईआई का पुरस्कार जीतना, अनुपम गोस्वामी के नेतृत्व में पूरी मशाल स्पोर्ट्स टीम द्वारा की गई कड़ी मेहनत का वास्तव में संतुष्टिदायक सम्मान है।

# यूपी योद्धाज ने गुजरात जाएंट्स को 35-29 के अंतर से हराया

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** अंतिम मिनट में भरत हुड्डा (13 अंक, 2 सुपर रेड) के सुपर रेड ने गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 20वें मैच में यूपी योद्धाज को गुजरात जाएंट्स पर शानदार जीत दिला दी। यूपी ने अपने चौथे मैच में गुजरात को 35-29 से हराया। यह इस सीजन में तीन मैचों में गुजरात की दूसरी हार है। यूपी के लिए भवानी राजपूत (9) ने भरत का अच्छा साथ दिया। गुजरात के लिए सुपरसब हिमांशु ने सबसे अधिक 9 अंक जुटाए जबकि एचएस राकेश के नाम आठ अंक रहे। दोनों टीमों ने सावधान शुरुआत की। हालांकि चार मिनट के खेल के बाद गुजरात ने 6-4 की लीड ले ली थी। राकेश को लपक यूपी के डिफेंस ने पहला अंक हासिल किया और स्कोर 5-6 कर दिया। और फिर यूपी ने सातवें मिनट तक 6-6 की बराबरी कर ली। फिर भवानी ने डू ओर डाई रेड पर गुमान को लपक यूपी को आगे कर दिया। अब डू ओर डाई रेड की बारी परतीक की थी। वह लपके गए और इस तरह यूपी ने दो अंक की लीड ले ली। गुजरात के लिए सुपर टैकल आन था। जीतेंदर ने सुरेंदर गिल को लपक स्कोर 8-8 कर दिया। भरत ने अगली रेड पर दो अंक लेकर यूपी को फिर से दो अंक से आगे कर दिया। ब्रेक के बाद गुजरात को दो बोनस मिला। इसके बाद सुपर टैकल की स्थिति में भरत रेड पर आए और ब्लाक कर लिए गए। गुजरात को दो अंक मिले और एक रिवाइवल भी हुआ।

# दीपावली के आने की पूर्व सूचना देता है धन तेरस



हमारे देश में सर्वाधिक धूमधाम से मनाए जाने वाले त्योहार दीपावली का प्रारंभ धनतेरस से हो जाता है। इसी दिन से घरों की लिपाई–पुताई प्रारम्भ कर देते हैं। दीपावली के लिए विविध वस्तुओं की ख़रीद आज की जाती है। इस दिन से कोई किसी को अपनी वस्तु उधार नहीं देता। इसके उपलक्ष्य में बाजारों से नए बर्तन, वस्त्र, दीपावली पूजन हेतु लक्ष्मी–गणेश, खिलौने, खील–बताशे तथा सोने–चांदी के जेवर आदि भी खरीदे जाते हैं।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में इस बारे में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी आज ही से प्रारम्भ हो जाती है। इस दिन घरों को स्वच्छ कर, लीप–पोतकर, चौक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन ख़रीदना शुभ माना गया है। इस दिन चांदी के बर्तन ख़रीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन हल जुती मिट्टी को दूध में भिगोकर उसमें सेमर की शाखा डालकर लगातार तीन बार अपने शरीर पर फेरना तथा कुंकुम लगाना चाहिए। कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए। तुला राशि के सूर्य में चतुर्दशी व अमावस्या की सन्ध्या को जलती लकड़ी की मशाल से पितरों का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

आज ही के दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता धन्वन्तरि वैद्य समुद्र से अमृत कलश लेकर प्रगट हुए थे, इसलिए धनतेरस को धन्वन्तरि जयन्ती भी कहते हैं। इसीलिए वैद्य-हकीम और ब्राह्मण समाज आज धन्वन्तरि भगवान का पूजन कर धन्वन्तरि जयन्ती मनाता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि धनतेरस आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने घरों में नए बर्तन ख़रीदते हैं और उनमें पकवान रखकर भगवान धन्वंतरि को अर्पित करते हैं। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि असली धन तो स्वास्थ्य है। धन्वंतरि ईसा से लगभग दस हज़ार वर्ष पूर्व हुए थे। वह काशी के राजा महाराज धन्व के पुत्र थे। उन्होंने शल्य शास्त्र पर महत्त्वपूर्ण गवेषणाएं की थीं। उनके प्रपौत्र दिवोदास ने उन्हें परिमार्जित कर सुश्रुत आदि शिष्यों को उपदेश दिए इस तरह सुश्रुत संहिता किसी एक का नहीं, बल्कि धन्वंतरि, दिवोदास और सुश्रुत तीनों के वैज्ञानिक जीवन का मूर्त रूप है। धन्वंतरि के जीवन का सबसे बड़ा वैज्ञानिक प्रयोग अमृत का है। उनके जीवन के साथ अमृत का कलश जुड़ा है। वह भी सोने का कलश। अमृत निर्माण करने का प्रयोग धन्वंतरि ने स्वर्ण पात्र में ही बताया था। उन्होंने कहा कि जरा मृत्यु के विनाश के लिए ब्रह्मा आदि देवताओं ने सोम नामक अमृत का आविष्कार किया था।

सुश्रुत उनके रासायनिक प्रयोग के उल्लेख हैं। धन्वंतरि के संप्रदाय में सौ प्रकार की मृत्यु है। उनमें एक ही काल मृत्यु है, शेष अकाल मृत्यु रोकने के प्रयास ही निदान और चिकित्सा हैं। आयु के न्यूनाधिक्य की एक-एक माप धन्वंतरि ने बताई है। पुरुष अथवा स्त्री को अपने हाथ के नाप से 120 उंगली लंबा होना चाहिए, जबकि छाती और कमर अठारह उंगली। शरीर के एक-एक अवयव की स्वस्थ और अस्वस्थ माप धन्वंतरि ने बताई है। उन्होंने चिकित्सा के अलावा फसलों का भी गहन अध्ययन किया है। पशु-पक्षियों के स्वभाव, उनके मांस के गुण-अवगुण और उनके भेद भी उन्हें ज्ञात थे। मानव की भोज्य सामग्री का जितना वैज्ञानिक व सांगोपांग विवेचन धन्वंतरि और सुश्रुत ने किया है, वह आज के युग में भी प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है।

# बारह वर्ष किसान के घर रहीं थीं लक्ष्मी

## धनतेरस की कथा

एक समय भगवान विष्णु मृत्युलोक में विचरण करने के लिए आ रहे थे, लक्ष्मी जी ने भी साथ चलने का आग्रह किया। विष्णु जी बोले- यदि मैं जो बात कहूं, वैसे ही मानो, तो चलो। लक्ष्मी जी ने स्वीकार किया और भगवान विष्णु, लक्ष्मी जी सहित भूमण्डल पर आए। कुछ देर बाद एक स्थान पर भगवान विष्णु लक्ष्मी से बोले- जब तक मैं न आऊं, तुम यहाँ ठहरो। मैं दक्षिण दिशा की ओर जा रहा हूं, तुम उधर मत देखना। विष्णुजी के जाने पर लक्ष्मी को कौतुक उत्पन्न हुआ कि आखिर दक्षिण दिशा में क्या है जो मुझे मना किया गया है और भगवान स्वयं दक्षिण में क्यों गए, कोई रहस्य ज़रूर है। लक्ष्मी जी से रहा न गया, ज्योंही भगवान ने राह पकड़ी, त्योंही लक्ष्मी भी पीछे-पीछे चल पड़ीं। कुछ ही दूर पर सरसों का खेत दिखाई दिया। वह खूब फूला था। वे उधर ही चलीं। सरसों की शोभा से वे मुग्ध हो गईं और उसके फूल तोड़कर अपना शृंगार किया और आगे चलीं। आगे गन्ने (ईख) का खेत खड़ा था। लक्ष्मी जी ने चार गन्ने लिए और रस चूसने लगीं। उसी क्षण विष्णु जी आए और यह देख लक्ष्मी जी पर नाराज़ होकर शाप दिया- मैंने तुम्हें इधर आने को मना किया था, पर तुम न मानीं और यह किसान की चोरी का अपराध कर बैठीं। अब तुम उस किसान की 12 वर्ष तक इस अपराध की सजा के रूप में सेवा करो। ऐसा कहकर भगवान उन्हें छोड़कर क्षीरसागर चले गए। लक्ष्मी किसान के घर रहने लगीं।

वह किसान अति दरिद्र था। लक्ष्मीजी ने किसान की पत्नी से कहा- तुम स्नान कर पहले इस मेरी बनाई देवी लक्ष्मी का पूजन करो, फिर रसोई बनाना, तुम जो मांगोगी मिलेगा। किसान की पत्नी ने लक्ष्मी के आदेशानुसार ही किया। पूजा के प्रभाव और लक्ष्मी की कृपा से किसान का घर दूसरे ही दिन से अन्न, धन, रत्न, स्वर्ण आदि से भर गया और लक्ष्मी से जगमग होने लगा। लक्ष्मी ने किसान को धन-धान्य से पूर्ण कर दिया। किसान के 12 वर्ष बड़े आनन्द से कट गए। तत्पश्चात 12 वर्ष के बाद लक्ष्मीजी जाने के लिए तैयार हुईं। विष्णुजी, लक्ष्मीजी को लेने आए तो किसान ने उन्हें भेजने से इंकार कर दिया। लक्ष्मी भी बिना किसान की मर्जी वहाँ से जाने को तैयार न थीं। तब विष्णुजी ने एक चतुराई की। विष्णुजी जिस दिन लक्ष्मी को लेने आए थे, उस दिन वारुणी पर्व था। अतः किसान को वारुणी पर्व का महत्व समझाते हुए भगवान ने कहा- तुम परिवार सहित गंगा में जाकर स्नान करो और इन कौड़ियों को भी जल में छोड़ देना। जब तक तुम नहीं लौटोगे, तब तक मैं लक्ष्मी को नहीं ले जाऊंगा। लक्ष्मीजी ने किसान को चार कौड़ियां गंगा के देने को दी। किसान ने वैसा ही किया। वह सपरिवार गंगा स्नान करने के लिए चला। जैसे ही उसने गंगा में कौड़ियां डालीं, वैसे ही चार हाथ गंगा में से निकले और वे कौड़ियां ले लीं। तब किसान को आश्चर्य हुआ कि वह तो कोई देवी है। तब किसान ने गंगाजी से पूछा- माता! ये चार भुजाएं किसकी हैं? गंगाजी बोलीं- हे किसान! वे चारों हाथ मेरे ही थे। तूने जो कौड़ियां भेंट दी हैं, वे किसकी दी हुई हैं? किसान ने कहा- मेरे घर जो स्त्री आई है, उन्होंने ही दी हैं।

इस पर गंगाजी बोलीं- तुम्हारे घर जो स्त्री आई है वह साक्षात लक्ष्मी हैं और पुरुष विष्णु भगवान हैं। तुम लक्ष्मी को जाने मत देना, नहीं तो पुनः निर्धन हो जाओगे। यह सुन किसान घर लौट आया। वहां लक्ष्मी और विष्णु भगवान जाने को तैयार बैठे थे। किसान ने लक्ष्मीजी का आंचल पकड़ा और बोला- मैं तुम्हें जाने नहीं दूंगा। तब भगवान ने किसान से कहा- इन्हें कौन जाने देता है, परन्तु ये तो चंचला हैं, कहीं ठहरती ही नहीं, इनको बड़े-बड़े नहीं रोक सके। इनको मेरा शाप था, जो कि 12 वर्ष से तुम्हारी सेवा कर रही थीं। तुम्हारी 12 वर्ष सेवा का समय पूरा हो चुका है। किसान हठपूर्वक बोला- नहीं अब मैं लक्ष्मीजी को नहीं जाने दूंगा। तुम कोई दूसरी स्त्री यहाँ से ले जाओ। तब लक्ष्मीजी ने कहा- हे किसान! तुम मुझे रोकना चाहते हो तो जो मैं कहूं जैसा करो। कल तेरस है, मैं तुम्हारे लिए धनतेरस मनाऊंगी। तुम कल घर को लीप-पोतकर स्वच्छ करना। रात्रि में घी का दीपक जलाकर रखना और सायंकाल मेरा पूजन करना और एक तांबे के कलश में रुपया भरकर मेरे निमित्त रखना, मैं उस कलश में निवास करूंगी। किंतु पूजा के समय मैं तुम्हें दिखाई नहीं दूंगी। मैं इस दिन की पूजा करने से वर्ष भर तुम्हारे घर से नहीं जाऊंगी। मुझे रखना है तो इसी तरह प्रतिवर्ष मेरी पूजा करना। यह कहकर वे दीपकों के प्रकाश के साथ दसों दिशाओं में फैल गईं और भगवान देखते ही रह गए। अगले दिन किसान ने लक्ष्मीजी के कथानुसार पूजन किया। उसका घर धन-धान्य से पूर्ण हो गया। इसी भांति वह हर वर्ष तेरस के दिन लक्ष्मीजी की पूजा करने लगा।



## धनतेरस : ऐसे करें पूजा

कुबेर पूजन से प्राप्त होगी अक्षय लक्ष्मी-एक पूजा सुपारी को इत्र में डुबो कर लाल कुमकुम से बने स्वस्तिक पर स्थापित करें। धूप, दीप, आरती इत्यादि से पूजन करें। भोग लगा कर इस मंत्र से कमल के फूल या किसी भी सुगन्धित पुष्प अर्पित करें- 'ऊं यक्षाय कुबेराय वैश्रणवाय धनधान्यादि पतये धनधान्य समृद्धि में देहि देहि दापय दापय स्वाहा।' दीपवली के दिन पुनः इसी कुबेर का पूजन लक्ष्मी पूजा के पश्चात करें। अक्षय लक्ष्मी की प्राप्ति होगी।

**धन्वंतरि पूजा :** धनतेरस के दिन धन्वंतरि की भी पूजा होती है। इस दिन प्रातःकाल धन्वंतरि के पूजन के पूर्व यदि विष्णु सहस्रनाम का पठन या श्रवण किया जाये तो स्वास्थ्य लाभ होगा। आम की लकड़ी के पाटे पर हल्दी से स्वस्तिक बनायें। स्वस्तिक के मध्य एक बड़ी पूजा सुपारी को गुलाब जल से स्वच्छ कर भगवान धन्वंतरि के रूप में स्थापित कर पूजन करें।

**यम दीपदान :** धनतेरस को सायंकाल प्रदोषकाल में यम दीपदान करना चाहिए। चारों दिशाओं की ओर मुख की हुई चार रूई की बत्तियां रख कर दिये को तिल के तेल से भर दें। दक्षिण दिशा की ओर देखते हुए निम्नलिखित मन्त्र का उच्चारण करते हुए चार मुंह के दीपक को लाई की ढेरी के ऊपर रख दें।

*मृत्युना पाश दण्डाभ्यां कालेन च मया सह।*
*त्रयोदश्यां दीप दानात् सूर्यजः प्रीयता मिति॥*



# पंचदिवसात्मक पर्व है दीपावली

**प्रथम दिवस :** प्रथम दिन अर्थात् कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को धनत्रयोदशी अथवा धनतेरस भी कहा जाता है। यह पर्व धन्वन्तरि जयंती के रूप में और धनतेरस के रूप में मनाया जाता है। समुद्र मंथन के समय हाथों में अमृत का कलश लिए धन्वन्तरि की उत्पत्ति इसी दिन हुई थी। यह पर्व वैद्यों के लिए महत्व का है, क्योंकि धन्वन्तरि देव आयुर्वेद के जनक माने जाते हैं। धनवन्तरि जयंती सूर्योदय कार्तिक त्रयोदशी को मनाई जाती है। धनतेरस के रूप में इन दिन धनाध्यक्ष कुबेर की पूजा होती है। इस दिन धातु के बर्तन खरीदना समृद्धिदायक माना जाता है। यह पर्व घर में सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इसलिए इस दिन किसी भी व्यक्ति को धन उधार नहीं देना चाहिए और धन का अपव्यय भी नहीं करना चाहिए। सायंकाल मुख्यद्वार के दोनों ओर दीपदान करना चाहिए। यह दीपदान इस पर्व के पांचों दिन किया जाता है। इनमें दीपदान करने से यमराज प्रसन्न होते हैं और अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है।

**द्वितीय दिवस :** द्वितीय दिन कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी भी कहा जाता है इस तिथि को रूपचतुर्दशी भी कहते हैं। इस दिन सूर्योदय से पहले उबटन लगाकर स्नान किया जाता है। स्नान से पहले तिल्ली के तेल से शरीर की मालिश करनी चाहिए, क्योंकि इस दिन तेल में लक्ष्मी का और जल में गंगा का निवास माना जाता है। स्नान के पश्चात यमतर्पण किया जाता है। इस दिन हनुमान जयंती का पर्व मनाया जाता है। दोपहर के समय हनुमान जी की पूजा-उपासना की जाती है और उन्हें नैवैद्य अर्पित किया जा है। भगवान श्रीकृष्ण ने इसी दिन नरकासुर को मारकर उसके आतंक से निजात दिलवाई थी। इसलिए यह दिन नरकचतुर्दशी के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन को छोटी दीपावली के रूप में भी मनाते हैं। दीपावली के समान ही इस दिन दीपदान किया जाता है। राजा बलि के राज में दीपमाला प्रज्ज्वलित की जाती है। इसी दिन से राजा बलि का राज प्रारंभ होता है।

**तृतीय दिवस :** अर्थात कार्तिक अमावस्या दीपावली पर्व के रूप में मनाई जाती है। कमला जयंती होने के कारण इस दिन माँ लक्ष्मी की पूजा-उपासना की जाती है। इस त्योहार को मनाए जाने के कई कारण है। भगवान श्रीराम इसी दिन 14 वर्ष का वनवास भोगकर अपने राज्य में लौटे थे। इसलिए इस दिन दीप जलाकर यह खुशी मनाई जाती है। इस दिन माँ लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। दीपावली की रात्रि को महानिशा की संज्ञा दी गई है। रात्रिकाल में जागरण करके माँ लक्ष्मी का स्वागत करने के लिए सभी लोग तत्पर रहते हैं। लक्ष्मी पूजन के अतिरिक्त इस दिन व्यापारी अपने व्यापारिक स्थल की पूजा, तुला पूजन, बहीखाते का पूजन, लेखनी का पूजन, दवात का पूजन और कुबेर का पूजन किया जाता है। लक्ष्मी पूजन के अतिरिक्त भगवान गणेश, महाकाली, माँ सरस्वती का पूजन भी करते हैं। ये सभी पूजन प्रदोषकाल एवं स्थिर लग्न में श्रेष्ठ होते हैं। इस दिन घर में दीपमालिकाएं लगाई जाती हैं। प्रकाश के लिए विभिन्न सजावटी वस्तुएं सजाई जाती हैं।

**चतुर्थ दिवस :** इस त्यौहार का चौथा दिन अर्थात् कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा, गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के रूप में मनाया जाता है। कृष्ण भगवान के अवतार से पहले इस दिन इंद्र की पूजा की जाती थी, परन्तु भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन की पूजा आरंभ करवाई। इस दिन गोबर से घर के आंगन में गोवर्धन पर्वत की रचना कर उसका पूजन किया जाता है और उसे नैवेद्य का भोग लगाया जाता है। मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन होता है और प्रसादी का वितरण होता है। गोवर्धन को गौ दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गायों की सेवा करने का विशेष महत्व है।

**पंचम दिवस :** पांचवा दिन अर्थात कार्तिक शुक्ल द्वितीया भाईदूज और यमद्वितीया के रूप में मनाई जाती है। इस दिन भाई अपनी बहन के घर जाकर भोजन करते हैं तथथ भाई अपनी बहिन को श्रद्धानुसार भेंट प्रदान करते हैं। यम की बहन यमी के द्वारा इस दिन यम को बुलाकर भोजन करवाया गया था। यमी ने अपने भाई का अनेक प्रकार से सत्कार किया था और भोजन के पश्चात टीका भी किया। यम ने भी प्रसन्न होकर अपनी बहन को अनेक प्रकार की भेंट प्रदान की और व मांगने को कहा। यमी ने अपने भाई यम से वर मांगा कि जो बहन इस दिन अपने भाई को भोजन करवाये तथा टीका करे, उनकी रक्षा होनी चाहिए। इसलिए इस त्यौहार को यमद्वितीया कहा जाता है। इस दिन चित्रगुप्त जी का पूजन और विश्वकर्मा जी की पूजाजा एवं उपासना भी की जाती है।